# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार 9 जून 2025







प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



रूरल इंडस्ट्रियल पार्क कोरिया में कई निर्माण आज भी अधूरे और सेंटर बंद

वालकिंस गंगा
USFDA स्वीकृत अत्याधुनिक उपचार
डबल चिन रिडक्शन
परामर्श सिर्फ 199/-
डॉ. सुकृति अरोरा
एम.डी. गोल्ड मेडलिस्ट
शंकर नगर, रायपुर
9238709001

रिपा... पार्ट-2

# बेकरी, मसाला उद्योग, ऐश ब्रिक्स यूनिट में लटक गए ताले, जहां उत्पादन, वहां उत्पाद बिका ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

स्थानीय समूहों को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का उद्देश्य लेकर पिछली सरकार द्वारा प्रारंभ की गई रिपा योजना आज गुमनामी की कगार पर है। दो-दो करोड़ रुपए की लागत से प्रारंभ किए गए प्रत्येक रिपा सेंटरों में लाखों रुपए की मशीनें जंग खा ▶▶ शेष पेज 5 पर

हरिभूमि लगातार




### कोरिया में कई निर्माण ही अब तक अधूरे

कोरिया व एमसीबी जिले में बैकुंठपुर से लगे गांव आनी, पिपरिया व मझगांव में रिपा सेंटरों की स्थापना की गई थी। यहां स्थापित सभी इकाईयां बंद हैं। इसके अलावा यहां कई अन्य निर्माण कार्य भी स्वीकृत किए गए थे, जो सरकार बदलते ही आज तक पूर्ण ही नहीं हो पाए।



### जांजगीर-चांपा में चोरी चली गईं मशीनें

### कोरबा में उत्पादों की बिक्री ही नहीं हुई

### प्रशासन से नहीं मिला सहयोग?

नगोई रिपा केंद्र में समूह की महिलाओं ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जब यहां रिपा की स्थापना की गई थी, तब सभी उद्योगों के लिए न केवल कच्चा माल उपलब्ध कराने, बल्कि सामग्रियों के उत्पादन के बाद सामानों की मार्केट में बिक्री की जिम्मेंदारी प्रशासन द्वारा लेने की बात कही गई थी। इन सबकी जिम्मेंदारी रिपा सेंटरों के संबंधित जनपदों को सौंपी गई थी। इसके विपरीत सरकार बदलते ही सेंटरों में न तो कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई और न ही उत्पादों की बिक्री की व्यवस्था की गई। परिणामस्वरूप सेंटर बंद हो गए।




### बेहतर मार्केट नहीं मिल रहा

जिले में कोई भी रिपा सेंटर बंद नहीं है। जैसे गोबर पेंट को बेहतर मार्केट नहीं मिल पाने के कारण यह बंद है। इसी तरह स्थानीय कारणों से कुछ अन्य यूनिट भी बंद हैं। कई सेंटरों में अनेक यूनिट आज भी बहुत अच्छे से संचालित हैं।
संदीप कुमार अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत

---

## मणिपुर में अरामबाई तेंगगोल नेता की गिरफ्तारी के बाद हिंसा भड़की

# फिर सुलग उठा मणिपुर, प्रदर्शनकारियों ने की आत्मदाह की कोशिश, हिंसक झड़प

*मणिपुर में एक बार फिर से हिंसा भड़क उठी है। शनिवार को कई जिलों में हिंसा हुई, जिसके बाद बिष्णुपुर जिले में कर्फ्यू लगाया गया और पांच जिलों में इंटरनेट पर पाबंदी लगाई गई। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर आगजनी की, बसों को आग लगाया और जमकर तोड़फोड़ की। इसके बाद हिंसक झड़पें शुरू हो गईं। इस बीच, प्रदर्शनकारियों ने खुद पर पेट्रोल डालकर प्रशासन को आत्मदाह की कोशिश की।*

- 2 साल से हिंसा जारी
- हजारों घर स्वाहा
- 60 हजार लोग राहत शिविर में

**इंफाल वेस्ट के पांच जिलों में इंटरनेट सेवाएं सस्पेंड, बिष्णुपुर में कर्फ्यू**






एजेंसी ▶▶ इंफाल/नई दिल्ली

मैतेई संगठन के अरामबाई तेंगगोल समूह के सदस्यों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद हिंसा भड़की। सीबीआई ने मणिपुर में 2023 में हुई हिंसा से संबंधित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए रविवार को मेइती संगठन अरामबाई तेंगगोल (एटी) के सदस्य को गिरफ्तार किया है। कानन सिंह को सीबीआई ने इंफाल हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि उसे तुरंत गुवाहाटी ले जाया गया, जहां उसे पुलिस रिमांड के लिए अदालत में पेश किया जाएगा। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, "सिंह की गिरफ्तारी से संबंधित जानकारी उसके परिवार के सदस्यों को दे दी गई है। सीबीआई उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार मणिपुर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पांच जिलों में इंटरनेट बैन

इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, थौबल, बिष्णुपुर, ककचिंग जिले में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं को 5 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। यह आदेश शनिवार रात को मैतेई संगठन के आउटफिट अरम्बाई टेंगोल नेता की गिरफ्तारी के बाद इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों में व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद जारी किया गया।

### अब तक 260 की मौत

बता दें कि मैतेई और कुकी समुदायों के बीच 2023 से अब तक हुई हिंसा में 260 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हजारों लोग अपने घर छोड़कर कहीं और जाने के लिए मजबूर हुए। हालात में सुधार ना होने के कारण केंद्र की मोदी सरकार ने फरवरी 2025 में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया था।

### इधर, कांग्रेस ने पीएम को घेरा

*कांग्रेस ने मणिपुर के कुछ हिस्सों में हिंसा की घटनाएं फिर से सामने आने के बीच रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राज्य के लोगों की पीड़ा के प्रति 'असंवेदनशील' होने का आरोप लगाया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मणिपुर के लोगों का दर्द, पीड़ा और लाचारी अब भी थमने का नाम नहीं ले रही है, क्योंकि पिछले 24 घंटे में राज्य के पांच जिले इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्वी, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर फिर से हिंसा की चपेट में आ चुके हैं।*

### प्रशासन ने जारी किया आदेश

*अशांत पूर्वोत्तर राज्य में विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर इंफाल पश्चिम के जिलाधिकारी द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है, इंफाल पश्चिम के पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था के गंभीर उल्लंघन, सार्वजनिक शांति बिगड़ने, दंगे या झगड़े होने और* ▶▶ शेष पेज 5 पर

---

**साय बोले- 'चिंतन शिविर' शासन को नई दिशा और ऊर्जा देते हैं, यह नीति-निर्माण का सशक्त मंच**

# आईआईएम में पूरी सरकार, मंत्रियों ने सीखा सुशासन, वित्तीय प्रबंधन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, 'चिंतन शिविर 2.0' जैसे प्रशिक्षण सत्र शासन को नया दृष्टिकोण और नीति निर्माण प्रक्रिया को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। इस तरह के आयोजनों से मंत्रियों को सुशासन और परिवर्तनकारी नेतृत्व के महत्वपूर्ण गुर सीखने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा, चिंतन शिविर जैसे आयोजन शासन को नई दिशा और ऊर्जा देते हैं। उन्होंने विशेषज्ञ वक्ताओं के विचारों को अत्यंत प्रेरणादायक और नीति-निर्माण के लिए उपयोगी बताया। आईआईएम रायपुर में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर के प्रथम सत्र में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य के सभी मंत्री शामिल हुए। इस सत्र में 'परिवर्तनकारी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आईआईएम परिसर में सुशासन वाटिका का शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यहां भारतीय प्रबंध संस्थान में चिंतन शिविर 2.0 के पहले दिन की शाम को आईआईएम परिसर में सुशासन वाटिका का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ सुशासन वाटिका में मौलश्री के पौधे का रोपण किया।

### विकास के लिए पूंजीगत व्यय बढ़ाना आवश्यक

आईआईएम रायपुर में चिंतन शिविर 2.0 के पोस्ट लंच सत्र में आईआईएम अहमदाबाद के प्रोफेसर डॉ. रविंद्र ढोलकिया ने 'सब्सिडी से सततता : विकास के लिए सार्वजनिक वित्त पर पुनर्विचार' विषय पर प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने वित्तीय प्रबंधन, संसाधनों के बेहतर उपयोग, संसाधन जुटाने के लिए आवश्यक कदम, रेवेन्यू कलेक्शन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा, अच्छी विकास दर हासिल करने के लिए पूंजीगत व्यय बढ़ाना आवश्यक है।

### समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण को सुशासन की प्राथमिकता

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने 'संस्कृति, सुशासन और राष्ट्र निर्माण' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा, भारत की एकता केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भी है। राष्ट्र निर्माण केवल नीतियों या संसाधनों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों से संभव है। उन्होंने अंत्योदय के महत्व पर बल देते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण को सुशासन की प्राथमिकता बताया।

---

## खबर संक्षेप

### अल्कारेज ने जीता फ्रेंच ओपन खिताब



**पेरिस।** दूसरे वरीय और गत विजेता कार्लोस अल्कारेज ने दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के अल्कारेज ने तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए शीर्ष वरीय सिनर को पांच घंटे 29 मिनट में 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से हराकर इटली के खिलाड़ी के ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में लगातार 20 जीत के अभियान पर विराम लगाया।


### छह किलो हेरोइन जब्त दो तस्कर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छह किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए छह किलोग्राम हेरोइन बरामद की। दो प्रमुख मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल पर हेरोइन की खेप ले जा रहे गुरदित्ता उर्फ कालू और कैप्टन को भकना गांव के निकट रोका।

---

**बड़े और मध्यम बांधों की स्थिति खराब, अब बारिश का इंतजार**

# मोंगरा, मुरुमसिल्ली समेत पांच बांध सूखे, कुछ में एक तिहाई से कम पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


छत्तीसगढ़ में भले ही मानसून का समय पूर्व प्रवेश हो गया, लेकिन स्थानीय सिस्टम मजबूत नहीं होने के कारण बारिश थम गई है। वहीं प्रदेश के बांधों का जलस्तर लगातार कम होता जा रहा है। मार्च महीने से बांधों से निस्तारी के लिए पानी छोड़े जाने के कारण अब प्रदेश के बांधों में 24 प्रतिशत जलभराव है। वहीं पांच बांध पूरी तरह खाली हो गए हैं। इनमें मुरुमसिल्ली, मोंगरा बैराज, किनकारी नाला, पेंड्रावन, धारा जलाशय सूख गए हैं। बताया जाता है कि इन बांधों के खाली होने का मुख्य कारण कम बारिश और पानी की अधिक निकासी है।

छत्तीसगढ़ में 17 मार्च से ही सरकार के निर्णय के बाद निस्तारी के लिए पानी बांधों से छोड़े जाने का क्रम शुरू हुआ। उस समय बांधों में 55 ▶▶ शेष पेज 5 पर

हरिभूमि सरोकार

### चारागाह के रूप में रह गया है माड़मसिल्ली बांध

*धमतरी। महानदी परियोजना का माड़मसिल्ली बांध इन दिनों चारागाह के रूप में बदल गया है। बांध के डेड स्टोरेज में आ जाने के बाद यहां मवेशी मजे से घास चर रहे हैं। जलभराव क्षेत्र के गड्ढों में कुछ पानी जमा है जो ग्रास केपीसिटी का 0.121 टीएमसी पानी है। फिलहाल माड़मसिल्ली बांध को मानसून का बेसब्री से इंतजार है। गंगरेल बांध में उपयोगी पानी 8.423 टीएमसी है। यह बांध की क्षमता का 31.10 प्रतिशत है। दुधावा बांध में 1.936 टीएमसी उपयोगी पानी है। यह बांध की क्षमता का 19.30 प्रतिशत तथा सोंदूर बांध में 1.157 टीएमसी उपयोगी जलभराव है। सोंदूर में 18.21 फीसदी जल जमा है।*



### 20 साल में पहली बार सूखा मोंगरा

छत्तीसगढ़ में मोंगरा बैराज शिवनाथ नदी पर बना है, लगभग 20 वर्षों में पहली बार सूखने की कगार पर है। अविभाजित राजनांदगांव जिले और नवीन जिले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी का यह सबसे बड़ा बैराज है। इसकी क्षमता 40 मिलियन क्यूबिक मीटर है। मई महीने में यह पूरी तरह से सूख चुका है। मोंगरा बैराज के सूखने से स्थानीय लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है और किसानों को भी सिंचाई के लिए पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

---

**दर्जन भर नक्सली पहुंचे**

# हिड़मा के गांव पूवर्ती के पूर्व सरपंच को नक्सलियों ने उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सुकमा जिले के ग्राम पूवर्ती जो नक्सलियों के मिलिट्री हेड खूंखार नक्सली माड़वी हिड़मा का गृहग्राम है, यहां के पूर्व सरपंच की धारदार हथियार से हमला कर नृशंस हत्या कर दी गई। मौके पर नक्सलियों की पामेड़ एरिया कमेटी ने पर्चा फेंक कर पूर्व सरपंच पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसे पुलिस का मुखबिर बताया है। जानकारी के मुताबिक 10 से 15 की संख्या में पूर्व सरपंच व ग्राम पटेल बोड़के रामा के घर पहुंचे नक्सलियों ने उसे पुलिस का ▶▶ शेष पेज 5 पर



### पूर्व सरपंच की हत्या से ग्रामीणों में दहशत

बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने पूर्व सरपंच बोड़के रामा जो ग्राम का पटेल भी था हत्या कर दी गई। इस हत्या से पूवर्ती समेत आसपास के गांव में दहशत व्याप्त है। नक्सलियों ने जिस तरह से हत्याकांड को अंजाम दिया, इसे देखते हुए ग्रामीण सकते में हैं। हाल ही में पूवर्ती तब सुर्खियों में आया था जब फोर्स ने यहां कैम्प खोला था और ग्रामीणों के लिए कई विकासमूलक कार्य शुरू किया गया था। हाल ही में यहां हेल्थ कैम्प, ▶▶ शेष पेज 5 पर

---

## क्रिकेटर रिंकू-सांसद प्रिया की सगाई



**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी रिंकू सिंह और उत्तर प्रदेश की मछली शहर सीट से समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज की रविवार को लखनऊ में सगाई हुई। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के एक होटल में आयोजित भव्य सगाई समारोह में क्रिकेट, राजनीति और सिनेमा जगत की कई हस्तियां शामिल हुईं। क्रीम कलर की शेरवानी पहने रिंकू सिंह और हल्के गुलाबी रंग के लहंगे में सजी प्रिया कार्यक्रम में मौजूद लोगों की मुबारकबाद और अभिवादन स्वीकार करते हुए मंच पर पहुंचे और उन्होंने एक-दूसरे को अंगूठी पहनाई। इस दौरान प्रिया खासी भावुक नजर आईं।

---

**मृतक के पास से आधार कार्ड और एक आनंद टिफिन सेंटर का आईकार्ड मिला**

# यू-ट्यूब पर पिक्चर अपलोड कर ट्रेन से कट गया युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

शादी के बाद चार माह साथ रहने के बाद पत्नी अपने मायके चली गई, तो युवक पत्नी के मायके जाने से दुखी रहने लगा। दो दिन पहले युवक ने यू ट्यूब पर एक पिक्चर अपलोड करते हुए ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया और दाधापारा रेलवे स्टेशन पहुंचकर लाइन पर आ रही मालगाड़ी के सामने खड़ा हो गया। मालगाड़ी की टक्कर से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव हास्पिटल भेजकर मर्ग कायम करते हुए जांच शुरु कर दी है। जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम दाधापारा रेलवे स्टेशन मास्टर से सूचना मिली कि एक युवक ने मालगाड़ी के सामने आकर खुदकुशी कर ली है। शाम होने के कारण जीआरपी के स्टाफ रविवार की सुबह दाधापारा रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां लाइन के किनारे युवक की क्षत विक्षिप्त हालत में लाश पड़ी हुई थी। मौके पर जांच के दौरान जीआरपी को मृतक के पास से आधार कार्ड और एक आनंद टिफिन सेंटर का आईकार्ड मिला। आधार कार्ड के अनुसार मृतक की पहचान चिंगराजपारा शिव मंदिर के पास निवासी आनंद देवांगन पिता गणेश देवांगन 30 साल की हुई। मृतक को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए हास्पिटल भेजने के उपरांत जीआरपी को जानकारी मिली कि उसने खुदकुशी की है और खुदकुशी करने से पहले यू ट्यूब में एक वीडियो अपलोड किया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर



### नहीं मिली कोई मदद

शादी के दो माह बाद से ही वह अपने ढंग से रहती थी, जिस पर किसी तरह का कोई रोक-टोक नहीं किया जाता था। उसने कई लोगों से मदद मांगी, लेकिन किसी ने भी उसका साथ नहीं दिया। पत्नी के जाने के बाद वह काफी हताश हो गया, जिसके लिए उसने अपने ससुराल वालों को दोषी ठहराया। फिलहाल जीआरपी ने मर्ग कायम करने के बाद विवेचना शुरु कर दी है।

### बाद में मिली जानकारी

*शनिवार की शाम दाधापारा रेलवे स्टेशन के पास लाइन पर आ रही मालगाड़ी के सामने युवक खड़ा हो गया, जिसकी टक्कर से युवक की मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर रविवार को मौके पर पहुंचकर मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम किया गया। इसके बाद ही मृतक के यू ट्यूब पर पिक्चर अपलोड करने की जानकारी मिली। अभी मर्ग कायम किया गया है, इसके आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

*-डीके श्रीवास्तव, प्रभारी, जीआरपी*

सुबह 8:22 बजे होगी लान्चिंग

# शुभांशु रचेंगे इतिहास, 10 को भरेंगे उड़ान, 11 को वेलकम टू स्पेस स्टेशन


*भारत के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला कल यानि 10 जून को इतिहास रचने जा रहे हैं। नासा और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की साझेदारी में 10 जून को एक्सिओम मिशन 4 लॉन्च होगा। जिसका नेतृत्व भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला करेंगे। वे 11 जून 2025 को दोपहर 12:30 बजे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ेंगे। यह मिशन एक्स-4 का हिस्सा है, जो भारत और अमेरिका के अंतरिक्ष सहयोग का परिणाम है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रक्षेपण भारतीय समयानुसार सुबह 8:22 बजे फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39ए से निर्धारित है। यह मिशन एक्सिओम स्पेस की चौथी निजी अंतरिक्ष यात्री उड़ान और इसरो के अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन तक ले जाने वाला पहला मिशन है। यह पहली बार होगा, जब पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री आईएसएस पर रहेंगे, जिससे अंतरिक्ष मिशनों में अंतरराष्ट्रीय भागीदारी का और विस्तार होगा।

### आईएसएस में 14 दिन रहकर ये प्रयोग करेंगे शुभांशु

शुभांशु शुक्ला आईएसएस पर 14 दिन रहेंगे और 7 प्रयोग करेंगे, जो भारतीय शिक्षण संस्थानों ने बनाए हैं। इनमें ज्यादातर जैविक प्रयोग होंगे, जैसे कि पौधों के बीज और मानव शरीर पर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण का असर। इसके अलावा, नासा के साथ मिलकर मानव शोध के 5 प्रयोग भी होंगे।



### अंतरिक्ष यान और नाम

एक्स-4 मिशन के लिए इस्तेमाल होने वाला ड्रैगन अंतरिक्ष यान पूरी तरह नया है। स्पेसएक्स के ड्रैगन मिशन मैनेजमेंट डायरेक्टर सारा वॉकर ने बताया कि यह यान क्रू द्वारा एक नाम दिया जाएगा। कमांडर पेगी व्हिटसन ने पिछले हफ्ते कहा कि नया नाम जल्द ही घोषित होगा।

### चालक दल में कौन-कौन हैं शामिल?

नासा की पूर्व अंतरिक्ष यात्री और एक्सिओम स्पेस में मानव अंतरिक्ष उड़ान की निदेशक पैगी व्हिटसन इस मिशन की कमान संभालेंगी, जबकि इसरो के शुभांशु शुक्ला पायलट की भूमिका में होंगे। मिशन विशेषज्ञ पोलैंड से ईएसए अंतरिक्ष यात्री स्लावोज उज्नांस्की-विस्नीव्स्की और हंगरी से टिबोर कापू शामिल हैं।

### ड्रैगन कैप्सूल की खासियत

ड्रैगन कैप्सूल की खास बात ये है कि ये इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से खुद जुड़ सकता है। इससे किसी भी मिशन को अंजाम देना सेफ और आसान होता है। क्रू ड्रैगन को कई बार इस्तेमाल किया जा सकता है। कैप्सूल की ऊंचाई 8.1 मीटर और व्यास 4 मीटर है। इसमें 8 सुपरड्रैको इंजन हैं, जो इमरजेंसी में कैप्सूल को रॉकेट से अलग कर सकते हैं।

### कितना वजन ले जा सकता है यान

क्रू ड्रैगन 7 यात्रियों को साथ ले जा सकता है जबकि कार्गो कैप्सूल से 6 हजार किलोग्राम सामान ले जाया जा सकता है। यह पैराशूट के साथ समंदर में उतरता है। इसमें तीन टचस्क्रीन डिस्प्ले वाला कंट्रोल पैनल है, जो अंतरिक्ष यात्री को यान चलाने में मदद करता है। इसे 15 मिशनों तक इस्तेमाल के लिए डिजाइन किया गया है। कैप्सूल के ट्रंक पैनल में सोलर पैनल लगे होते हैं, जो बिजली बनाते हैं।

### मिशन का महत्व 548 करोड़ हुए खर्च

*एक्स-4 मिशन स्पेसएक्स का 53वां ड्रैगन मिशन होगा. यह 15वां मानव अंतरिक्ष मिशन और 48वां ISS यात्रा होगी. शुभांशु शुक्ला भारत के गगनयान कार्यक्रम के चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं। भारत ने इस मिशन पर अब तक कम से कम 548 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इसमें लॉन्च के साथ-साथ शुभांशु शुक्ला और उनके बैकअप ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर की ट्रेनिंग भी शामिल है। प्रशांत नायर भी गगनयान कार्यक्रम का हिस्सा हैं। शुभांशु को स्पेसएक्स और एक्सिओम स्पेस ने विशेष ट्रेनिंग दी है।*

## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचारियों को बख्शा नहीं जाएगाः मुख्यमंत्री धामी



**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चेतावनी दी कि प्रदेश में भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू किए जाने पर हरिद्वार जिले के मंगलौर क्षेत्र के लिब्बरहेड़ी में आयोजित 'धन्यवाद रैली' को संबोधित करते हुए यह चेतावनी दी। "चाहे छोटा हो या बड़ा अधिकारी, अगर प्रदेश में कोई भ्रष्टाचार करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।"

### बदमाशों की गोलीबारी में पुलिस एसआई सहित तीन घायल



**पटना।** पटना के धनरुआ इलाके में रविवार को भूमि विवाद को लेकर बदमाशों द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी में पुलिस उपनिरीक्षक, उसका बेटा सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायल उपनिरीक्षक की पहचान मनोज सिंह के रूप में हुई है और वह सहरसा जिले में तैनात हैं। उनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अनुमंडल पुलिस अधिकारी कन्हैया सिंह ने बताया घटना पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे सेवती गांव में हुई।

### गोगी गिरोह का बदमाश हथियार समेत गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने जबरन वसूली, मारपीट और अवैध हथियार रखने के कई मामलों में वांछित गोगी गिरोह के बदमाश को गिरफ्तार किया है। नरेला निवासी आरोपी सचिन खत्री उर्फ शिन्नी (26) को एक खुफिया जानकारी मिलने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। , खत्री के पास से 4 पिस्टल, 50 से ज्यादा कारतूस, एक लग्जरी कार, 26 लाख रुपए नगद, एवं एक डायरी जिसमें लोगों से पैसे ऐंठने व धमकी का हिसाब किताब है बरामद किया गया। खत्री ने एक मामले में, उसने और उसके साथी ने महिला से पैसे ऐंठने के लिए उसके घर पर कई गोलियां चलाईं थी।

### यमन शाखा प्रमुख आतंकी अवलाकी पर अमेरिका ने 60 लाख डॉलर का रखा है ईनाम

# अलकायदा ने दी ट्रंप व मस्क की हत्या की धमकी, बोला- मौका मिलते ही लेंगे बदला

*अलकायदा की यमन शाखा का प्रमुख साद बिन अतेफ अल-अवलाकी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी बिजनेस मैन एलन मस्क को जान से मारने की धमकी दी है। अवलाकी के वीडियो में ट्रंप-मस्क के साथ अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ की तस्वीरें दिखाई गई हैं। साथ ही, अवलाकी ने अपने वीडियो में मिस्र, जॉर्डन और खाड़ी अरब देशों के नेताओं की हत्या की बात कही है।*

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अल-कायदा की यमन शाखा के प्रमुख का पद संभालने के बाद साद बिन अतेफ अल-अवलाकी ने अपने पहले वीडियो संदेश में गाजा पट्टी में इस्राइल-हमास युद्ध पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अल-अवलाकी ने पिछले साल एक्यूएपी की कमान खालिद अल-बतरफी की मौत के बाद संभाली थी। अपने आधे घंटे के वीडियो संदेश में अल-अवलाकी ने ट्रंप और मस्क के साथ-साथ अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विदेश मंत्री पीट हेगसेथ को धमकी दी। साथ ही कहा कि इन लोगों ने मिस्र, जॉर्डन और खाड़ी अरब राज्यों में नेताओं की हत्या करने के लिए आतंकवाद का सहारा लिया। गाजा को तबाह करने में भी यही लोग शामिल हैं।



### अवलाकी पर 60 लाख डालर का इनाम

बता दें कि यमन की अल-कायदा शाखा को लंबे समय से सबसे खतरनाक शाखा माना जाता है। यह 2011 में अमेरिकी नौसेना के सील द्वारा इसके संस्थापक ओसामा बिन लादेन की हत्या के बाद भी सक्रिय है। अल-अवलाकी पर अमेरिका ने 60 लाख डॉलर (51 करोड़ रुपये) का इनाम रखा है। वह पहले भी सार्वजनिक रूप से अमेरिका और उसके सहयोगियों के खिलाफ हमले की धमकी दे चुका है।

### हूथियों के प्रमुत्व को चुनौती देने की कोशिश

विशेषज्ञों का कहना है कि यमन अलकायदा प्रमुख अवलाकी इजरायल और पश्चिमी देशों के खिलाफ वीडियो संदेश जारी कर मुस्लिम वर्ल्ड में अपनी स्थिति दर्ज कराना चाहता है। हाल के समय में ईरान समर्थित यमन के विद्रोही गुट हूथियों ने अमेरिकी-इजरायल गठजोड़ पर हमला किया।

### मौका मिलते ही लड़ाके दिखाएंगे अपना कमाल - अल-अवलाकी

इतना ही नहीं शनिवार सुबह जारी हुए धमकी भरे वीडियो में अल-अवलाकी ने गाजा संघर्ष का बदला लेने की बात कही। वीडियो में अवलाकी ने कहा कि गाजा में हमारे लोगों के साथ जो कुछ हुआ और हो रहा है, उसके बाद वैध-अवैध की कोई सीमा नहीं बची। हमें जब भी मौका मिलेगा हमारे लड़ाके अपना कमाल दिखा देंगे और गाजा का बदला ले लेंगे।

### संगठन के पास 4 हजार लडाक्रे

*संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों का मनाना है कि अलकायदा की यमन शाखा के पास 3,000 से 4,000 सक्रिय लड़ाकों की संख्या है। हजारों की तादद में उसके पास अन्य निष्क्रिय लड़ाके भी हैं। यह संगठन बैंकों और मनी एक्सचेंज की दुकानों को लूटने के साथ-साथ हथियारों की तस्करी, नकली मुद्राओं और फिरौती अभियान चलाकर पैसे जुटाता है। इनके संबंध यमन में मौजूद विद्रोही गुट हूथियों के साथ भी हैं, लेकिन हूथियों ने इससे इनकार किया है। अलकायदा की यमन शाखा के लड़ाके यमन में मौजूद साउदी अरब समर्थित सेना पर हमले करते रही है।*

### 2,000 सैनिक लॉस एंजिल्स में तैनात



**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स में आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन की ओर से की गई छापेमारी की कार्रवाई के खिलाफ शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन अब और तेज हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने लॉस एंजिल्स में 2,000 नेशनल गार्ड सैनिकों को तैनात कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने स्थिति से निपटने में ढिलाई बरतने के लिए कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम और लॉस एंजिल्स की मेयर करेन बास की आलोचना की है। लॉस एंजिल्स शहर से 20 मील दक्षिण में स्थित उपनगर पैरामाउंट में प्रदर्शनकारियों और संघीय एजेंटों के बीच गंभीर झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारी ने होम डिपो के पास एकत्र होकर मैक्सिकन झंडे लहराए और अमेरिकी झंडे को आग लगा दी। सार्वजनिक संपत्तियों में तोड़फोड़ करन के अलावा कई वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया।

# महीनेभर में अनावरण नहीं किया तो क्रेन से लाएंगे रायपुर

### अजीत जोगी की प्रतिमा हटाए जाने पर भड़के अमित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जिला प्रशासन को दिया महीनेभर का समय

जनता कांग्रेस जोगी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने अपने पिता और पार्टी के संस्थापक स्व. अजीत जोगी की प्रतिमा उखाड़े जाने को लेकर कहा, एक महीने में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की प्रतिमा का अनावरण नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा, मैं उन लोगों को माफ करता हूं, जिन्होंने प्रतिमा को हटाया। प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने संवाददताओं से चर्चा में शासन-प्रशासन को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा, 25 मई को यह घटना हुई थी। मानसिक दिवालिएपन से ग्रसित कुछ लोगों ने पटियाला ढाबा में बैठकर खूब शराब पी थी। छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी की प्रतिमा को हाइड्रा लाकर उखाड़कर फेंक दिया गया। उनकी प्रतिमा उखाड़ने से पूरे प्रदेश को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा, 2 हफ्ते में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, अपराधी निडर होकर घूम रहे हैं।

### महीनेभर बाद लेकर आऊंगा पापा की प्रतिमा

अमित जोगी ने कहा, अगर एक माह में प्रतिमा का अनावरण गौरेला में नहीं हुआ तो मैं पापा की प्रतिमा रायपुर लेकर आऊंगा, सीएम से मैं अपील करूंगा, इसका अनावरण यहीं किया जाए। उन्होंने बताया कि सीएम ने कहा था, गौरेला आऊंगा, गौरेला मुझे अच्छा लगता है, लेकिन वहां छत्तीसगढ़ के पहले सीएम की प्रतिमा हटा दी गई।

### निजी जमीन पर स्थापित की गई थी प्रतिमा

उन्होंने कहा, अगर जोगीजी की प्रतिमा से कोई विरोध होता तो हमसे बात करते। कानून का सहारा लेते, इस तरह प्रतिमा को क्यों उखाड़ा? ये प्रतिमा निजी जमीन पर स्थापित हुई थी तो क्यों उखाड़ा गया है। ये जोगी परिवार के आधिपत्य की भूमि है। 1932 में स्व. मंजेश ने क्रय की थी, जो वर्तमान में लागू है।

पिता ने की रोक लगाने की मांग

# सिद्धू मूसेवाला पर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर बवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की जिंदगी और उनकी हत्या पर आधारित बीबीसी वर्ल्ड सर्विस की आगामी डॉक्यूमेंट्री को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। सिद्धू के पिता बलकौर सिंह सिद्धू ने इस डॉक्यूमेंट्री पर कड़ी आपत्ति जताते हुए महाराष्ट्र के डीजीपी और मुंबई के जुहू पुलिस स्टेशन को लिखित शिकायत भेजी है।

**11 जून को 'सोहो हाउस' में होगी डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग :** बलकौर सिंह के अनुसार, 11 जून को दोपहर 3 बजे मुंबई के जुहू स्थित 'सोहो हाउस' में बीबीसी की ओर से एक विशेष डॉक्यूमेंट्री शोकेस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस



डॉक्यूमेंट्री में सिद्धू मूसेवाला की निजी जिंदगी और हत्या से जुड़ी कई ऐसी बातें दिखाने का दावा किया गया है, जो अब तक सार्वजनिक नहीं हुई हैं। बलकौर सिंह ने कहा कि यदि जरूरी हुआ तो वे सोमवार को अदालत का दरवाजा भी खटखटाएंगे। उन्होंने आशंका जताई कि डॉक्यूमेंट्री के जरिए उनके बेटे की लेगेसी को खराब करने का प्रयास किया जा सकता है।

### न ली अनुमति न दी जानकारी

बलकौर सिंह ने पत्र में स्पष्ट लिखा है कि बीबीसी ने इस डॉक्यूमेंट्री को बनाने के लिए उनसे कोई अनुमति नहीं ली, न ही उन्हें इसकी जानकारी दी गई। उनका मानना है कि यह डॉक्यूमेंट्री न केवल उनके बेटे की छवि को धूमिल कर सकती है, बल्कि हत्या से जुड़ी चल रही न्यायिक प्रक्रिया को भी प्रभावित कर सकती है। बलकौर सिंह का सबसे गंभीर आरोप यह है कि बीबीसी ने डॉक्यूमेंट्री में उन लोगों के इंटरव्यू शामिल किए हैं, जिनके नाम सिद्धू मूसेवाला की हत्या से जुड़ी एफआईआर में दर्ज हैं।

### ज्योतिर्मठ में कम्युनिटी रेडियो स्टेशन का शुभारंभ...



**चमोली।** ज्योतिर्मठ में पहले कम्युनिटी रेडियो स्टेशन आइबेक्स तराना, 88 .4 एफएम का थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को उद्घाटन किया। उन्होंने गढ़वाल क्षेत्र की अग्रिम चौकियों का भी दौरा किया। उन्होंने जवानों से बातचीत करते हुए हौसलाआफजाई की और उनके समर्पण की सराहना कर सतर्कता बनाए रखने पर जोर दिया।

### जेल से रिहाई के बाद जुलूस में लगाए पाक के नारे, फिर हुए अंदर

एजेंसी ▶▶| वाराणसी

जिले की एक जेल से रिहा होने के बाद बिना अनुमति जुलूस निकालने के दौरान आपत्तिजनक नारे लगाए जाने पर आरोपी आबिद समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि इसके अलावा लापरवाही बरतने पर चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया गया। पुलिस उपायुक्त गौरव बंसवाल ने बताया कि शनिवार शाम को जेल से रिहा हुए आरोपी आबिद ने जुलुस निकाला, जिसमें उसके समर्थकों ने आपत्तिजनक नारे लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि नारेबाजी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक भी हुआ है।

### सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए आईटीबीपी के जवान की बर्खास्तगी रखी बरकरार

# 'रक्षक ही बन गया लुटेरा', ऐसे कृत्य के लिए सुरक्षाबल में कोई जगह नहीं...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) के उस कांस्टेबल की बर्खास्तगी को बरकरार रखा है जिसने वेतन वितरण के लिए रखे गए कैश बॉक्स से पैसे चुरा लिए थे। मामले में अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, 'जिसे सुरक्षा का जिम्मा दिया गया था, वही लुटेरा बन गया। ऐसे गंभीर कृत्य के लिए सुरक्षाबल में कोई जगह नहीं हो सकती। देश की सर्वोच्च अदालत ने आईटीबीपी के बर्खास्त कांस्टेबल की सेवा बहाली से इनकार कर दिया है। बता दें कि, कांस्टेबल को एक कैश बॉक्स की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया था, जिसे तोड़कर उसने कैश चुराए और फरार हो गया। मामले में अदालत ने यह भी कहा कि यह एक गंभीर और चौंकाने वाली घटना है और ऐसे मामलों में जीविका का अधिकार जैसे तर्क काम नहीं आते।



### क्या है पूरा मामला?

आईटीबीपी के कांस्टेबल जगेश्वर सिंह को 4 और 5 जुलाई, 2005 की रात को कैश बॉक्स की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया था। ये पैसे कंपनी के जवानों को वेतन के रूप में देने के लिए रखे गए थे लेकिन जगेश्वर सिंह ने इस भरोसे को तोड़ते हुए कैश बॉक्स का ताला तोड़ा, उसमें रखे लाखों रुपये चुराए और उन्हें पोस्ट से करीब 200 मीटर दूर छुपा कर फरार हो गया। जब कंपनी कमांडर को यह जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन जगेश्वर सिंह का कुछ पता नहीं चला। बाद में कमांडिंग ऑफिसर को सूचित किया गया और 6 जुलाई 2005 को एफआईआर दर्ज की गई। जांच और गिरफ्तारी के बाद जगेश्वर सिंह ने अपराध कबूल किया, जिसके आधार पर 14 नवंबर 2005 को उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

### मामले हाईकोर्ट ने क्या कहा था?

जगेश्वर सिंह ने हाईकोर्ट में बर्खास्तगी को चुनौती दी और दावा किया कि उसका कबूलनामा दबाव में लिया गया था। हालांकि, अदालत ने यह दलील खारिज कर दी, लेकिन आईटीबीपी को सजा पर दोबारा विचार करने को कहा।

### सुप्रीम कोर्ट ने क्या दिया फैसला?

सुप्रीम कोर्ट की दो-न्यायाधीशों की पीठ, जिसमें जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह शामिल थे, ने हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया जिसमें सजा पर पुनर्विचार करने को कहा गया था। अदालत ने कहा, 'जब कोई सुरक्षा बल का जवान ऐसा गंभीर और नैतिक पतन वाला अपराध करता है, तो उसे कड़ी से कड़ी सजा देना जरूरी होता है। ऐसे कर्मियों के लिए बल में कोई जगह नहीं होनी चाहिए। यह घटना सिर्फ चोरी नहीं है, बल्कि विश्वासघात भी है।'

### पुराने रिकॉर्ड भी खराब, नहीं मिली राहत

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी ध्यान दिया कि आरोपी जगेश्वर सिंह का पिछला रिकॉर्ड भी अच्छा नहीं था। उनके खिलाफ पहले भी आठ बार अनुशासनात्मक कार्रवाई हो चुकी थी। हालांकि अदालत ने माना कि पिछले मामलों को सीधे मौजूदा मामले से जोड़ना सही नहीं होगा, लेकिन यह जरूर दिखाता है कि वह बार-बार अनुशासन तोड़ते रहे।

भारत का ऐसा खौफ

# पहली बार गुजरात से नहीं हुआ मछुआरों या बोट का अपहरण

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

- मछली पकड़ने का सीजन पूरा होने पर बोला मछुआरा संघ

गुजरात के मछुआरों के मछली पकड़ने का सीजन 1 जून को पूरा हो गया है। इस बार मछली पकड़ने के सीजन में पहली बार पोरबंदर, जामनगर, द्वारका, जखौ समेत गुजरात से एक भी मछुआरे या मछली पकड़ने वाली बोट का अपहरण नहीं हुआ जिसका कारण भारत द्वारा पिछले कुछ समय से पाकिस्तान की हर हरकत का माकूल जवाब देना है जिसके डर से ही वह कोई दुस्साहस नहीं कर पाया जबकि हर साल वह कई लोगों को बेवजह पकड़कर जेल में डाल देता रहा। पोरबंदर सहित गुजरातभर के मछुआरों के लिए 1 जून से मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### आई जागरूकता, सीमा रेखा तक नहीं जाते मछुआरे

हालांकि जूंगी के मुताबिक अब मछुआरों और बोट मालिकों में भी जागरूकता आई है, इसलिए वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा तक मछली पकड़ने नहीं जाते। पाकिस्तानी एजेंसी को भी पता है कि अगर वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार कर भारतीय मछुआरों व बोटों का अपहरण कर सीमा रेखा का उल्लंघन करते हैं, तो भारत जवाबी कार्रवाई कर सकता है।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




जगदलपुर जिला

बस्तर के कई स्कूलों का हाल बेहाल

दीवार में दरार तो कहीं रोशनदान नहीं

उदासीन व्यवस्था में पढ़ेंगे बच्चे

■ कभी भी गिर सकता है चिखलकरमरी प्राथमिक स्कूल का भवन

# बस्तर के 1500 से ज्यादा स्कूल जर्जर

## यहां नहीं लगेंगी कक्षाएं, विकल्प ढूंढा जा रहा

अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

नया शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने में अब ज्यादा समय नहीं रह गया है। चंद दिनों के भीतर जर्जर हो चुके भवन की अब तक मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में जर्जर भवन में ही बच्चे अपना भविष्य गढ़ने पर बाध्य होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग के आंकड़े इसकी पुष्टि कर रहा है। शासन की लचर और उदासीन व्यवस्था के बीच बच्चे अध्ययन करने को बाध्य होंगे। बकावण्ड ब्लाक के कोरीगांव संकुल के अंतर्गत प्राथमिक शाला चिखलकरमरी स्कूल भवन का छज्जा जर्जर होकर कभी भी भरभराकर गिरने की आशंका है। यही हाल संभाग के अन्य स्कूलों का है। कहीं संस्था के दीवार में दरार पड़ी है, तो कहीं रोशनदान में फाटक नहीं है। अधिकांश स्कूलों में शौचालय जर्जर होने से बालिकाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि बस्तर संभाग के 7 जिलो में 1542 स्कूल भवन की हालत अत्यंत चिंताजनक है। कुछ समय बाद नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होगा। बस्तर सम्भाग में ऐसे हजारो स्कूल हैं जिनका ▶▶|शेष पेज 5 पर



### जिलों में कितने भवन जर्जर

बस्तर संभाग के 7 जिलों में कुल 1542 स्कूल भवन जर्जर होने की पुष्टि लोक शिक्षण संस्था बस्तर संभाग ने की है। विभाग के मुताबिक बस्तर जिले में सर्वाधिक 546 स्कूल भवन जर्जर स्थिति में है। इनमें सबसे ज्यादा प्राथमिक शाला 394, माध्यमिक शाला 141, हाई स्कूल 5 और हायर सेकंडरी 6 भवन साम्मलित है। इसी तरह बीजापुर जिले में 97 प्राथमिक शाला,20 माध्यमिक शाला जर्जर है। दंतेवाड़ा में 45 प्राथमिक शाला, 6 माध्यमिक शाला साम्मलित है। कांकेर जिले में 281 प्राथमिक शाला, 94 माध्यमिक, 2 हाई स्कूल और 1 हायर सेकंडरी स्कूल भवन जर्जर हालात में है। कोंडागांव जिले में 198 प्राथमिक विद्यालय, 103 माध्यमिक शाला 2 हाई स्कूल कुल 303 खराब हो चुके स्कूल भवन बच्चे पढ़ाई करेंगे। नारायनपुर जिले में 12 प्राथमिक शाला, 8 माध्यमिक ▶▶|शेष पेज 5 पर

### की जाएगी वैकल्पिक व्यवस्था

नए शिक्षा सत्र में किसी भी जर्जर स्कूल भवन में कक्षाओं का संचालन नहीं किया जाएगा। स्कूल भवनों की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। अधिकांश जर्जर भवनों की वैकल्पिक व्यवस्था पिछले साल कर दी गई थी। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त भवनों की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। स्कूल जतन योजना के अधिकांश कार्य पूरे हो गए है।

**- बीआर बघेल**
जिला शिक्षा अधिकारी, बस्तर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### शाह ने मीनाक्षी मंदिर में की पूजा-अर्चना




**मदुरै।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां मीनाक्षी मंदिर में पूजा-अर्चना की और मंदिर के पुजारियों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। मदुरै अधीनम के पुजारी श्री ला श्री हरिहर श्री ज्ञानसंबंद देसिका स्वामीगल ने शाह को भगवा रंग की शॉल तथा आध्यात्मिक पुस्तकें भेट कीं। शाह ने नैनार नागेंद्रन और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन सहित भाजपा नेताओं के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### थलसेना अध्यक्ष द्विवेदी ने किए केदार बाबा के दर्शन



**रुद्रप्रयाग।** थलसेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को उत्तराखंड में बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि जनरल द्विवेदी केदारनाथ धाम पहुंचे और भगवान शिव का रूद्राभिषेक कर देश की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

### 'महापंचायत' के बाद गुर्जर समुदाय ने रोकी ट्रेन



**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले में आरक्षण सहित विभिन्न मांगों को लेकर गुर्जर समाज की 'महापंचायत' समाप्त होने के बाद समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और एक यात्री ट्रेन को रोक दिया। बड़ी संख्या में लोग रेल पटरी पर इकट्ठा हुए। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति ने आरक्षण से संबंधित मुद्दों सहित कई मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए इस महापंचायत का आयोजन किया था।

राहुल के आरोप पर भाजपा-कांग्रेस में जुबानी जंग, महाराष्ट्र में वार-पलटवार तेज

# राहुल के 'फिक्सिंग' दावे पर चुनाव आयोग का पलटवार, भाजपा बोली- बिहार में हार कबूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/मुंबई

महाराष्ट्र में 2024 के विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरफ से लगाए गए 'मैच फिक्सिंग' के आरोपों ने बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। राहुल गांधी ने एक अखबार में लेख लिखकर चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए, जिसे लेकर भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, 'मैं राहुल गांधी से बस एक बात कहना चाहता हूं कि वो पूरी जिंदगी एक ही गलती करते रहे, गंदगी उनके चेहरे पर थी, लेकिन वो आईना साफ करते रहे। सीएम फडणवीस ने एक लेख के जरिए कहा कि राहुल गांधी जनता के फैसले को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए लोकतंत्र और चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता बार-बार जनमत का अपमान कर रहे हैं।

### कांग्रेस की मांग, चुनाव आयोग दे स्पष्ट जवाब

कांग्रेस ने चुनाव आयोग से मांग की है कि वह राहुल गांधी और जनता के सवालों का ईमानदारी से जवाब दे। उन्होंने आरोप लगाया कि मार्कडवाडी में ईवीएम गड़बड़ी के आरोपों के बावजूद रिगिंग की आशंका वाली जगहों पर दोबारा मतदान कराने से इनकार करना एक बड़ी साजिश की ओर इशारा करता है।

### चुनाव आयोग की दो टूक, कहा- विपक्ष के नेता सीधे भेजें पत्र, तभी देंगे जवाब




महाराष्ट्र के बाद बिहार में फिक्सिंग की तैयारी

राहुल गांधी पूरी जिंदगी एक ही गलती करते रहे..

*कांग्रेस नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में धांधली के आरोपों को निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने खारिज कर दिया है। रविवार को एक बार फिर से चुनाव आयोग के सूत्रों ने राहुल के आरोपों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आयोग ने कहा है कि विपक्ष के नेता सीधे भेजें पत्र, तभी जवाब देंगे। इस बीच, भाजपा ने इसे राहुल की बिहार चुनाव में हार की अग्रिम स्वीकारोक्ति बताया।*

### कांग्रेस का पलटवारः चुनाव आयोग पर उठे सवाल

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने इसे 'जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश' बताया। उन्होंने मांग की कि राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी एस. चोकलिंगम और पूर्व अतिरिक्त सीईओ किरण कुलकर्णी का नार्को टेस्ट कराया जाए, ताकि 'वोट चोरी' की सच्चाई सामने आ सके। सपकाल ने आरोप लगाया कि फडणवीस खुद को न्यायधीश की तरह पेश कर रहे हैं, जबकि असल में उनकी सरकार की भूमिका भ्रष्ट पुलिस अधिकारी जैसी लगती है।

### क्या कहा था राहुल ने

राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 'लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट' था। उन्होंने कहा था कि यह 'मैच फिक्सिंग' अब बिहार में भी दोहराई जाएगी।

### ईसी की चुप्पी+बीजेपी की सफाई = मैच फिक्सिंग

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने कहा कि जब बीजेपी नेता राहुल गांधी के सवालों का जवाब दे रहे हैं और चुनाव आयोग चुप है, तो इससे साफ है कि कुछ न कुछ गड़बड़ है। 'बीजेपी की ओर से जवाब आना ही साबित करता है कि मैच फिक्सिंग हुई है।' महाराष्ट्र कभी लोकतंत्र की मिसाल था, लेकिन अब वहां चुनावी धोखाधड़ी से लोकतांत्रिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है। चेन्निथला ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने हरियाणा चुनाव में सीसीटीवी फुटेज जारी करने के आदेश को भी नियम बदलकर रोका।

### ईसी ने कहा- औपचारिक पत्र लिखें राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले अपने लेख पर निर्वाचन आयोग से जवाब मांगे जाने के एक दिन बाद आयोग के सूत्रों ने रविवार को कहा कि संवैधानिक निकाय तभी जवाब देगा, जब विपक्ष के नेता उसे सीधे पत्र लिखेंगे। गांधी द्वारा महाराष्ट्र के मतदान केंद्रों की शाम की सीसीटीवी फुटेज मांगे जाने संबंधी एक सवाल के जवाब में सूत्रों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, चुनाव याचिका दायर होने पर मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज की जांच सक्षम उच्च न्यायालय ही कर सकता है। आयोग के एक अधिकारी ने कहा, चुनाव की शुचिता के साथ-साथ मतदाताओं की गोपनीयता की रक्षा के लिए निर्वाचन आयोग ऐसा करता है। राहुल गांधी मतदाताओं की गोपनीयता का उल्लंघन क्यों करना चाहते हैं, जिसकी चुनाव कानूनों के अनुसार निर्वाचन आयोग को रक्षा करनी होती है?

# ढाई दशक बाद खूंखार नक्सली हिड़मा की नई तस्वीर वायरल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लगभग ढाई दशक बाद खूखांर नक्सली माड़वी हिड़मा की नई तस्वीर सोशल मिडिया में वायरल हो रही है। कई बड़ी वारदातों का मास्टर माइंड हिड़मा की सुरक्षाबलों द्वारा वर्षों से तलाश की जा रही है। अब उसकी नई तस्वीर से सुरक्षाबलों को उसे खोजने में आसानी हो सकती है। गौरतलब है ▶▶|शेष पेज 5 पर

■ **मिलिट्री बटालियन चीफ माड़वी हिड़मा पर 40 लाख का ईनाम है घोषित**

### 40 लाख रुपए का ईनाम

वर्तमान में वह दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) व केन्द्रीय कमेटी का मेंबर भी बताया जा रहा है, उसके पद के मुताबिक उस पर 40 लाख रुपए का ईनाम है। हिड़मा को ताड़मेटला हमले का मास्टर माइंड भी माना जाता है, जिसमें 76 जवानों की शहादत हुई थी। इसके अलावा बुरकापाल, टेकलगुड़म, मिनपा, भेजी, कोत्ताचूरू और झीरम कांड के साथ करीब 27 से ज्यादा वारदातों में हिड़मा की अहम भूमिका रही है।

### 16 साल की उम्र में संगठन में हुआ था शामिल

हिड़मा सुकमा जिले के पूवर्ती गांव का रहने वाला है। वह 16 साल की उम्र में नक्सल सगंठन में शामिल हो गया था। वर्ष 2001 और 2007 के बीच हिड़मा सलवा जुडूम के खिलाफ उसने काम किया और संगठन में अलग पहचान बनाई। वर्ष 2007 में उरपलमेट्टा क्षेत्र में पुलिस पर हमला किया गया था, जिसमें सीआरपीएफ के 24 जवान शहीद हो गए थे। यह हमला हिड़मा के नेतृत्व में किया गया था। जिसके बाद उसे पीपल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन नम्बर 1 का चीफ बना दिया गया।

# नीले सूटकेस में खून से लथपथ मिली 9 साल की बच्ची की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 9 वर्षीय बच्ची का शव खून से लथपथ हालत में एक सूटकेस के अंदर मिला है। इस क्रूर घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और पुलिस ने मामला दर्ज कर गहन जांच शुरू कर दी है। मासूम अपने घर से पास में रहने वाली बड़ी अम्मी को बर्फ देने निकली थी। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी वह घर नहीं लौटी। बच्ची को आखिरी बार पास के एक फ्लैट की ओर जाते हुए देखा गया था, जो उनके घर से महज 200 मीटर दूर था।

### दिल दहला देने वाली घटना



### फ्लैट में बंद था ताला, अंदर मिला मासूम का शव

बच्ची के पिता जब बताए गए फ्लैट की दूसरी मंजिल पर पहुंचे तो देखा कि फ्लैट बाहर से बंद है। संदेह के चलते उन्होंने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो उनकी चीख निकल गई, बच्ची एक सूटकेस में बेहोश अवस्था में पड़ी थी।

### पुलिस ने शुरू की जांच

मामले की सूचना मिलते ही दयालपुर थाना पुलिस हरकत में आ गई। प्रारंभिक जांच में दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। बच्ची के शव को गुरु तेग बहादुर अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है।

# छेड़खानी के आरोप में युवक को पीट-पीटकर मार डाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

जिले के सन्ना थाना क्षेत्र के लरंगा गांव में शुक्रवार शाम एक अज्ञात युवक की भीड़ ने बेरहमी से पिटाई कर दी। छेड़खानी के आरोप में ग्रामीणों ने उसे पहले पकड़कर पीटा, फिर हाथ-पैर बांधकर घसीटते हुए बस्ती ले गए। रात करीब 11 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच ▶▶|शेष पेज 5 पर

■ **पहचान नहीं शव पर चोटों के कई निशान**

### पुलिस जांच में जुटी

थाना सन्ना में धारा 194 बीएनएसएस धारा 103(1) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार मृतक की पहचान कराई जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सभी संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।




चेकिंग के दौरान चालक वाहन छोड़कर फरार

# धनवार बेरियर पर पकड़ा गया 1.30 करोड़ का डोडा पोस्ट-चूरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/वाड्रफनगर

बलरामपुर जिले में पुलिस ने नशे के कारोबार के मामले में एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस की टीम ने धनवार बेरियर पर जांच के दौरान एक ट्रक डोडा पोस्त और डोडा चूरा बरामद किया है। ट्रक में कुल 14 क्विंटल 44 किलो डोडा लोड था। जब्त किए गए डोडा की कीमत 1 करोड़ 30 लाख रुपए आंकी गई ▶▶|शेष पेज 5 पर

### चल रही है जांच

*सरहदी क्षेत्रों में पुलिस ने अपनी सख्ती बढ़ा दी है। चेकिंग के दौरान एक ट्रक डोडा बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है। इसकी कीमत 1.30 करोड़ रूपए है। हमारी टीम इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही इस गिरोह का को पकड़ा जाएगा।*

*- वैभव बैंकर रमनलाल, एसपी*

6 दिन पहले चोरी के मामले में भेजा गया था जेल

# अधिकारियों-बंदियों की आंखों के सामने जेल की 22 फीट दीवार पर चढ़ा और भाग गया बंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

6 दिन पहले चोरी के मामले में जेल गया बंदी जेल के अधिकारियों व कर्मचारियों की आंखों के सामने 22 फीट ऊंची कांटेदार दीवार पर चढ़ गया और नीचे छलांग कर भाग गया। देर रात तक बंदी की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी।



जेल से मिली जानकारी के अनुसार, 3 जून को पुलिस के द्वारा मस्तूरी गतौरा निवासी राजा गोंड़ उर्फ उत्तम पिता फेकूराम गोंड़ 22 को चोरी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। 8 जून की शाम 5 बजे बंदी राजा गोंड़ अन्य बंदियों के साथ बैरक से बाहर निकालकर परिसर में घूम रहा था। इसी दौरान तेजी से दौड़ते हुए राजा गोंड़ जेल के अंदर बने छोटे पोर्च की 22 फीट ऊंची कांटे वाली दीवार पर चढ़ गया और जेल कालोनी की ओर नीचे छलांग लगाकर छत्तीसगढ़ स्कूल के सामने निकला, फिर फूल चौक की ओर भाग निकला। जेल के अंदर सुरक्षा में तैनात जेल अधिकारी व कर्मचारी व अन्य कैदी उसे देखते रह गए।

### दीवार से कूदकर भागा

शाम 5 बजे सभी बंदियों को बैरक से बाहर निकाला गया था। उक्त बंदी जेल अंदर बने पोर्च की दीवार पर चढ़ गया और नीचे छलांग लगाकर भाग गया है। बंदी के भागने की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई गई है।

**खोमेश मंडावी**, जेल अधीक्षक

### तलाश में जुटी पुलिस

जेल प्रशासन की ओर से पुलिस कंट्रोल रूम में फरार बंदी की फोटो सहित सभी थानों में सूचना दी गई। उसके बाद जिले की पुलिस फरार बंदी की तलाश में जुट गई है। देर रात तक पुलिस बंदी को पकड़ नहीं पाई थी। जेल प्रशासन से बंदी के भागने की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई गई है।

## चिंतन

# गरीबी कम हुई, अब आर्थिक सुधार की दिशा में बढ़े केंद्र

पीएम मोदी की राजग सरकार 3.0 ने आज नौ जून को एक वर्ष पूरा कर लिया है। इस तरह वर्ष 2014 में भारी बहुमत से सत्ता में आई मोदी सरकार ने अपने 11 वर्ष के कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। मोदी सरकार के कामकाज का आकलन किया जाए तो सरकार के खाते में अनेक उपलब्धियां हैं, लेकिन साथ में कई विफलताएं भी हैं। सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि गरीबी कम करने में सफलता है, तो सबसे बड़ी विफलता पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को हैंडल करने के मोर्चे पर है। विश्व बैंक के ताजा आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2011-12 से वर्ष 2022-23 के बीच 11 वर्ष में अत्यधिक गरीबी में 21.8 फीसदी की कमी आई है। देश में अत्यधिक गरीबी दर वर्ष 2011-12 में 27.1 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2022-23 में घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई है। करीब 17 करोड़ लोग बेहद गरीबी से बाहर निकले हैं। खास बात है कि गरीबी में कमी नए पैमाने के आधार पर आई है। अब रोजाना 3 डॉलर (लगभग 257 रुपये) तक खर्च करने वाले बेहद गरीब की श्रेणी में माने जाएंगे, जबकि पहले यह सीमा 2.15 डॉलर थी। काफी पहले संयुक्त राष्ट्र और नीति आयोग ने गरीबी से बाहर निकलने को लेकर अलग-अलग पर उत्साहजनक आंकड़े जारी किए हैं। 2024 तक भारत में करीब 5.44 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जो प्रतिदिन 3 डॉलर से भी कम खर्च में जीवन जी रहे हैं। यह आंकड़ा कई विकसित देश के गरीबी के आंकड़े से कम है। गरीबी से बाहर निकलने में लोगों को सरकार की पीडीएस जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से मदद मिली है। अब सरकार को इस आंकड़े का प्रयोग जनकल्याणकारी योजनाओं को रिमॉडल करने में करना चाहिए और सब्सिडी को तर्कसंगत बनाना चाहिए। कयास के विपरीत मोदी सरकार 3.0 मजबूत व आत्मविश्वास से भरी नजर आ रही है। 400 पार के नारों के बीच जब भाजपा को वर्ष 2024 के आम चुनाव में अपने दम पर बहुमत नहीं मिला और उसकी टीडीपी व जेडीयू पर निर्भरता हो गई तो नीतीश कुमार व चंद्रबाबू नायडू की पाला बदलने की सियासी फितरत के चलते कांग्रेस ने मोदी सरकार में उथलपुथल की संभावना को रेखांकित किया था। पर जहां नायडू व नीतीश भरोसेमंद साबित हुए, वहीं पीएम काफी सहज हैं। अब भाजपा ने अपनी राजनीतिक और प्रशासनिक पहुंच को नए सिरे से तैयार करने के लिए फिर से काम शुरू किया है। मोदी सरकार ने महिला केंद्रित व नीत विकास को बढ़ावा देकर अपने लिए नया जनाधार तैयार किया है। डिजिटल सेक्टर में सरकार ने काफी क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। हालांकि विनिर्माण सेक्टर में ग्रोथ चुनौती बनी हुई है। नक्सलवाद को कम करने में मदद मिली है, पर आतंकवाद के खिलाफ बहुत कुछ करना बाकी है। विदेश नीति की धार ऑपरेशन सिंदूर के बाद कुंद हुई है, इसे तुरंत पटरी पर लाने की जरूरत है। अमेरिका से रिश्ते बराबरी के स्तर पर रखने चाहिए। शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार जरूरी हैं, रक्षा क्षेत्र को मॉडर्न वार टेक्नीक से लैस करने की आवश्यकता है। प्रशासनिक, न्यायिक और पुलिस सुधार की दिशा में बढ़ने की जरूरत है। सरकार को कृषि, सेवा क्षेत्र के साथ उद्योग क्षेत्र पर केंद्रित रहना चाहिए, आर्थिक सुधार के अगले चरण को लागू करना चाहिए, विभिन्न करों का सरलीकरण करना चाहिए। अपनी सभी योजनाओं का सोशल ऑडिट करना चाहिए। विकसित भारत के लक्ष्य सभी मानकों पर विकास से हासिल होंगे, केवल चौथी अर्थव्यवस्था के आंकड़े भर से नहीं।

# मोदी सरकार से अभी और हैं उम्मीदें



11 वर्ष
उमेश चतुर्वेदी

अगर जनता ने मोदी पर लगातार भरोसा जताया तो इसकी वजह है उनकी कार्यशैली। 2014 की जीत में लोगों की उम्मीदें थीं। इन उम्मीदों की वजह विकास का उनका गुजरात मॉडल रहा। लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की उन्होंने जो कोशिश की, 2019 में उसे जनता का भरपूर साथ मिला। उनमें भरोसे की वजह ही थी कि उन्हें और ज्यादा भारी बहुमत से रायसीना की पहाड़ियों के बीच शपथ लेने का मौका मिला, लेकिन भारत जैसे बहुभाषी, बहुरंगी देश में अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। आर्थिक आय की असमानता में संतुलन आज की बड़ी जरूरत है। भारत को यूरोप की तर्ज पर विकसित करने, प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने की जरूरत अब भी है।

भारतीय परंपरा में ग्यारह की संख्या शुभ मानी जाती है। पारिवारिक और धार्मिक समारोहों में शगुन के रूप में ग्यारह रुपये की भेंट देने की परंपरा इसी वजह से रही है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल को शगुन काल भी कह सकते हैं। ग्यारह साल का वक्त कम नहीं होता। इस दौरान पीढ़ी भी बदल जाती है। ऐसे में इस पूरे दौर का जो मूल्यांकन होगा, उसे पीढ़ीगत नजरिए से भी देखना होगा, क्योंकि हर नई पीढ़ी का नजरिया बुजुर्गों से अलग होता है। इन अर्थों में देखेंगे तो प्रधानमंत्री मोदी और उनका कार्यकाल अनूठा लगेगा। मोदी और उनकी कार्यशैली पुरानी पीढ़ी को भी पसंद हैं और नई पीढ़ी के तो प्रेरक हैं ही। इसकी वजह है, उनकी अद्भुत संप्रेषण कला, जिसके जरिए वे सीधे लोगों के दिलों से जुड़ जाते हैं। नेहरू और इंदिरा के कार्यकाल के बाद लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री की सूची में मोदी पहुंच चुके हैं। किसने सोचा था कि 1984 में महज दो लोकसभा सीटों तक सिमटने वाली भारतीय जनता पार्टी कभी लगातार तीन संसदीय चुनावों में बाजी मारती रहेगी। इसमें शक नहीं कि यह उपलब्धि भारतीय जनता पार्टी को मोदी के नेतृत्व से ही हासिल हुई है।

अगर जनता ने मोदी पर लगातार भरोसा जताया तो इसकी वजह है उनकी कार्यशैली। 2014 की जीत में लोगों की उम्मीदें थीं। इन उम्मीदों की वजह विकास का उनका गुजरात मॉडल रहा। लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की उन्होंने जो कोशिश की, 2019 में उसे जनता का भरपूर साथ मिला। उनमें भरोसे की वजह ही थी कि उन्हें और ज्यादा भारी बहुमत से रायसीना की पहाड़ियों के बीच शपथ लेने का मौका मिला। इस कड़ी में देखें तो 2024 में बहुमत से दूर रह जाना खटकता है। लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि दस साल के कार्यकाल में आकांक्षाओं का उद्दाम होना स्वाभाविक है और सारी आकांक्षाओं का पूरा कर पाना भी संभव नहीं है। इसलिए कुछ लोग हो सकता है निराश भी रहे हों, जिसका असर चुनाव नतीजों पर दिखा। मोदी के कार्यकाल की कई उपलब्धियां हैं। मोटे तौर पर सबसे बड़ा जो बदलाव दिखता है, वह है कि इस पूरी अवधि में देश में कोई बड़ा भ्रष्टाचार नहीं दिखा। ऐसा नहीं कि सरकारी तंत्र से भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म हो गया है। जमीनी स्तर पर सरकारी तंत्र की सोच में पारंपरिक भ्रष्टाचारी गंध है। मोदी सरकार के कार्यकाल में यह हुआ है कि भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसता रहा है। इस शिकंजे से न तो अधिकारी बाहर हैं और न ही राजनेता। तकरीबन पूरे देश में सरकारी तंत्र के कामकाज का अपना तरीका रहा है, उसकी अपनी गति रही है। लेकिन मोदी के नेतृत्व में अब कामकाज का तरीका बदला है। इसे समझने के लिए हाल ही में हुए दुनिया के सबसे ऊंचे पुल के उद्घाटन समारोह को देख सकते हैं। चिनाब पुल के उद्घाटन के वक्त जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जब इस परियोजना की शुरुआत हुई, तब वे आठवीं में पढ़ रहे थे, अब वे पचपन साल के हैं और अब जाकर यह पूरा हो पाया है। मोदी के ग्यारह साल के शासन में तंत्र के कामकाज का तरीका बदला है। अब वह ज्यादा अनुशासित और लक्ष्यों को वक्त पर पूरा करने को लेकर ज्यादा प्रतिबद्ध हुआ है। नौकरशाही में संजीदापन तो आया है, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में नौकरशाही पर तंत्र के दूसरे अंगों की बजाय ज्यादा भरोसा बढ़ने की वजह से तटस्थ लोगों की नजर



में ब्यूरोक्रेसी कई मामलों में बेलगाम भी हुई है। इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस समय मोदी सरकार अपनी ग्यारहवीं सालगिरह मनाने जा रही है, उसी वक्त विश्व बैंक की एक रिपोर्ट आई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान देश में गरीबों की संख्या 27.1 फीसद से घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई है। यह तब हुआ है, जब विश्व बैंक ने गरीबी रेखा के लिए तीन डॉलर प्रतिदिन खर्च की सीमा कर दी है, जबकि इसके पहले यह सीमा 2.15 डॉलर प्रतिदिन थी। जाहिर है कि इसके पीछे 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अन्न योजना के साथ ही उज्ज्वला, मुद्रा आदि योजनाओं की कामयाबी रही है। मोदी सरकार की कई उपलब्धियां हैं।

देश ने मेडिकल कॉलेजों के मोर्चे पर बड़ी सफलता हासिल की है। साल 2014 में जहां इन कॉलेजों की संख्या 387 थी, वह 2025 में बढ़कर 780 हो गई है। इसी तरह एमबीबीएस की सीटें भी 51,348 से बढ़कर 2024 में 1.18 लाख हो गई हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल में बीजेपी के दावे के अनुसार, 17.1 करोड़ नई नौकरियां निकलीं। इस दौरान स्टार्टअप से 1.61 लाख युवाओं को रोजगार मिला। बीजेपी के दावे के अनुसार, सरकार की कौशल विकास मिशन के तहत अब तक 2.27 करोड़ से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग मिल चुकी है। उज्ज्वला योजना के तहत अब तक करीब दस करोड़ 28 लाख से ज्यादा गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं। मुद्रा योजना के तहत करीब 52 करोड़ ऋण खाते खोले गए हैं, यानी करीब इतने लोगों को कर्ज मिल चुका है। इससे उद्यमशीलता को बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री आवास, जन-धन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने देश में बदलाव लाने में बड़ी भूमिका निभाई है। देशभर में बारह करोड़ शौचालयों का निर्माण भी मामूली उपलब्धि नहीं है। मोदी सरकार की इन योजनाओं के चलते देश में बदलाव हुआ है। सबसे बड़ा बदलाव डीबीटी यानी सीधे कैश ट्रांसफर की योजनाओं ने ग्रामीण और कमजोर वर्गों तक शासन की योजनाओं की पहुंच बढ़ाई है।

जापान को पछाड़कर भारत हाल ही में दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसका भी श्रेय मोदी सरकार को ही जाता है। देश सिर्फ आर्थिक ही नहीं, सांस्कृतिक मोर्चे पर लगातार विकास कर रहा है। इस विकास में परंपरा, आधुनिकता और वैश्विक जुड़ाव का अद्भुत समावेश नजर आता है। मोदी सरकार की ही देन है कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन का महाकाल लोक, मां कामाख्या मंदिर, राम मंदिर अयोध्या, केदारनाथ धाम और जूना सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है। राममंदिर के निर्माण की उपलब्धि ही मोदी सरकार के खाते में जाती है। करतारपुर कॉरिडोर के चलते पाकिस्तान स्थित दरबार साहिब भारतीय सिखों के लिए सुलभ हुआ। इसी दौरान राष्ट्र निर्माताओं को सम्मान देने की दिशा में प्रधानमंत्री संग्रहालय, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, जलियांवाला बाग स्मारक जैसे संस्थान बनाए गए।

मोदी सरकार के ही कार्यकाल में आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति बनी और उसे लागू किया गया। ऑपरेशन सिंदूर उसका ही प्रतीक है। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 का खात्मा, 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक, जैसे कदम मोदी सरकार ने ही उठाए। नक्सलवाद पर लगाम भी तेजी से इसी दौर में लगा। मोदी सरकार की उपलब्धियों की फेहरिस्त लंबी है। लेकिन भारत जैसे बहुभाषी, बहुरंगी देश में अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। आर्थिक आय की असमानता में संतुलन आज की बड़ी जरूरत है। भारत को यूरोप की तर्ज पर विकसित करने, प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने की जरूरत अब भी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले दिनों में भारत इन उपलब्धियों को भी हासिल करने में सफल रहेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

## मस्क-ट्रंप महासमर

प्रो. आर.के. जैन



# स्पेसएक्स से व्हाइट हाउस तक, कौन किसे मात देगा

एक ऐसी जंग शुरू हो चुकी है, जो न केवल दो दिग्गजों एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के बीच का टकराव है, बल्कि यह सत्ता, पूंजी और तकनीक का वह महासमर है, जो दुनिया को नई दिशा दे सकता है। यह दो तूफानों का मिलन है। एक ओर मस्क, जिन्होंने टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों से भविष्य को फिर से परिभाषित किया, दूसरी ओर ट्रंप, जिनका राजनीतिक प्रभाव वैश्विक समीकरणों को हिलाने की ताकत रखता है। इनके बीच की यह लड़ाई अब केवल शब्दों की जंग नहीं रही, यह टेस्ला के शेयरों की गिरावट, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान और वैश्विक सत्ता के गलियारों तक को हिला रही है। दोनों के पास दुनिया के सबसे बड़े मंच हैं, और अब ये मंच एक-दूसरे के खिलाफ खतरनाक हथियार बन चुके हैं। यह टकराव एक ऐतिहासिक मोड़ है, जो भविष्य की दुनिया को आकार दे सकता है। इस जंग की शुरुआत तब हुई, जब डोनाल्ड ट्रंप ने मस्क की कंपनियों, खासकर स्पेसएक्स को मिलने वाली अरबों डॉलर की सरकारी सब्सिडी और अनुबंधों को खत्म करने की धमकी दी। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट पर लिखा - बजट बचाने का सबसे आसान तरीका मस्क की सब्सिडी और कॉन्ट्रैक्ट्स को रद करना है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, स्पेसएक्स नासा के लिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) तक अंतरिक्ष यात्रियों और सामग्री पहुंचाने का महत्वपूर्ण साधन है। ट्रंप की यह धमकी मस्क के कारोबारी साम्राज्य की रीढ़ तोड़ने की कोशिश हो सकती है। इसका असर तुरंत दिखा। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को टेस्ला के शेयर 14% तक गिर गए, जिससे निवेशकों में खलबली मच गई। यह गिरावट इस बात का संकेत है कि मस्क की कंपनियां इस जंग में कितनी जोखिम में हैं। एलन मस्क, जिन्हें दुनिया एक दूरदर्शी नवप्रवर्तक के रूप में जानती है, ने ट्रंप की इस चुनौती को चुपचाप स्वीकार नहीं किया। उन्होंने जवाबी हमला बोलते हुए ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की मांग की और अपने ड्रैगन अंतरिक्ष यान के कार्यों को तेज करने की बात कही। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह यान अमेरिका के अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए अपरिहार्य हैं। मस्क का यह कदम ट्रंप को यह स्पष्ट संदेश देता है कि वे किसी भी कीमत पर झुकने वाले नहीं। इस टकराव के परिणाम मस्क और ट्रंप तक सीमित नहीं हैं। मस्क के पास असीमित संसाधन हैं, जिनका उपयोग वे राजनीतिक प्रभाव डालने के लिए कर सकते हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार, मस्क ने दावा किया कि वे "सचमुच एक बड़ा बम गिरा रहे हैं," जिससे संकेत मिलता है कि वे अगले अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी के विद्रोही उम्मीदवारों को फंडिंग दे सकते हैं। यह कदम ट्रंप की राजनीतिक स्थिति को कमजोर कर सकता है। दूसरी ओर, ट्रंप के पास सरकारी मशीनरी का नियंत्रण है, जिसका उपयोग वे मस्क की कंपनियों को निशाना बनाने के लिए कर सकते हैं। यदि ट्रंप अपनी धमकी को अमल में लाते हैं, तो स्पेसएक्स के अनुबंधों पर असर पड़ सकता है, जिसका प्रभाव अमेरिका के अंतरिक्ष कार्यक्रम और वैश्विक अंतरिक्ष सहयोग पर होगा। आर्थिक प्रभाव पहले ही सामने आ चुका है। टेस्ला के शेयरों की गिरावट से निवेशकों का भरोसा डगमगा रहा है, जैसा कि रॉयटर्स ने उल्लेख किया। स्पेसएक्स के अनुबंधों पर खतरा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और अंतरिक्ष अनुसंधान को प्रभावित कर सकता है। यदि मस्क अपने ड्रैगन यान के कार्यों को बंद करते हैं, तो नासा को वैकल्पिक व्यवस्था ढूंढनी पड़ेगी, जो एक जटिल और महंगा कदम होगा। यह जंग तकनीक और सत्ता के बीच संबंधों को उजागर करती है। मस्क की कंपनियां निजी क्षेत्र की ताकत का प्रतीक हैं, जबकि ट्रंप सरकारी शक्ति का चेहरा हैं। यह टकराव यह सवाल उठाता है कि क्या निजी कंपनियां सरकारों को चुनौती देने की ताकत रख सकती हैं? यह जंग अब केवल दो व्यक्तियों की लड़ाई नहीं, बल्कि एक वैश्विक रण है, जो तकनीक, पूंजी और सत्ता के भविष्य को परिभाषित करेगा। दुनिया की नजरें इस पर टिकी हैं कि यह टकराव कहां तक जाएगा। क्या मस्क अपने संसाधनों के दम पर ट्रंप को पछाड़ देंगे, या ट्रंप की सरकारी मशीनरी मस्क के साम्राज्य को झुका देगी? यह युद्ध न केवल इन दो दिग्गजों की साख का सवाल है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था, तकनीकी नवाचार और राजनीतिक समीकरणों को नया आकार दे रहा है। यह एक ऐसी आंधी है, जो दुनिया को यह सोचने पर मजबूर कर रही है कि सत्ता और पूंजी का यह महासंग्राम हमें किस भविष्य की ओर ले जाएगा। यह टकराव एक नई कहानी लिख रहा है, एक ऐसी कहानी, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बनेगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मनुष्य हो तो पहले प्राप्त करो ज्ञान



संकलित
**दर्शन**

मन में पहली जिज्ञासा यही होती है कि एक साधक होने के लिए व्यक्ति में क्या योग्यता होनी चाहिए। क्या साधक में आयु, ज्ञान या फिर चरित्र संबंधी योग्यता होनी चाहिए। ज्ञानीजन कहते हैं कि एक साधक के भीतर मनुष्यता होना जरूरी है, तभी वह अपने कर्तव्यों को अच्छी तरह से निभा पाएगा। मनुष्य का प्राथमिक कर्तव्य ज्ञान प्राप्त करना है। व्यक्ति को सांसारिक कर्तव्यों को पूरा करना चाहिए और धर्म साधना भी करनी चाहिए। इसके साथ ही पारिवारिक जिम्मेदारियों को भी देखना चाहिए। यह मनुष्य की साधना का एक चरण है। पार्वती ने शिव से पूछा, 'साधक बनने के लिए न्यूनतम आवश्यकता क्या है?' शिव ने उत्तर दिया, 'जब जीव अपने कर्मों के फलस्वरूप मानव रूप धारण कर लेते हैं, तब वे साधना करने के योग्य हो जाते हैं।' पार्वती द्वारा रखा गया अगला प्रश्न था, 'साधना करने के लिए मनुष्य में आयु, योग्यता, चरित्र आदि जैसी कौन-सी योग्यताएं होनी चाहिए?' इस पर शिव के उत्तर को इस तरह समझा जा सकता है कि उम्र के संबंध में यह कहना उचित होगा कि मानव जीवन में मूल रूप से चार चरण होते हैं। पहले चरण में मनुष्य का पहला कर्तव्य ज्ञान प्राप्त करना और धर्म साधना करना है। दूसरे चरण में, व्यक्ति को सांसारिक कर्तव्यों को पूरा करना चाहिए और धर्म साधना करनी चाहिए। तीसरे चरण में, किसी भी शेष पारिवारिक जिम्मेदारियों को देखना चाहिए और धर्म साधना करनी चाहिए। अंत में यानी चौथे चरण में जब मानव शरीर सांसारिक कर्तव्यों को निभाने में अक्षम हो जाता है, तो व्यक्ति को अकेले धर्म साधना करनी चाहिए।

# आप पर कैसे बरसेगी कृपा



संकलित
**प्रेरणा**

कृपा कोई अमूर्त, गैरहाजिर विचार या कल्पना नहीं है पर ये एक जीवित शक्ति है, जिसे हम अपने जीवन में आमंत्रित कर सकते हैं। हम अपनी शक्ति, बुद्धि और जानकारी से जो कुछ भी कर सकते हैं, वह सब बहुत सीमित है। अगर आप कृपा की खिड़की को खोल सकें तो जीवन ऐसे अद्भुत तरीके से चलेगा, जो संभव होने की आपने कल्पना भी नहीं की होगी। आपके सामने हर जगह यह सवाल है, 'मैं ऐसा कैसे कर सकता हूं?' पर, यह कोई करने वाली चीज नहीं है। आपके अंदर, अगर कोई खाली जगह है, जहां आपके विचार और पूर्वाग्रह, आपकी भावनाएं और विचारधाराएं अंदर न आ सकें, तो आपके जीवन में कृपा एक प्रबल शक्ति की तरह होगी। अगर आप अपने ही विचारों, अपनी ही भावनाओं और कल्पनाओं आदि से भरे हुए हैं तो कृपा आपके आसपास बहते हुए भी, आपके अंदर कुछ नहीं होगा। ज्यादातर लोगों के जीवन के साथ यही त्रासदी है कि उनके आसपास एक जबर्दस्त संभावना हमेशा बनी रहने के बावजूद वे उसे पूरी होने नहीं देते। सभी आध्यात्मिक प्रक्रियाओं के लिए विचार, फोकस और करने के तरीके यही हैं कि आपके व्यक्तित्व को खत्म कर दिया जाए, जिससे आपके अंदर कोई खाली उपस्थिति बने और वह आपके लिए कृपा और संभावना का ऐसा प्रवेश द्वार बने, जिसके बनने की संभावना के बारे में आपने कभी सोचा ही नहीं होगा। सवाल यह नहीं है कि आप पर कृपा काम कर रही है या नहीं? वह तो कर ही रही है, वरना आपका अस्तित्व ही संभव नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से।

*-कुणाल सिंह ठाकुर, रायपुर*

## ट्रेंड

### किसानों के इनोवेशन



हमारे वैज्ञानिकों ने जो रिसर्च और इनोवेशन किया है, और इनोवेशन से फार्मर को भी जोड़ा है, उसका परिणाम मैं आज देख रहा हूँ। हमारे किसानों ने भी अलग-अलग ढंग के इनोवेशन किये हैं।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### खुले में शौच से मुक्ति



हर घर में शौचालयों के निर्माण से नारी शक्ति के लिए सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण सुनिश्चित हुआ। 11 वर्षों में, भारत खुले में शौच से मुक्त हो गया, 12 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालय और 2.49 लाख सामुदायिक स्वच्छता परिसर बने हैं।
- हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### जनता का भरोसा जीता



सिर्फ एक साल में हमने दिखा दिया है कि एक सच्ची जनता की सरकार कैसी होती है। बीजेडी के कई सालों के झूठे वादों और आकर्षक विज्ञापनों के बाद, ओडिशा के लोगों ने बदलाव को चुना और हमने उस भरोसे को कार्रवाई से पूरा किया है।
- मोहन चरण माझी, सीएम, ओडिशा

### बिजली कटौती शुरू




भाजपा की राजस्थान में सरकार बनने का एक वर्ष पूरा होने पर प्रचार किया गया कि प्रदेश अब बिजली में सरप्लस स्टेट हो गया है लेकिन गर्मी बढ़ते ही हर जगह बिजली कटौती शुरू हो गई। बिजली वितरण का ढांचा चरमराया है जिससे आमजन त्रस्त है।
-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 6,000



देश में पिछले 48 घंटे में कोविड-19 के 769 नये मामले सामने आए, जिसके साथ ही उपचाराधीन मरीजों की संख्या छह हजार के पार पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। मंत्रालय के अनुसार, केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य है, उसके बाद गुजरात, पश्चिम बंगाल और दिल्ली का स्थान है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कोविड के बढ़ते मामलों के मद्देनजर, तैयारियों का जायजा लेने के लिए केंद्र 'मॉक ड्रिल' आयोजित कर रहा है और सभी राज्यों को ऑक्सीजन, वेंटिलेटर और जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। भारत में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 6,133 है और पिछले 24 घंटों में छह और संक्रमितों की मौतें हुई हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अधिकतर मरीजों में हल्के लक्षण थे और वे घर पर ही उपचार के बाद ठीक हो गए। कोविड-19 की मौजूदा स्थिति और तैयारी के उपायों का आकलन करने के लिए आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, आपात प्रबंधन प्रतिक्रिया प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र , भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद , एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम तथा सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की समीक्षा बैठकें स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में दो जून और तीन जून को हुईं।

## ऑफ बीट

# ऑक्सफोर्ड में पढ़ने भारतीय छात्रों को रोड्स छात्रवृत्ति



ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने वाले रोड्स स्कॉलरशिप ट्रस्ट ने 2028 से भारतीयों के लिए छात्रवृत्तियों की संख्या को देश की जनसंख्या के अनुरूप बढ़ाने की योजना बनाई है। अगले साल से शुरू हो रहे शैक्षणिक सत्र के लिए आवेदनों की घोषणा से पहले, भारत आए ट्रेनर ने साक्षात्कार में बताया कि वर्तमान में भारतीय अभ्यर्थियों को सालाना छह छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। अब प्राथमिकता उन स्थानों के लिए कुछ अतिरिक्त छात्रवृत्तियां प्रदान करने की है, जहां जनसंख्या के अनुपात में विद्वानों की संख्या अधिक हो सकती है और भारत उन देशों में से एक है। इसलिए, हमारे पास भारत के लिए प्रति वर्ष छह छात्रवृत्तियां हैं, जो अच्छी बात है, लेकिन जैसा कि आप जानते हैं, इस देश में डेढ़ अरब लोग हैं, इसलिए अधिक छात्रवृत्तियां होनी चाहिए। रोड्स हाउस के अंतरिम 'वॉर्डन' ने कहा, हम अतिरिक्त छात्रवृत्तियों के लिए धन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि ट्रस्ट को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की फीस का भुगतान करने तथा छात्रों के जीवन-यापन के व्यय का भुगतान करने के लिए निधि में धन की आवश्यकता है। छात्रवृत्ति की संख्या बढ़ाने के लिए चीन और अफ्रीका जैसे अन्य देश भी प्राथमिकता में हैं।




**मेघालय के पर्यटन मंत्री का बयान**

# इंदौर के राजा और सोनम की जांच सीबीआई नहीं, एसआईटी करेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

राजा रघुवंशी और सोनम रघुवंशी के मामले में अब मेघालय के पर्यटन मंत्री पॉल लिंगदोह ने स्पष्ट कर दिया है कि हम इस मामले में सीबीआई जांच नहीं कराएंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि अभी हमें इसकी कोई जरूरत नहीं है।

अभी इस मामले की जांच एसआईटी कर रही है। वह अगर असफल होती है तब ही हम अगला कदम उठाएंगे। वहीं, परिजनों द्वारा लगातार यह आरोप लगाए जा रहे थे कि शिलांग पुलिस जांच में लापरवाही बरत रही है। इसके बाद रविवार को मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव ने एक ट्वीट किया था कि उन्होंने सीबीआई जांच के लिए केंद्र सरकार से आग्रह किया है।

मंत्री लिंगदोह ने कहा कि इस मामले की जांच मेघालय पुलिस विशेष जांच दल (एसआईटी) के साथ मिलकर कर रही है। उन्होंने कहा कि इस स्तर पर मुझे सीबीआई जांच की कोई आवश्यकता नहीं दिखती।

## सीएम यादव ने गृहमंत्री शाह से की थी बात

सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी इस मामले में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से इस संबंध में बात की है। सीएम ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि- संकट की इस घड़ी में मध्यप्रदेश सोनम रघुवंशी के परिवार के साथ खड़ा है। मैंने इस संबंध में मेघालय के मुख्यमंत्री से चर्चा की है। मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मेघालय के अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में हैं। इस प्रकरण में सीबीआई जांच आदेशित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह किया है। सोनम रघुवंशी की सुरक्षित वापसी हेतु हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।








Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. *Ex-showroom prices are applicable in Raipur. #₹3000 Cash Bonus Available on Xtreme 125R variants. ^Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलौदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, कोरबा: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, मंदिरहसौद: ललित सर्विसेज 8770383767, खरोरा: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, डोंगरगांव: किरण मोटर्स 9754069392, गरियाबंद: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, सिमगा: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुंडरदेही: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अम्बिकापुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, सूरजपुर: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, बैकुंठपुर: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, आरंग: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, बिलासपुर: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीसगढ़ ऑटो केयर 8319358443, बरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंडरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जशपुर: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, सिरगिट्टी: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, मोहला पानाबरस: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, छुरिया: अंशु ऑटो, 6261421161,, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983

LOK | SAATCHI & SAATCHI



# एटली की फिल्म में दीपिका की एंट्री से फैंस उत्साहित...

**मुंबई।** संदीप रेड्डी वांगा की प्रभास स्टारर फिल्म 'स्पिरिट' को छोड़ने के बाद अब दीपिका पादुकोण के हाथ एक बड़ी पैन इंडिया फिल्म लगी है। दीपिका की 'जवान' फेम निर्देशक एटली और अल्लू अर्जुन की फिल्म में एंट्री हुई है। आज दीपिका के अनाउंसमेंट का टीजर जारी किया गया। जिससे ये पता चलता है कि फिल्म में दीपिका एक योद्धा का किरदार निभाएंगी। इस दौरान वो तलवारबाजी और घुड़सवारी करती भी दिखेंगी। अभी फिल्म को 'AA22xA6' के नाम से जाना जा रहा है। अब 'स्पिरिट' से बाहर होने के बीच दीपिका के एटली-अल्लू की फिल्म में जुड़ने पर फैंस ने अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दी हैं।



## लाइफ Style

# सोनाक्षी वायरल की चपेट में आई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा वायरल की चपेट में आ गई हैं। उन्हें बुखार के साथ-साथ खांसी भी है। अभिनेत्री ने आज रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट के साथ फैंस को अपनी हेल्थ के बारे में अपडेट दिया है।

पति जहीर इकबाल सोनाक्षी का खूब ख्याल रख रहे हैं और ख्याल रखने के साथ-साथ उन्हें हंसाने में भी कसर नहीं छोड़ रहे। सोनाक्षी सिन्हा ने आज रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे सिर से मुंह तक तौलिया ढककर भाप लेती नजर आ रही हैं। खांस-खांसकर उनका बुरा हाल है। उन्होंने इस वीडियो के साथ मजेदार कैप्शन लिखा है, जिससे साफ है कि वे वायरल की चपेट में हैं। उन्होंने लिखा है, 'यह लड़की वायरल हो गई है'। वीडियो में सोनाक्षी के साथ उनके शौहर जहीर इकबाल को भी देखा जा सकता है। सोनाक्षी जब खांसते-खांसते भाप ले रही हैं तो जहीर गाना गुनगुना रहे हैं। सोनाक्षी की हंसी छूट जाती है, इसके बाद जहीर भी हंसने लगते हैं और सोनाक्षी को गले से लगाते हैं। कुल मिलाकर जहीर खूब अच्छे से सोनाक्षी की तीमारदारी में लगे हैं। सोनाक्षी के पोस्ट पर यूजर्स उनके जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं। साथ ही उन्हें ख्याल रखने की सलाह दे रहे हैं। सोनाक्षी और जहीर इकबाल की शादी को एक साल पूरा होने वाला है। कपल ने बीते वर्ष 23 जून को रजिस्टर्ड मैरिज की थी। सोनाक्षी के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे जल्द ही फिल्म 'जटाधारा' में नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला


# वकीलों के बीच हुई बहस



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म निर्माता हार्वे वेनस्टीन का केस अभी भी अदालत में है। उन पर तीन महिलाओं ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। अदालत में इस मामले पर उनके और अभियोजन पक्ष की तरफ से पेश वकील के बीच बहस हुई है। हार्वे वेनस्टीन के वकील ने उन्हें 'मी टू' के दौरान झूठे आरोप वाला 'दोषी' बताया है। इसके उलट अभियोजक ने उनके यौन अपराधों के पुनर्विचार के दौरान जूरी सदस्यों से कहा कि वेनस्टीन ने कम रसूख वाली महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया।

# टॉम भारत में क्यों इतने मशहूर?

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर टॉम हॉलैंड पूरे 29 साल के हो गए हैं। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'स्पाइडर मैन' के किरदार से पहचान बनाने वाले टॉम भारत में भी काफी मशहूर हैं। जब भी कभी स्पाइडर मैन जैसे सुपरहीरो का जिक्र होता है, तब जहन में हॉलीवुड एक्टर टॉम हॉलैंड का नाम सबसे पहले जहन में आता है। टॉम हॉलैंड ने इस कैरेक्टर में ऐसी जान फूंकी है कि बच्चे तो टॉम को असल का स्पाइडर मैन समझ लेते हैं। टॉम ने यूं तो अपने करियर में कई किरदार निभाए हैं लेकिन स्पाइडर मैन के नाम से उन्हें सबसे ज्यादा पॉपुलेरिटी मिली। दिलचस्प बात ये है कि टॉम सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं बल्कि भारत में भी काफी मशहूर हैं। टॉम हॉलैंड ने मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में स्पाइडरमैन वाले आइकॉनिक सुपरहीरो को इतने सहज और मजेदार तरीके से निभाया कि भारतीय दर्शकों ने उन्हें सिर-आंखों पर बिठा लिया।



***ईद पर शाहरुख के दीदार के लिए लगा हुजूम :*** **मुंबई।** ईद के मौके पर शाहरुख खान के घर मन्नत के बाहर फैंस का हुजूम देखने को मिल रहा है। फैंस किंग खान के एक दीदार का इंतजार कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में लोगों को मन्नत के बाहर सुबह से ही खड़े होकर शाहरुख की एक झलक का इंतजार करते हुए देखा जा रहा है। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की दीवानगी किसी से भी छिपी नहीं है। हर त्योहार पर उनके प्रशंसक जिस तरह से उन्हें सर आंखों पर बिठाते हैं, उनकी एक झलक का इंतजार करते हैं।

# डेट नाइट पर निकले राघव- परिणीति



**मुंबई।** अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। अक्सर अपने निजी और प्रोफेशनल लाइफ के अपडेट वे यहां फैंस के साथ साझा करती हैं। रविवार को पोस्ट शेयर कर उन्होंने बताया कि वे पति राघव चड्ढा के साथ डेट नाइट पर हैं। दरअसल, परी और राघव फिलहाल पेरिस में हैं। वे फ्रेंच ओपन 2025 लाइव देख रहे हैं। परिणीति चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कई पोस्ट शेयर किए हैं। इसी में उन्होंने अपडेट दिया है कि वे फ्रेंच ओपन में पति राघव चड्ढा के साथ डेट नाइट पर हैं। इसके साथ ही उन्होंने स्टेडियम से झलकियां भी शेयर की हैं। दरअसल, राघव और परी जानिक सिनर और कार्लोस अलकराज के बीच का मुकाबला देखने पहुंचे हैं।

# 'डिटेक्टिव' ओटीटी पर होगी रिलीज



**मुंबई।** पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ की आगामी फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' की रिलीज डेट का एलान हो गया है। यह फिल्म इसी महीने यानी जून में दर्शकों के बीच पहुंच रही है। मगर, फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा है। इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है। 'डिटेक्टिव शेरदिल' की रिलीज डेट काफी वक्त से अटकी हुई थी। करीब तीन साल की लेट-लतीफी के बाद आखिर रविवार की इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। अली अब्बास जफर ने फिल्म का पोस्टर रिलीज किया है।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी — सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
**Raipur- 79871-19756**
**6263818152**

## एजूकेशन स्पेशल

**कोटा स्टडी सर्कल®**
भिलाई/रायपुर



Vandana Barik
94%
Class 10th

NEET, IIT-JEE
PET/PAT

विशेषताएं
- कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
- हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के पृथक-पृथक बैचेस
- गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग हॉस्टल

**रायपुर कोटा सेंटर**
भाटिया कॉम्पलेक्स, जी.ई. रोड रायपुर (छ.ग.)
**9301547784**

**भिलाई कोटा सेंटर**
बिल्डिंग नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
**9098534927**

## Appointment आवश्यकता

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- (आवास फ्री PF +ESIC) **संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा, रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016, 7747000016, 7746000019.** (RO-074)

**आवश्यकता है-** लेडी इंचार्ज, रिशेप्सनिष्ट, कम्प्यूटर टीचर एवं फिजीक्स, कैमिस्ट्री, बायोलॉजी, मैथ्स, इंगलिश, एकाउंट, कॉमर्स, इकोनॉमिक्स पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राईवर की आवश्यकता हैं। साक्षात्कार 10.06.2025 प्रातः 9:30बजे, **रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानी टंकी के पास खमतराई, 9826198065, 07712252855**(RO6982)

**Requirement-** Gurunanak Daffodil school 1. English Teacher (Secondary Classes) 2. Pre-Primary Teacher 3. Primary Teacher 4. Computer Teacher B.ED Female candidate preffered walk in on 13/06/2025, Friday. Timing- 9:30am to 12:30pm. Add- Near Friends Cafe, Vaishali nagar, Bhilai. Contact- 8109128056, 9827906768 (आरो न.764)

### शिक्षाकर्मी

**आवश्यकता है-** महारानी लक्ष्मीबाई विद्यापीठ उ.मा.वि. तीन दर्शन मंदिर केम्प- 1 भिलाई को सभी विभाग में विषय शिक्षकों की आवश्यकता है। बायोडाटा सहित **विद्यालय में संपर्क करें।** (आरो न.-763)

**हरिभूमि क्लासीफाईड**

**आवश्यकता है-** सहायक शिक्षक ,व्याख्याता गणित, विज्ञान, कामर्स , जीव विज्ञान , **सम्पर्क-राष्ट्रीय विद्यालय बैकुण्ठ धाम , शारदा पारा कैम्प 2 भिलाई । मो.9584313384** (आरो न.-768)

### मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** रायपुर में मार्केटिंग कार्य करने के लिए युवतियों की आवश्यकता है वेतन- 10,000 से 20,000 महीना योग्यतानुसार **संपर्क करें- 8962274079 पता रायपुरा चौक रायपुर** (RO-6888)

### ड्रायवर/ हेल्पर

**आवश्यकता है-** पानी के प्लांट में काम के लिए EV गाड़ी (ड्राइवर सहित) मंथली (टारगेट बेस) पर गाड़ी चाहिए। टाटा एस गाड़ी के लिए ड्राइवर (9000), हेल्पर (7000) की आवश्यकता है। प्लांट में रहकर काम करने वाले को प्राथमिकता **पता- बोरियाकला रोड डूमरतराई रायपुर मो. नं.- 9329345651** (RO-6890)

### बाई

**आवश्यकता है-** बच्चा संभालने हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की) चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। **स्थान तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क करे मोबाइल नंबर:- 9575042814.** (RO-103)

### लेबर

**आवश्यकता है-** राजनांदगांव के पास स्थित फार्म में ही रह कर काम करने के लिए परमानेंट लेबरों की। **संपर्क :- 7722916130** (आरो न.-767)

### पैकेजिंग/ डिलवरी कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य , माल पैकेजिंग, डिलवरी कार्य हेतु 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार **मिले: डुको आर्ट शादीजा कंपाउंड LIG-64, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022.** (RO-101)

**आवश्यकता है-** हाईस्कूल गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान ,अंग्रेजी माध्यम हेतु शिक्षको की आवश्यकता है **संपर्क - शहीद वीर नारायण सिंह उ.मा. विद्यालय रामनगर मुक्तिधाम भिलाई मो. न. - 9301155109, 9893258083** (आरो न 787)

### सेल्समेन

**आवश्यकता है-** शेशांक मसाला मे सेल्समेन एवं सेल्सगर्ल की आवश्यकता है। मो. 9993453132 (आरो - 3875)

**आवश्यकता है-** पैथालाजी सामग्री की मार्केटिंग करने के लिए सेल्स एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- फाफाडीह चौक के पास, मोती सागर होटल के पीछे रायपुर 8269090186, 8103774474 (RO-37955)

### टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** CCTV कैमरा फिटिंग कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता है, फ्रेशर 6000 वा अनुभावी को 8000 se 10000 तक वा पेट्रोल, इंश्योरेंस भी हमारा रहेगा, ख़ुद का बाइक होना अनिवार्य है, **लक्ष्मी सिक्योरिटी सिस्टम भाटागांव रायपुर-mob 93292-94567-91652-22223** (RO-115)

**आवश्यकता है-** कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर ट्रबल शूटिंग, नेटवर्किंग के अनुभवी युवक व आफिस ब्वॉय एवं सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉलेशन हेतु युवक की आवश्यकता है आकर्षक वेतन **मो. 92008-10000, 93291-25758.** (RO-095)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** बर्जर पेंट दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है ,वेतन 10 से 12,000, अनुभवी एवं आसपास रहने वालों को प्राथमिकता। **अमृत सेल्स ,रेल्वे स्टेशन के सामने, रायपुर मोबाइल 9827174205** (RO-118)

**आवश्यकता है-** अमलीडीह क्षेत्र में सेनेटरी हार्डवेयर दुकान/ गोदाम में काम करने के लिए 2 व्यक्ति, ई रिक्शा चलाने के लिए 1 ड्राइवर की आवश्यकता है मिलकर **संपर्क करें, वाहेगुरु ट्रेडर्स, मेडिशाइन हॉस्पिटल के पीछे न्यू राजेंद्र नगर मो. 91741-00009, 96301-04010** (RO-350)

### चौकीदार

**आवश्यकता है-** मकान बन रहा है उसके लिये चौकीदार की आवश्यकता है । जो 24 घंटा वहाँ रह सके परिवार के साथ पेमेंट- 15,000 महीना **सम्पर्क करे - मोबाइल न. (1) 07898489888 (2) 08959913111 मिलने का समय :- दोपहर 1 बजे से 6 बजे तक ऐड्रेस जीवन विहार तेलीबांधा रायपुर** (RO-351)

### अन्य

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ के सभी जिला व ग्रामीण क्षेत्र से अनुभवी व फ्रेसर Candidate की 10 वीं -12 वी पास एयरपोर्ट जॉब, ग्राउन्ड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्रायवर, सुपरवाइजर, वेतन- 26500/- से 55000/- रहना + खाना फ्री आवेदन करने के लिए **कॉल करें 09013968764** (RO-944)

## Business व्यापार

**व्यापार-** जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित **संपर्क:- APS इंटरप्राइजेस, रायपुर- 9111760925, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर कोरबा- 9826020603.** (RO-080)

## Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ -** 2025-2026 पूर्णतः निःशुल्क संस्कृत माध्यम , देववाणी प्राच्य संस्कृत विद्यालय, पहली से बारहवीं तक संस्कृत साहित्य, व्यवसायिक संस्कृत, आधुनिक समस्त विषय, समस्त बच्चों को सभी शासकीय सुविधाएं उपलब्ध **देववाणी प्राच्य संस्कृत विद्यालय रामनगर भिलाई मो.74891-79859, 96919-67023.** (आरो न.-7184)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**बेचना है-** स्टील प्रोफेसर कालोनी, नेहरूनगर पश्चिम भिलाई दुर्ग, सबसे पाश, शांत कालोनी में, डाइवर्टेड प्लॉट 1200, 2000, 2400 स्क्वायर फीट **कॉल 7803060600 वीरेन्द्र पुरी गोस्वामी** (आरो न.-765)

### मकान

**बेचना है-** रायपुरा साईं मंदिर के पीछे 600 वर्गफुट में 2 बी.एच.के. डायवर्सन नक्शा पास, सेपरेट बोर्ड, फॉल सीलिंग, पोर्च नवनिर्मित मकान बेचना है **संपर्क करें:- 9300505421, 9993451070.** (RO-096)

## For Rent किराया

**मकान किराये से देना है-** आदर्श नगर prime location मेनरोड से नजदीक 3300 Sqft,4 BHK/6 BHK डुप्लेक्स डबल रोड मकान Family, Office, Commercial उपयोग हेतु किराये से देना है। **संपर्क- 9039017682, 9131917808** (आरो न.-766)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

**RENT-** URGENTLY NEED FURNISHED INDIVIDUAL ACCOMODATION IN RAIPUR FOR 12 TO 13 PERSONS FOR 6 MONTHS, MINIMUM 7 BEDROOMS IN ONE HOUSE OR TWO ADJACENT HOUSE / FLAT.CONTACT IMMEDIATELY P.L.VERMA 9981921111 HIRA POWER AND STEELS LTD RAIPUR. (RO-114)

**हरिभूमि क्लासीफाईड**

**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें**
**62638-18152**

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।





## Healthcare

**समस्या का स्थाई समाधान केवल आयुर्वेद में**

- क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण जन्य रोग हैं हेपाटाइटिस (ABC) या हर्पिस रोग स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना खुजली, लाल होना, रुबेला, या सिफलिस, गोनोरिया (सूजाक), HIV (AIDS) रोग हैं।
- समस्त प्रकार के लाईलाज चमड़ी रोग सोरायसिस सिर एवं शरीर से ताँबे रंग के छिलके, रूसी, जोड़ों में दर्द, उँगलियो का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना।
- समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग **ध्यान रहें** पुरुष के प्रकृति जन्य (इंद्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। सावधान!

सुविख्यात चिकित्सक
**डॉ. एच. सी. अग्रवाल** (एम.डी.)
**निशांत अग्रवाल** (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659
9617789223, 9303242200

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
**जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
**08116592844**

## जैकेट के शेष

### बेकरी, मसाला उद्योग, ऐश ....

रही हैं। कहीं निर्माण अधूरे हैं, तो कहीं भवनो में ताले लटक रहे हैं। कहीं-कहीं मशीनों की चोरी तक हो चुकी है। रिपा योजना ने अपने प्रारंभिक दौर में समूह से जुड़ी महिलाओं व पुरूषों में आशा की एक किरण पैदा की थी। सरकार बदली, और सब मिट्टी में मिल गया। अपने उद्योग का सपना लेकर रिपा सेंटरों में काम शुरू करने वाले समूह के लोग आज अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। सरकार द्वारा प्रत्येक ब्लाक में दो-दो रिपा सेंटर स्थापित किए गए थे। इसके अंतर्गत बिलासपुर जिले में तखतपुर में बेलपान व गनियारी। बिल्हा में अकलतरी व नगोई। मस्तूरी ब्लाक में बेलटुकरी व वेदपरसदा व कोटा में करगीकला में दो-दो करोड़ रूपए की लागत से सेंटर तैयार किए गए। आज सभी बंद हैं।

**जांजगीर-चांपा में चोरी चली गईं मशीनें** : जांजगीर-चांपा जिले में जर्वे व पेंड्री में भी रिपा सेंटर स्थापित किए गए थे। यहां भी लाखों रूपए की मशीनें स्थापित की गई थीं, लेकिन आज सभी इकाइयां बंद हैं और कुछ मशीनों की चोरी तक हो चुकी है।

**कोरबा में बिका ही नहीं तैयार समान** : कोरबा जिले में कोरबा ब्लाक अंतर्गत चिर्रा में दो करोड़ रूपए की लागत से रिपा सेंटर तैयार किए गया था। यहां ऐश ब्रिक्स प्लांट लगाया गया था, जहां सत्ता परिवर्तन होते ही तैयार सामान बिका ही नहीं। प्रशासन के उदासीन रवैये से परेशान समूह के लोगों ने सेंटर में जाना छोड़ दिया, जिससे यहां भी तालेबंदी हो गई।

**इन उद्योगों की हुई थी स्थापना** : रिपा योजना के अंतर्गत स्थापित सेंटरों में स्थानीय समूहों की सलाह व उनकी रूचि के आधार पर उद्योगों की स्थापना की गई थी। इसके अंतर्गत पोहा मशीन, ऐश ब्रिक्स, चना रोस्टर, सिलाई केंद्र, बेकरी, मसाला निर्माण, मिलेट यूनिट, बोरी बैग, पेपर कप, दोना -पत्तल निर्माण, गोबर पेंट सहित विभिन्न उद्यागों की स्थापना की गई थी। आज सबमें ताले लटक रहे हैं।

### फिर सुलग उठा ....

जातीय हिंसा से संबंधित मामलों की जांच कर रही है। प्रवक्ता ने कहा, मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए मणिपुर हिंसा मामलों की सुनवाई मणिपुर से गुवाहाटी स्थानांतरित कर दी गई है।" शनिवार को एटी के सदस्य सिंह की गिरफ्तारी की खबरें फैलने के बाद राज्य की राजधानी इंफाल में स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सीबीआई के बयान में स्पष्ट किया गया कि सिंह को रविवार को इंफाल हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया। एहतियाती उपाय के तौर पर प्रशासन ने इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में निषेधाज्ञा लगाई है, जबकि इन घाटी क्षेत्रों में वीसैट और वीपीएन सुविधाओं सहित इंटरनेट और मोबाइल-डेटा सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। प्रदर्शनकारियों ने मेइती नेता की रिहाई की मांग करते हुए क्वाकेथेल और उरीपोक में सड़कों पर टायर और पुराने फर्नीचर जला दिए। शनिवार रात को राज्य की राजधानी में अलग-अलग जगहों पर सुरक्षा बलों के साथ प्रदर्शनकारियों की झड़प हुई। भीड़ ने इंफाल पूर्व जिले के खुरई लामलोंग में एक बस को आग के हवाले कर दिया।

**हिंसा में युवक की मौत** : राजधानी में बढ़ती हिंसा को देखते हुए पुलिस ने बल प्रयोग और आंसू गैस के गोले छोड़े। इस दौरान एक व्यक्ति की मौत की भी खबर है, जो कथित तौर पर लाठीचार्ज में घायल हुआ था। हिंसा के मद्देनजर बिष्णुपुर जिले में पूर्ण रूप से कर्फ्यू लगाया गया है, जबकि इम्फाल ईस्ट, इम्फाल वेस्ट, थौबल और काकचिंग में पांच से ज़्यादा लोगों के एक साथ इकट्ठा होने पर रोक लगाई गई है।

### प्रशासन ने जारी ....

असामाजिक तत्वों की गैरकानूनी गतिविधियों के कारण मानव जीवन एवं संपत्तियों को गंभीर खतरे की सूचना दी है। आदेश में लोगों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 की उपधारा दो के तहत पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने तथा लाठी, पत्थर, आग्नेयास्त्र या धारदार हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाए जाने के बारे में बताया गया। राज्य की राजधानी में अलग-अलग जगहों पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच शनिवार रात को झड़प हुई। गुस्साई भीड़ ने इंफाल पूर्व जिले के खुरई लामलोंग में एक बस में आग लगा दी। क्वाकीथेल में कई गोलियों की आवाजें सुनी गईं लेकिन यह पता नहीं चल पाया कि गोलियां किसने चलाईं।

### आईआईएम में पूरी ....

नेतृत्व', 'दूरदर्शी शासन', 'संस्कृति', 'सुशासन' और 'राष्ट्र निर्माण' जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय ने 'परिवर्तनकारी नेतृत्व एवं दूरदर्शी शासन' विषय पर अपने व्याख्यान में भगवद्गीता के श्लोकों के माध्यम से निष्काम कर्म और नैतिक प्रशासन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, कार्य केवल फल की आशा से नहीं, बल्कि उसके सही होने के कारण किया जाना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, सुशासन एवं अभिसरण विभाग के विशेष सचिव रजत बंसल, भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर के निदेशक प्रो. राम काकाणी और सभी मंत्री उपस्थित थे।

### हिड़मा के गांव ....

मुखबिर बताते हुए और ग्रामीणों को जबरन दूसरे धर्म से जोड़ने व ग्रामीणों की जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। नक्सलियों की पामेड़ एरिया कमेटी ने जारी पर्चे में बताया कि सुकमा जिले के ग्राम पूवर्ती निवासी बोड़के रामा गांव का सरपंच था। वह पुलिस का मुखबिर बनकर गांव के लोगों को डराधमका कर उनके बीजा पंडुम करने की जगह को बुलडोजर व जेसीबी की मदद से साफ कर अपने लिए खेत बना लिया था। इसके अलावा उसने पास्टर बनकर गांव के कुछ लोगों को भी अपने साथ जोड़ लिया था। उसने गांव के तालाब के मेड़ को भी खोदकर नीचे की जमीन को मेरा जमीन है, बोलकर पट्टा बना लिया है। इन्ही सब बातों को देखकर हमारी पार्टी ने उसे मौत की सजा दी है।

### पूर्व सरपंच की हत्या ....

सड़क, अस्पताल व अन्य सुविधाएं शुरू की गई है।

### मोंगरा, मुरुमसिल्ली समेत ....

प्रतिशत से अधिक पानी था। तालाबों को भरने के लिए छोड़े जाने वाले पानी का सही ढंग से आकलन नहीं होने के कारण भीषण गर्मी से निपटने लगातार डेढ़ माह तक यह क्रम चला। अब प्रदेश के 12 बड़े बांधों में भी 24 प्रतिशत पानी बचा है। इनमें मिनीमाता बांगो में 25, गंगरेल में 31, तांदुला में 17, दुधावा में 19, सिकासार में 18, खारंग में 33, सोंदूर में 18, कोड़ार में 8 प्रतिशत पानी शेष है। सिंचाई विभाग के अनुसार इनमें से कई बांधों में अब पेयजल और औद्योगिक उपयोग के लिए ही पानी शेष रह गया है।

**मुरुमसिल्ली भी सूखा** : मुरुमसिल्ली बांध महानदी की सहायक नदी सिलयारी पर बना है। साइफन स्पिलवेज सिस्टम से बने बांध की क्षमता 40.15 मिलियन क्यूबिक मीटर है। यहां अब बांध में पानी नहीं है। ऐसा पहली बार हुआ है कि यहां पानी का स्तर काफी गिरा है। अब बांध को बारिश का इंतजार है।

**पानी कम होने के ये कारण** : छत्तीसगढ़ के बांधों से लगातार पानी छोड़ने के कारण इनका जलस्तर लगातार कम होता जा रहा है। प्रदेश के 46 में से 34 बांध वर्तमान स्थिति में पिछले साल से ज्यादा खाली हैं। 20 बांध ऐसे हैं, जहां जलस्तर 25 प्रतिशत से नीचे चला गया है। विभाग के अधिकारी बताते हैं कि प्रदेश में बारिश की कमी, पानी का तेजी से वाष्पीकरण बांध और जमीन का पानी कम होने के प्रमुख कारण हैं। इसके अलावा बांधों के क्षतिग्रस्त होने से पानी कम हो रहा है।

### यू-ट्यूब पर पिक्चर ....

इसमें मृतक के शादी से लेकर अन्य बातों के संबंध में पता चला। खुदकुशी करने से पहले मृतक आनंद देवांगन ने यू ट्यूब पर अपनी पिक्चर लोड करते हुए बताया कि उसकी शादी 27 नवम्बर 2024 को हुई थी और 25 मार्च 2025 को उसकी पत्नी अपने मायके चली गई। अपनी पत्नी को वापस घर लाने के लिए उसने कई बार कोशिश की, लेकिन उसकी पत्नी की मां और बहन के बहकावे में आकर उसने आने से मना कर दिया।

## पेज एक के शेष

### बस्तर के 15000 से...

संचालन वर्षों से जर्जर भवनों में हो रहा है। विभाग द्वारा जर्जर भवनों के सुधार की पहल नहीं की गई नए सत्र में अपना भविष्य गढ़ने के लिए बच्चे पानी टपकते भवनों में पढ़ाई करने मजबूर होंगे। तत्कालीन कांग्रेस सरकार में स्कूल जतन योजना के तहत कई स्कूलों की मरम्मत होने का दावा किया गया था, जिसमे लाखों रुपए खर्च हुए, पर आज भी 1542 विद्यालय ऐसे हैं, जिसका काम शुरू ही नहीं हो सका है। सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों का दावा है,जर्जर स्कूल भवनों का मरम्मत व सुधार कार्य जारी है। लेकिन ग्राउंड जीरो पर ऐसे स्कूल भवनों को देखने के बाद यह स्पष्ट हो जाता है, कि मरम्मत कार्य शुरू ही नहीं किया गया है। उल्लेखनीय हो कि 15 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होगा। इतने कम अवधि में जर्जर स्कूल भवन को कैसे दुरस्त किया जाएगा।

### जिलों में कितने...

शाला, 1 हाई और 1 हायर सेकंडरी स्कूल में मरम्मत की आवश्यकता है। सुकमा जिले के 90 प्राथमिक शाला, 30 माध्यमिक शाला, 3 हाई स्कूल व 1 हायर सेकंडरी जर्जर स्कूल भवन में अध्ययन करने पर मजबूर होंगे।

### ढाई दशक बाद...

कि बस्तर में अब तक के बड़े नक्सली वारदातों का मास्टर माइंड हिड़मा को माना जाता है। इन वारदातों में सैकड़ों जवानों व निर्दोष ग्रामीणों की हत्या की जा चुकी है और सुरक्षाबलों को लंबे समय से उसकी तलाश है। पिछले लगभग 25 वर्षों से हिड़मा की एक पुरानी तस्वीर सुरक्षाबलों के पास थी, लेकिन अब नई तस्वीर जारी होने से जवानों को उसे खोजने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि हिड़मा को कई बड़ी नक्सल वारदातों का मास्टर माइंड माना जाता है। उस पर 40 लाख रुपए का ईनाम शासन ने घोषित कर रखा है। इसी हिड़मा की सुरक्षाबलों के पास एक पुरानी तस्वीर थी जो तब की बताई जा रही है जब उसने नक्सल संगठन ज्वाइन किया था। अब उसकी नई तस्वीर सामने आने से फोर्स हिड़मा की आसानी से पहचान कर सकती है। संगठन में रहने के दौरान हिड़मा की हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने में अहम भूमिका होती थी।

### छेड़खानी के आरोप...

शुरू कर दी है। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। मृतक युवक की उम्र लगभग 35 साल है। उसके शरीर पर मटमैले रंग की टी-शर्ट और ग्रे रंग की जांघिया थी। उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

### धनवार बेरियर पर ....

है। पुलिस की इस कार्रवाई से एक बड़ा खुलासा भी हुआ है। नशे के सौदागरों द्वारा दूसरे राज्यों से बड़े पैमाने पर डोडा चूरा और पोस्त की सप्लाई की जा है। फिलहाल पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद चौकाने वाले खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। सरगुजा पुलिस ने।एमपी की सरहद्दों में चेकिंग अभियान को तेज कर दिया है और आने जाने वाले सभी वाहनों की सख्ती से जांच की जा रही है। इसी बीच बलरामपुर जिले के बसंतपुर पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी और एसडीओपी राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में 8 जून को धनवार बेरियर में चलाए गए जांच अभियान के दौरान यह सफलता मिली है। रात के समय धनवार आरटीओ बेरियर पर जांच के दौरान जब पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रक की जांच की तो उनके होश उड़ गए। ट्रक में डोडा पोस्त और डोडा चूरा लोड था। ऐसे में पुलिस ने जब वाहन को जब्त कर जांच की तो पूरे ट्रक में 90 बोरियों में डोडा बरामद किया गया। इसमें ज्यादातर डोडा पोस्ट है जबकि कुछ बोरियो डोडा चुरा भी मिला है।

# जगन्नाथ मंदिर के निकट मांसाहार और शराब बिक्री होगी बंद

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के दो किलोमीटर के दायरे में मांसाहारी भोजन और शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाएगी। राज्य क कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह निर्णय पुरी शहर की पवित्रता को बनाए रखने के लिए राज्य सरकार की व्यापक पहल के तहत लिया गया है।

हरिचंदन आबकारी मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा, ''जगन्नाथ मंदिर के दो किलोमीटर के दायरे में मांस और शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया जाएगा। इस प्रतिबंध के दायरे में 'बार' भी आएंगे।'' उन्होंने कहा, ''ग्रैंड रोड पर शराब की कोई दुकान या 'बार' नहीं होगा। इसके अलावा, जगन्नाथ मंदिर को गुंडिचा मंदिर से जोड़ने वाली ग्रैंड रोड पर मांसाहारी पदार्थों की बिक्री पर भी प्रतिबंध रहेगा।' मंत्री ने हालांकि यह नहीं बताया कि यह प्रतिबंध कब से लागू होगा।

**बेंगलुरु भगदड़ पर मांगा जवाब**

# कांग्रेस हाईकमान ने की सिद्धरमैया व डिप्टी सीएम की खिंचाई!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ की घटना में 11 लोगों की मौत के बाद कांग्रेस आलाकमान ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के प्रति कड़ी नाराजगी जाहिर की है। बताया जा रहा है कि पार्टी आलाकमान ने राज्य के दोनों नेताओं की खिंचाई करते हुए एक सप्ताह के भीतर दिल्ली तलब किया है। दोनों नेताओं से फोन पर बात के दौरान कहा गया कि बिना किसी नियम का पालन किए जश्न मनाने की अनुमति देने की क्या आवश्यकता थी। बता दें कि इस दुखद घटना के कारण राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की छवि पर असर पड़ा है। सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय नेताओं के निर्देश के बाद कई कड़े कदम उठाए गए, जिनमें बेंगलूरु के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद को निलंबित करना और विधान पार्षद के. गोविंदराज को मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव के पद से हटाना शामिल है। पार्टी आलाकमान ने कहा कि जमीनी हालात को ठीक से नहीं संभाला जा सका।

### मंच पर मौजूद लोगों पर भी आलाकमान नाराज

यह भी दावा किया जा रहा है कि विधानसौधा के मंच पर मुख्यमंत्री के पोते और मंत्री जमीर अहमद खान के बेटे की मौजूदगी को लेकर भी पार्टी आलाकमान की ओर से आपत्ति जताई गई है। वहीं, शिवकुमार का आरसीबी टीम का स्वागत करने एचएएल हवाई अड्डा पहुंचना और आरसीबी का झंडा थामना, मौतों की सूचना मिलने के बावजूद स्टेडियम में जश्न जारी रखने का फैसला, पार्टी आलाकमान को रास नहीं आया।

### अध्यक्ष खरगे और राहुल खुश नहीं

सूत्रों का कहना है कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इससे खुश नहीं हैं। इस दुखद घटना के कारण राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की छवि पर असर पड़ा है। पार्टी महासचिव व प्रदेश मामलों के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला और महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित वरिष्ठ नेताओं ने जल्दबाजी में जश्न मनाने के निर्णय पर सवाल उठाए।

### आलाकमान के इशारे पर कार्रवाइयां

बताया जा रहा है कि केंद्रीय नेतृत्व के इशारे पर ही घटना की जांच के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जॉन माइकल डी कुन्हा की अध्यक्षता में एक सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया गया और पुलिस की ओर से दर्ज मामले की जांच अपराध अनुसंधान विभाग को को सौंपी गई। हालांकि, प्रशासनिक चूक के लिए उसी रात मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए जा चुके थे।

**चिराग पासवान का बड़ा ऐलान**

# बिहार की सभी 243 सीटों पर लड़ूंगा चुनाव

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। अब केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और यह लड़ाई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मजबूत करने के लिए लड़ी जाएगी। इसके अलावा उन्होंने खुद की दावेदारी पर बोलते हुए कहा कि उनकी सीट का फैसला जनता करेगी। चिराग आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में नव संकल्प महासभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, "हमारा गठबंधन सिर्फ बिहारियों के विकास के लिए है, हम इसके लिए विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। मुझसे पूछा जाता है कि मैं कहां से चुनाव लड़ूंगा। मैं कहता हूं कि मैं बिहार के सभी 243 सीटों से चुनाव लड़ूंगा। मेरी पार्टी और मैं बिहार की 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, ताकि एनडीए को मजबूती मिले और हम एकजुट होकर विजय की ओर बढ़ें। चिराग ने कहा कि बिहार को अपराध का गढ़ बताने वाले राहुल गांधी के झांसे नहीं आएं, बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन के साथ बिहार को भारत का नंबर वन राज्य बनाएंगे।



### किस सीट से चुनाव लड़ेंगे चिराग?

चिराग ने कहा, "मेरे अपनों ने ही मुझे घर से बाहर निकाल दिया था। तब यहां की जनता ने ही मेरा साथ दिया। बिहार की जनता ही मेरा परिवार है। ऐसे में यह फैसला भी बिहार की जनता को ही लेना है कि मैं कहां से विधानसभा चुनाव लड़ूं। यह भी आप पर ही छोड़ता हूं। आप जहां से बोलेंगे, मैं वहां से बिहार विधानसभा चुनाव लड़ूंगा और आपके क्षेत्र का विधायक बनूंगा।

**न्यायमूर्ति वर्मा के पास एकमात्र विकल्प**

# महाभियोग से बचने देना होगा इस्तीफा!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के पास संसद द्वारा पद से हटाने के लिए चलाई जाने वाली कार्यवाही से बचने का एकमात्र विकल्प इस्तीफा है, क्योंकि सरकार कथित भ्रष्टाचार के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए महाभियोग प्रस्ताव लाने पर जोर दे रही है। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति और उन्हें हटाने की प्रक्रिया से अवगत अधिकारियों ने बताया कि किसी भी सदन में सांसदों के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए न्यायमूर्ति वर्मा यह घोषणा कर सकते हैं कि वह पद छोड़ रहे हैं और उनके मौखिक बयान को उनका इस्तीफा माना जाएगा। अगर वह इस्तीफा देने का फैसला करते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के बराबर पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। लेकिन अगर उन्हें संसद द्वारा हटाया जाता है, तो उन्हें पेंशन और अन्य लाभों से वंचित कर दिया जाएगा।

### जस्टिस खन्ना ने इस्तीफा देने को कहा था

पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना ने जस्टिस वर्मा मामले की जांच के लिए तीन न्यायाधीशों की एक समिति गठित की, जिसने अपने रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा को दोषी माना। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए कहा था। जस्टिस खन्ना ने वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा था, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जस्टिस वर्मा ने इनकार कर दिया था।


**इंडियनऑयल**
IndianOil
CIN : L23201MH1959GOI011388

विपणन प्रभाग | एनडीएनई की नियुक्ति | मध्य प्रदेश राज्य कार्यालय

(गैर-घरेलू गैर-छूट प्राप्त) एलपीजी खुदरा विक्रेता

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) छत्तीसगढ़ में निम्न निर्दिष्ट स्थानों पर वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोगकर्ताओं को पैक्ड एलपीजी के विपणन के लिए विशेष एनडीएनई एलपीजी खुदरा विक्रेता की नियुक्ति का प्रस्ताव करता है:

| अनु.सं. | स्थान | ज़िला | श्रेणी | संचालन का क्षेत्र | शोरूम का स्थान | बाजार का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | रायपुर | खुला | संपूर्ण रायपुर जिला | रायपुर नगर निगम सीमा | शहरी/ग्रामीण |
| 2. | जगदलपुर | बस्तर | खुला | संपूर्ण बस्तर जिला | जगदलपुर नगर निगम सीमा | शहरी/ग्रामीण |

**पात्रता एवं चयन का विवरण:-** चयन के लिए पात्रता/मूल्यांकन मानदंड और आवेदन प्रारूप के साथ विस्तृत दिशानिर्देश आईओसीएल की वेबसाइट **www.iocl.com** पर उपलब्ध है और इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है या नीचे दिए गए पते से उपरोक्त सभी स्थानों के लिए व्यक्तिगत रूप से भी प्राप्त किया जा सकता है:

उपरोक्त स्थान के लिए, मंडलीय एलपीजी बिक्री प्रमुख, रायपुर इंडेन मंडलीय कार्यालय, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (एम.डी.), वीआईपी रोड, तेलीबांधा, पोस्ट ऑफिस रविग्राम, रायपुर - 492006 (सी.जी.), फोन 0771-4313026, संपर्क व्यक्ति होंगे।

**आवेदन पत्र के साथ रु. 5000/- (पाँच हज़ार रुपये मात्र)** का गैर-वापसीयोग्य **आवेदन शुल्क इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमडी) के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा किया जाना चाहिए, जो उपरोक्त सभी स्थानों के लिए रायपुर में देय होगा।** सभी प्रकार से पूर्णतया भरा हुआ आवेदन पत्र **09.07.2025 को 17.00 बजे या उससे पहले** हमारे ऊपर्युक्त पते पर पहुँच जाना चाहिए।

**सामान्य शर्तें:-**

- इस प्रकार चयनित गैर-घरेलू एलपीजी खुदरा विक्रेता केवल गैर-घरेलू पैक्ड एलपीजी सिलेंडरों के विपणन के लिए ही होगा तथा उसे घरेलू एलपीजी ग्राहकों को नामांकित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- **नियुक्ति पत्र (एलओए) जारी किए जाने से पहले चयनित उम्मीदवार को इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के पास रु. 5 लाख (पांच लाख रुपये मात्र) की ब्याज मुक्त वापसी योग्य सुरक्षा जमा राशि जमा करनी होगी।**
- यह एक व्यावसायिक प्रस्ताव है और इसमें किसी प्रकार की नौकरी या लाभ की सुनिश्चित वापसी की गारंटी नहीं दी जाती है।
- आईओसी बिना कोई कारण बताए अपने विवेक से इस विज्ञापन को रद्द करने/वापस लेने या नियत तिथि को आगे बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता श्रीमती उर्मीला धृतलहरे पिता बहुरालाल निवासी-न्यू लक्ष्मी नगर मोवा तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व एंव अधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम कोटनी प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. पलौद, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 341/2 रकबा 0.3900 हेक्टेयर खसरा नंबर 349/7 रकबा 0.0800 हेक्टेयर को क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया जाकर विक्रय इकरारनामा निष्पादित कर ब्याने की राशि अदा किया जा चुका है उक्त भूमि के विक्रय विलेख निष्पादन एंव पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपर वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, शासकीय या अर्द्धशासकीय, संस्थाएं, निकाय, बैंक, साहूकार, आदि को किसी भी प्रकार से उजर दावा या आपत्ति हो तो मेरे निम्नलिखित पते पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते है समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में उपर वर्णित भूमि का विक्रय विलेख का पंजीयन करा लिया जावेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत उजर दावा या आपत्ति अवैध एंव प्रभावशून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

रायपुर दिनांकः- 08/06/2025

भवदीय
एम.के. जांगड़े अधिवक्ता
कार्यालय मकान नं.-6 प्लेटिनम
अशोका रत्न कालोनी व्ही.आई.पी.
स्टेट शंकर नगर रायपुर छ.ग.
मोबा. : - 7987413159, 9926528524


# तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में 2026 में राजग की सरकार बनेगी: अमित शाह



**मदुरै।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि 2026 में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी। शाह ने 4,600 करोड़ रुपये के रेत खनन घोटाले सहित भ्रष्टाचार के नए आरोप लगाकर राज्य की द्रमुक सरकार पर निशाना साधा। पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने मदुरै को 'परिवर्तन' का शहर बताया और कहा कि इस मंदिर शहर में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन बदलाव लाएगा और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को सत्ता से बेदखल करेगा। गृह मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन दावा करते हैं कि शाह द्रमुक को नहीं हरा सकते और एक मायने में वह सही भी हैं। उन्होंने कहा, ''शाह द्रमुक को नहीं हराएंगे, बल्कि तमिलनाडु के लोग बदलाव लाएंगे।'

शाह ने कहा कि उन्होंने देशभर के चुनावों में हिस्सा लिया है और लोगों की नब्ज समझते हैं। शाह ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि तमिलनाडु के लोग इस बार द्रमुक सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। शाह ने आरोप लगाया कि द्रमुक के भ्रष्ट शासन में तमिलनाडु के गरीब, महिलाएं और बच्चें प्रभावित हुए हैं। शाह ने अपनी पार्टी के सदस्यों से स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक सरकार को सत्ता से बेदखल करने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

## राशिफल

**मेष**: किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष**: मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्काराादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन**: पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क**: आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह**: व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या**: पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला**: मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक**: परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु**: मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर**: क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ**: रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन**: पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5892



**बाएँ से दाए**
1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी-2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

**शब्द पहेली- 5891 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5902

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5901 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## खबर संक्षेप

### इंफोसिस ने गिफ्ट सिटी में खोला नया विकास केंद्र



**नई दिल्ली।** इंफोसिस ने गांधीनगर के गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में एक नया विकास केंद्र खोला है। वित्तीय सेवाओं और बीमा ग्राहकों के लिए समाधान विकसित करेगा। इस केंद्र का उद्घाटन गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने किया, और इसमें 1,000 से अधिक कर्मचारियों को समायोजित करने की क्षमता है।

### हुंडई, मारुति सुजुकी को मजबूत वृद्धि की उम्मीद



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी और हुंडई मोटर इंडिया को चालू वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के बीच निर्यात में अच्छी वृद्धि की उम्मीद है। मात्रा के लिहाज से अपने निर्यात में एकल अंकों की वृद्धि की उम्मीद कर रही है। दूसरी ओर मारुति सुजुकी अपने निर्यात में मात्रा के लिहाज से लगभग 20 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रही है।

### एटीआर भारत में विमानों की बिक्री करने तैयार



**नई दिल्ली।** भारत में कारोबारी अवसरों को देखते हुए यूरोपीय विमान विनिर्माता एटीआर अपने विमानों की बिक्री की संभावना तलाशने के लिए अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। भारतीय बाजार की वृद्धि संभावनाओं को देखते हुए एटीआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले 10 वर्षों में देश में 300 से अधिक टर्बोप्रॉप होंगे।

### अदाणी को मिला 10.41 करोड़ रुपए का वेतन

**नई दिल्ली।** भारत के दूसरे सबसे धनी व्यक्ति गौतम अदाणी को 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में कुल 10.41 करोड़ रुपए का पारिश्रमिक मिला। यह राशि उद्योग के उनके अधिकांश प्रतिस्पर्धियों और उनके अपने प्रमुख अधिकारियों से कम है। समूह की सूचीबद्ध संस्थाओं की ताजा वार्षिक रिपोर्ट से पता चला कि अदाणी (62) ने बंदरगाहों से लेकर ऊर्जा तक फैसे अपने कारोबारी समूह की नौ सूचीबद्ध कंपनियों में सिर्फ दो से वेतन लिया। उनका कुल पारिश्रमिक 2023-24 में अर्जित 9.26 करोड़ रुपए के मुकाबले 2024-25 में 12 प्रतिशत अधिक था।

# 61 फीसदी ईमेल यूजर साइबर अटैक का शिकार, पासवर्ड से अब नहीं चलेगा काम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गूगल ने जीमेल अकाउंट की सुरक्षा को लेकर चेतावनी जारी की है। कंपनी का कहना है कि पुराने पासवर्ड और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अब सुरक्षित नहीं हैं। इनकी जगह पासकीज या सोशल साइन-इन जैसे नए विकल्पों का इस्तेमाल करें जो अधिक सुरक्षित हैं। गूगल के अनुसार पासवर्ड याद रखने में मुश्किल होते हैं और फिशिंग का शिकार हो सकते हैं। क्या आप अभी भी अपने जीमेल अकाउंट के लिए पुराने पासवर्ड या टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन जैसे पुराने सिक्योरिटी मेथड्स पर डिपेंड हैं? तो सावधान हो जाइए।

- पासकीज या सोशल साइन-इन जैसे नए विकल्पों का इस्तेमाल करें जो सुरक्षित हैं

## जीमेल अकाउंट के लिए पुराने पासवर्ड, तो सावधान हो जाइए

### क्या है ये पासकीस?

जो लोग पासकी के बारे में नहीं जानते, उन्हें बता दें कि यह एक नया लॉगिन सिस्टम है जिसमें पासवर्ड की जगह फिंगरप्रिंट, फेस आईडी या पैटर्न लॉक जैसे बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल किया जाता है। यह तरीका आपको फिशिंग अटैक से बचा सकता है क्योंकि इसमें यूजर को उसी प्रोसेस से गुजरना पड़ता है जिससे वह स्मार्टफोन को अनलॉक करते हैं।






### गूगल ने दी ये सलाह

दरअसल टेक दिग्गज का कहना है कि पासवर्ड अब सेफ नहीं हैं। गूगल का साफ कहना है कि पासवर्ड को मेन्टेन करना मुश्किल है, पासवर्ड न सिर्फ याद रखने में मुश्किल होते हैं, बल्कि आसानी से फिशिंग का शिकार भी हो सकते हैं। इसके साथ ही यह डेटा लीक के टाइम भी सामने आ जाते हैं। ऐसे में अब गूगल **Passkeys** जैसे नए ऑप्शन पर स्विच होने की सलाह दे रहा है।

### पासकीस से करें लॉगइन

टेक दिग्गज का कहना है कि इसकी जगह आप पासकीस या सोशल साइन-इन जैसे नए ऑप्शंस का इस्तेमाल करें, जो ज्यादा सेफ हैं। फोर्ब की एक रिपोर्ट में भी यह खुलासा हुआ है कि 61 फीसदी ईमेल यूजर साइबर अटैक का शिकार हुए हैं और माना जा रहा है कि इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड साइबर क्राइम की बड़ी भूमिका रही है। चलिए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं...

### बुजुर्गों को बदलाव में दिक्कत

गूगल की एक रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि युवा पीढ़ी तेजी से पासकी पर स्विच कर रही है और सोशल मीडिया साइन-इन जैसे सुरक्षित ऑप्शंस को अपना रही है, जबकि बुजुर्ग यूजर्स अभी भी पुरानी पासवर्ड सिस्टम को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं, जो उनके लिए अधिक जोखिम पैदा कर सकता है।

## देश में गरीबी दर 27.1 फीसदी से गिरकर 2022-23 में 5.3 प्रतिशत पर

# दुनिया में 12.5 करोड़ गरीब बढ़े, लेकिन भारत में 80 फीसदी कम हो गई गरीबी

*बीते एक दशक के दौरान भारत में चरम गरीबी की दर में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। विश्व बैंक की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश में चरम गरीबी दर 2011-12 के 27.1 फीसदी से गिरकर 2022-23 में 5.3 प्रतिशत पर पहुंच गई।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 2011-12 में देश में 34.45 करोड़ लोग चरम गरीबी में जीवनयापन कर रहे थे, जो 2022-23 में घटकर 7.52 करोड़ रह गए। इस प्रकार पिछले 11 वर्षों में लगभग 26.9 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं।

विश्व बैंक ने 3 डॉलर प्रतिदन (2021 कीमतों पर) की अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा के आधार पर यह आकलन किया है। 2.15 डॉलर प्रतिदिन (2017 कीमतों पर) की पुरानी गरीबी रेखा के मानक पर देखें तो भारत में चरम गरीबी दर 2011-12 के 16.2 प्रतिशत से गिरकर 2022-23 में 2.3 प्रतिशत रह गई है। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में चरम गरीबी दर 18.4 प्रतिशत से घटकर 2.8 प्रतिशत हुई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 10.7 प्रतिशत से गिरकर 1.1 प्रतिशत पर पहुंच गई है।




### बहुआयामी गरीबी सूचकांक

बहुआयामी गरीबी सूचकांक के मामले में भी भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। 2005-06 में यह 53.8 फीसदी था, जो 2019-21 में घटकर 16.4 फीसदी और 2022-23 में 15.5 फीसदी रह गया। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों ने गरीबी को समाप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 2011-12 में इन राज्यों में देश की कुल गरीब आबादी का 65 प्रतिशत हिस्सा रहता था।

### विश्व बैंक ने किया बदलाव

वित्त मंत्रालय के मुताबिक, विश्व बैंक ने वैश्विक गरीबी के आकलन में बदलाव करते हुए अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा को 2.15 डॉलर प्रति दिन से बढ़ाकर 3 डॉलर प्रति दिन कर दिया गया है। इस बदलाव के कारण दुनिया भर में चरम गरीबों की संख्या में 12.5 करोड़ की वृद्धि हो गई।

### क्यों बनाई जाती है यह रिपोर्ट?

विश्व बैंक की यह रिपोर्ट 100 से अधिक विकासशील देशों में गरीबी, साझा समृद्धि और असमानता के रुझानों के बारे में बताते हैं। विश्व बैंक समूह और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वसंत और वार्षिक बैठकों के लिए साल में दो बार जारी होने वाली ये जानकारी किसी देश की गरीबी और असमानता के बारे में तस्वीर पेश करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार

- ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 2011-12 में 18.4% से घटकर 2022-23 में 2.8% हुई।
- शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 2011-12 में 10.7% से घटकर 1.1% हुई।
- ग्रामीण और शहरी गरीबी के बीच का अंतर 7.7 प्रतिशत अंक से घटकर 1.7 प्रतिशत अंक रह गया।

#### रोजगार में हुई वृद्धि

- वर्ल्ड बैंक के अनुसार, भारत को निम्न-मध्यम आय स्तर पर गरीबी कम करने से फायदा हुआ।
- प्रतिदिन 3.65 अमेरिकी डॉलर मापा गया है।
- ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इस व्यापक-आधारित वृद्धि से लाखों लोगों को लाभ हुआ है।
- रोजगार वृद्धि में सकारात्मक रुझान देखे गए हैं विशेषकर 2021-22 के बाद से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जैसा कि विश्व बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है।
- 2021-22 से रोजगार वृद्धि ने कामकाजी आयु वर्ग की आबादी को पीछे छोड़ दिया है, खासकर महिलाओं के बीच रोजगार दरों में वृद्धि हुई है।
- शहरी बेरोजगारी वित्त वर्ष 24-25 की पहली तिमाही में 6.6 प्रतिशत तक गिर गई, जो 2017-18 के बाद सबसे कम है।

# अमेरिका से ट्रेड डील में किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत, अमेरिका के साथ कृषि बाजार पहुंच को लेकर चल रही व्यापार वार्ता में संभावित लाभ और हानि का आकलन करते हुए अपने किसानों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देगा। चौहान ने साक्षात्कार में कहा, हमारी प्राथमिकता अपने किसानों के हितों की रक्षा करना है। भारत आंखें मूंदकर काम नहीं करेगा। हम अपने लाभ और हानि का आकलन करेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृषि मंत्री चौहान एक सवाल का जवाब दे रहे थे कि अमेरिकी कृषि और बागवानी उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच के लिए दबाव के बीच भारत किसानों की सुरक्षा कैसे करेगा। वार्ताकार द्विपक्षीय सौदे के पहले चरण की व्यापक रूपरेखा के लिए खाके पर सहमत हो सकते हैं, जिस पर 2025 की शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच चर्चा चल रही है। एक बात स्पष्ट है, हम अपने किसानों के हितों की रक्षा करेंगे।



### इन उत्पादों का निर्यात

*अमेरिका को भारत के मुख्य कृषि निर्यात में जमे हुए झींगा, बासमती चावल, मसाले, प्रसंस्कृत अनाज और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद शामिल हैं। अमेरिका मक्का, सोयाबीन और पशु आहार जैसे अधिक कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन उसे भारत से, विशेष रूप से कृषि में उच्च शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, जहां औसत शुल्क 39-50 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।*

### बेहतर बाजार पहुंच की मांग

मंत्री की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत और अमेरिका कृषि व्यापार के विस्तार पर बातचीत जारी रखे हुए हैं, जिसमें वाशिंगटन भारतीय बाजार में अपने कृषि उत्पादों के लिए कम शुल्क और बेहतर बाजार पहुंच की मांग कर रहा है। भारत, ग्रामीण समुदायों से संभावित प्रतिक्रिया की चिंता और घरेलू उत्पादकों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता से बचाने की आवश्यकता के कारण अपने कृषि और डेयरी बाजारों को पूरी तरह से खोलने के प्रति सतर्क है।

# टाटा स्टील की ईएएफ परियोजना का निर्माण शुरू करने की योजना

- कंपनी भारत और नीदरलैंड परिचालन से ग्राहकों को सेवा दे रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू कंपनी टाटा स्टील को उम्मीद है कि वह जुलाई 2025 से ब्रिटेन में अपनी कम कार्बन ईएएफ-आधारित इस्पात बनाने वाली परियोजना का निर्माण शुरू कर देगी और 2027 तक परिचालन शुरू कर देगी।




कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने यह कहा है। टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) टी वी नरेंद्रन और कार्यकारी निदेशक (ईडी) और मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) कौशिक चटर्जी ने कंपनी की वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि कंपनी को पोर्ट टैलबोट में अपनी 1.5 अरब डॉलर की परियोजना के लिए आवश्यक मंजूरी मिल गई है। प्रबंधन ने कहा, अब हम वित्त वर्ष 2027-28 तक कार्बन उत्सर्जन रहित और अत्याधुनिक ईएएफ-आधारित इस्पात विनिर्माण की ओर बढ़ रहे हैं, जिसे ब्रिटेन सरकार के 50 करोड़ पाउंड के वित्तपोषण से समर्थन मिलेगा उन्होंने कहा कि पोर्ट टैलबोट में ईएएफ (इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस) परियोजना के लिए योजना अनुमोदन प्राप्त हो गया है और निर्माण जुलाई 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। ब्रिटेन में परिचालन बंद कर दिया गया है और कंपनी अपने भारत और नीदरलैंड परिचालन से अपने ग्राहकों को सेवा दे रही है।

# रिलायंस की कंपनी इन्फ्रास्ट्रक्चर विमान उन्नयन पर लगाएगी 5,000 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने रक्षा कारोबार को विमान उन्नयन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करके गति देने की योजना बना रही है, जिसके तहत अगले सात से 10 वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के अवसर प्राप्त होंगे।

इस रणनीतिक कदम से रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गई है, जो मूल विनिर्माता बने बिना ही स्वतंत्र रूप से व्यापक विमान उन्नयन कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रही है। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिस पर पारंपरिक रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माताओं) का प्रभुत्व है। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के एक सूत्र के अनुसार, कंपनी ने अमेरिका स्थित एवियोनिक्स फर्म जेनेसिस के सहयोग से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक अनुबंध के तहत 55 डोर्नियर-228 विमानों का सफलतापूर्वक उन्नयन करके पहले ही एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। शुरू में 37 विमानों के लिए अनुबंध दिया गया था, रिलायंस ने पहले के अनुबंध के सफल निष्पादन के बाद अतिरिक्त 18 इकाइयों के लिए दोबारा ऑर्डर हासिल किया। सूत्रों ने बताया कि डोर्नियर अपग्रेड अनुबंध का कुल मूल्य 350 करोड़ रुपये था।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

# अविनाश ग्रुप : सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा रेसिडेंशियल क्लब 'क्लब उत्सव' की भव्य लांचिंग



- रायपुर में लग्जरी जीवनशैली का नया अध्याय शुरू

**रायपुर।** रियल एस्टेट क्षेत्र की अग्रणी कंपनी अविनाश ग्रुप ने अपने प्रीमियम प्रोजेक्ट अविनाश चितवन में सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा रेसिडेंशियल क्लब 'क्लब उत्सव' का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर अविनाश ग्रुप के चेयरमैन अरुण सिंघानिया, चेयरमैन नरेश सिंघानिया, मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद सिंघानिया, डायरेक्टर मुकेश सिंघानिया, डायरेक्टर प्रियांक सिंघानिया, डायरेक्टर यश सिंघानिया, डायरेक्टर सौरभ अग्रवाल, डायरेक्टर प्रतीक शर्मा एवं अविनाश ग्रुप के स्टाफ और सम्माननीय ग्राहक उपस्थित थे।

करीब 60,000 वर्ग फीट में फैला यह क्लब आधुनिक जीवनशैली की सभी जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। क्लब उत्सव में कुल 57 अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जो पहली बार किसी रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट में इस स्तर पर दी जा रही हैं। इनमें इंडोर और आउटडोर गेम्स एरिया, स्वीमिंग पूल, मिनी थियेटर, रेस्टोरेंट, कैफेटेरिया, गेस्ट रूम्स, पार्टी हॉल, जिम और योगा हॉल जैसी सुविधाएं शामिल हैं। क्लब का डिजाइन इस प्रकार तैयार किया गया है कि यह हर आयु वर्ग के निवासियों की जरूरतों को पूरा कर सके।

अविनाश ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद सिंघानिया ने बताया कि क्लब उत्सव का उद्देश्य निवासियों को एक वेलनेस और लग्जरी जीवनशैली प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह क्लब पूरे छत्तीसगढ़ और सेंट्रल इंडिया में रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट्स के लिए एक नया बेंचमार्क स्थापित करेगा।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

काान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292



# सबसे साफ हिल स्टेशन, बना सैर-सपाटे का नया स्वर्ग! नहीं है कूड़े का नामोनिशान

भारत का हर एक शहर अलग-अलग खासियत के लिए प्रसिद्ध है। कुछ शहरों को विश्व भर में जाने जाते हैं, तो कुछ शहर ऐसे भी हैं जो गुमनाम है। आज हम आपको देश का सबसे साफ हिल स्टेशन के बारे में बताएंगे, जहां कूड़े का नामोंनिशान नहीं है। यहां की खूबसूरती देखकर पर्यटक फिदा हो जाते हैं। ऐसे में यदि आप ही छुट्टी बिताने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको भारत का सबसे साफ हिल स्टेशन जरूर एक्सप्लोरर करना चाहिए। वहीं, सामान्य ज्ञान के लिहाज से भी आपको इसका नाम पता होना जरूरी है।

## एशिया का इकलौता ऐसा शहर है, जहां किसी भी प्रकार के वाहन को चलाने पर रोक



### महाराष्ट्र के रायगढ़ में है माथेरान

दरअसल, इस हिल स्टेशन का नाम माथेरान है, जो कि महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में स्थित है। यह देश ही नहीं, बल्कि पूरे एशिया का इकलौता ऐसा शहर है, जहां किसी भी प्रकार के वाहन को चलाने पर रोक है। इस शहर को लोग ऑटोमोबाइल वहान फ्री सिटी के नाम से भी जानते हैं। यहां आपको घूमने के लिए या तो ढाई किलोमीटर पैदल यात्रा करनी पड़ेगी या फिर आप घुड़सवारी भी कर सकते हैं। यह भारत का सबसे छोटा हिल स्टेशन है, जो मात्र 7 किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है।



### सिर्फ 6000 लोगों की है आबादी

आबादी की बात की जाए, तो यह करीब 6000 के आसपास है। माथेरान पहाड़ों पर बसा होने के कारण लोगों के बीच सर्वाधिक लोकप्रिय हो रहा है। यह समुद्र तल से 2635 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। चारों तरफ हरियाली से घिरा होने के कारण पर्यटक यहां सुकून और शांति के लिए आते हैं। यहां पर एक भी गाड़ी नहीं चलती है। आप यहां पर घुड़सवारी करने के साथ ही टॉय ट्रेन का आनंद ले सकते हैं। यहां साल 1907 में टॉय ट्रेन बनवाई गई थी।

### वातावरण रहता है खुशनुमा

सालों भर यहां का वातावरण खुशनुमा रहता है। यहां आने वाले पर्यटक इस धरती का स्वर्ग भी कहते हैं। यहां आकर आप ट्रैकिंग का मजा भी उठा सकते हैं। यदि आपको कभी माथेरान जाने का मौका मिले, तो आप यहां पर सीधी हार्ट पॉइंट, ट्री हिल प्वाइंट, आदि जा सकते हैं। इसके अलावा, आप रामबाग, पैनारोमा प्वाइंट जा सकते हैं, जहां आपको सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक का अनोखा दृश्य देखने को मिलेगा, जिसे आप देखकर आप मंत्र मुक्त हो जाएंगे।

## रोचक खबरें



### कचरे के ढेर में मिली 17वीं शताब्दी की पेंटिंग, 60 करोड़ रुपये में हुई नीलाम

**नई दिल्ली।** सभी के घरों में एक ऐसा कमरा होता है, जिसमें पुराना और कम इस्तेमाल होने वाला सामान रखा जाता है। ये सामान समय के साथ धूल खा-खा कर खरब हो जाता है और कबाड़ समझकर बेच दिया जाता है। हालांकि, कई बार घर के कबाड़ में इतनी नायब चीजें मिल जाती हैं, जिनकी हमने कल्पना भी नहीं की होती। ऐसा ही कुछ अमेरिका के राज्य कनेक्टिकट में हुआ, जहां एक धूल भरी अटारी में एक नायाब पेंटिंग पड़ी मिल गई। इस पेंटिंग को फ्रैंस पोस्ट ने कैनवास पर उकेरा था, जो यूरोप के पहले प्रशिक्षित कलाकारों में से एक थे। वह डच ब्राजील काल के दौरान अमेरिका के दृश्यों को चित्रित करने वाले महान कलाकार हुआ करते थे। उन्होंने 1666 में यह पेंटिंग बनाई थी, जिसका शीर्षक 'ब्राजील के ओलिंडा का दृश्य, जेसुइट चर्च के खंडहरों के साथ' है। यह नायाब पेंटिंग इतनी बुरी हालत में पाई गई थी कि इसे पहचानना बिलकुल असंभव हो गया था। जब पेंटिंग को खोजा गया था, तब वह धूल-मिट्टी से ढकी थी और काली पड़ चुकी थी। हालांकि, सोथबी के अध्यक्ष जॉर्ज वाचर को यकीन था कि गंदगी के पीछे एक बेहतरीन कलाकृति छिपी हुई है। उन्होंने 1998 में कलेक्टर जॉर्डन और थॉमस सॉन्डर्स से इसे 18 करोड़ रुपये में खरीदा। इसके बाद वह इसे न्यूयॉर्क की एक प्रमुख कला संरक्षक नैन्सी क्रेग के पास ले गए। उन्होंने रसायनों और कपास की झाड़ू की मदद से पेंटिंग को साफ किया।

### महिला को सोना-चांदी, जमीन और नकदी के साथ दहेज में मिलीं 100 सिविट बिल्लियां

**वियतनाम।** दुनिया के ज्यादातर देशों में शादी होने पर लड़की के परिवार द्वारा दहेज देने की प्रथा निभाई जाती है। वैसे तो यह परंपरा भारत में प्रतिबंधित है, लेकिन यह वियतनाम की संस्कृति का अहम हिस्सा है। आपने यह तो कई बार सुना होगा कि दहेज में लड़की के घर से सोना-चांदी, पैसे, गाड़ी, फर्नीचर और जमीन आदि मिला है। हालांकि, यह अपने आप में पहला मामला है, जब किसी को दहेज में 100 सिविट बिल्लियां दी गई हों।



**बिल्लियों की कुल कीमत 59 लाख से भी ज्यादा :** जिस महिला को यह अनोखा दहेज दिया गया उनका नाम सामने नहीं आया है। हालांकि, वह 22 साल की हैं और दक्षिण-पश्चिमी वियतनाम की रहने वाली हैं। उनकी शादी इसी साल के मई महीने में हुई थी और उनके मां-बाप ने उन्हें दहेज में लाखों का सामान दिया था। हैरानी की बात यह थी कि उन्होंने अपनी बेटी को सिविट नस्ल की 100 मादा बिल्लियां भी दी थीं, जिनकी कुल कीमत 59 लाख रुपये से भी ज्यादा है।

माता-पिता ने बिल्लियों के साथ-साथ अपनी बेटी को सोने के 25 बार, 16 लाख रुपये नकद, 9.87 लाख की कीमत वाले कंपनी के शेयर, 7 जमीनें और कई मूल्यवान वस्तुएं भेंट की थीं। इसके बदले में दूल्हे के परिवार ने दुल्हन को सोने के 10 बार, 6 लाख रुपये नकद और हीरे के जेवर दिए थे। दुल्हन के माता-पिता उन्हें इतना दहेज देना चाहते थे, जिसके जरिए वह भविष्य में अच्छे-खासे पैसे कमा सकें।

### लेडी एस्टर का हीरे-फिरोजा जड़ा मुकुट 10 करोड़ से अधिक में हुआ नीलाम

**नई दिल्ली।** मुकुट सिर पर पहना जाने वाला आभूषण है, जिसका आकार छोटा होता है। इसे आमतौर पर औपचारिक अवसरों पर राजसी लोगों द्वारा पहना जाता है। हाल ही में हीरे और कार्टियर फिरोजा से बना यह नायाब मुकुट करोड़ों की कीमत पर नीलाम हुआ है। यह मुकुट 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में बैठने वाली पहली महिला का बताया जा रहा है, जो यूनाइटेड किंगडम की संसद का निचला सदन है। इस मुकुट की नीलामी लंदन के 'बोनहम्स' नामक नीलामीघर ने करवाई थी। यह मुकुट अमेरिकी मूल की नैंसी एस्टर का बताया जा रहा है। 1930 में उनके पति लॉर्ड वाल्डोर्फ एस्टर द्वारा खरीदे जाने के बाद यह मुकुट पहली बार बाजार में बिकने आया है। नीलामीघर ने इसकी अनुमानित कीमत 2.90 करोड़ से लेकर 4.06 करोड़ के बीच तय की थी। हालांकि, इसे 10.32 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर नीलाम किया गया था। नीलामीघर ने कहा कि इसे लेडी एस्टर ने 1931 में लंदन के डोमिनियन थिएटर में फिल्म 'सिटी लाइट्स' के प्रीमियर के दौरान पहना था। 1919 में उन्हें संसद में प्लायमाउथ सटन का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया था और 1945 में पद छोड़ने तक वे इस सीट पर बनी रहीं थीं। इस मुकुट में गुलाब-कट व शानदार-कट वाले हीरे और हीरे के तने के साथ 3 घुमावदार फिरोजा लगे हुए हैं। सरकार में अपने कार्यकाल के दौरान एस्टर ने 1923 में शराब पीने की आयु 14 से बढ़ाकर 18 करने के लिए सफलतापूर्वक अभियान चलाया था। साथ ही उन्होंने 1928 में महिलाओं के लिए मतदान की आयु 30 से घटाकर 21 करने के लिए प्रयास किए थे और महिलाओं के हित में कई अभियान चलाए थे।



# रेलवे स्टेशन, जहां टिकट बिकते हैं रोजाना, लेकिन कोई नहीं करता सफर!

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे का इतिहास जितना ज्यादा पुराना है, उतना ही अधिक मजेदार भी है। यहां हर वर्ग के यात्री सफर करते हैं। यह बेहद आसान, आरामदायक और सस्ता सफर माना जाता है। पूरे विश्व में यह चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। देश भर के अलग-अलग हिस्सों के लिए लगभग 1300 से अधिक ट्रेन रोजाना संचालित की जाती है।

जिसमें सभी के रूट अलग-अलग होते हैं। इंडियन रेलवे से जुड़े कई ऐसे फैक्ट्स हैं, जिनके बारे में तो लोग जानते हैं, पर कुछ ऐसे भी फैक्ट्स हैं, जिससे बहुत सारे लोग आज भी अनजान हैं। अभी भी देश में ऐसी बहुत सारी जगहें हैं, जहां रेलवे का विस्तार सही तरीके से नहीं हो पाया है। इसके अलावा, एक ऐसा रेलवे स्टेशन भी है, जहां लोग टिकट तो खरीदते हैं, लेकिन कोई ट्रेन से सफर नहीं करता।

### टिकट नहीं बिकती थी इसलिए किया बंद

भारतीय रेलवे द्वारा नुकसान का हवाला देते हुए इस कार्रवाई को अंजाम




दिया गया। रेलवे के नियम के मुताबिक, अगर किसी स्टेशन पर काफी समय तक लगातार 50 से कम टिकट बिकते हैं, तो उस स्टेशन को एक समय के बाद बंद कर दिया जाता है। ऐसा ही कुछ दयालपुर रेलवे स्टेशन के साथ हुआ। नियम अनुसार, साल 2006 में इस स्टेशन को बंद कर दिया गया।

## प्रधानमंत्री नेहरू द्वारा साल 1954 में कराया गया था निर्माण




### उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जोन में दयालपुर

दरअसल, इस रेलवे स्टेशन का नाम दयालपुर है, जो कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जोन में स्थित है। यहां स्टेशन पर हर दिन लोग आते हैं, टिकट खरीदते हैं लेकिन बिना सफर किए ही वापस चले जाते हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा साल 1954 में इस रेलवे स्टेशन का निर्माण कराया गया था। यहां सभी ट्रेनें रुकती थीं लेकिन धीरे-धीरे समय बदलता गया और करीब 50 साल बाद रेलवे स्टेशन पर ताला लगा दिया गया।



### इस कारण से लोग रोज खरीदते हैं एक टिकट

लोगों की मांग पर साल 2020 में इस स्टेशन को दोबारा पटरी पर लाने का प्रयास किया गया। इसके बाद आसपास रहने वाले लोगों ने स्टेशन से टिकट खरीदने शुरू कर दिए। रेलवे द्वारा फिर से स्टेशन को बंद न कर दिया जाए, इसलिए स्थानीय लोग हर महीने करीबन 700 रुपए की टिकट खरीदते हैं लेकिन कहीं सफर नहीं करते।

### सिर्फ एक ही ही ट्रेन का है स्टॉपेज

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि स्टेशन को चालू रखने के लिए लोग रोज टिकट खरीदते हैं, लेकिन यात्रा नहीं करते। इस स्टेशन पर केवल एक ही ट्रेन रुकती है। उम्मीद है सरकार द्वारा और भी ट्रेनों का संचालन किया जाएगा, ताकि स्थानीय लोगों को सुविधा मिल सके।

# भारत का सबसे बड़ा परिवार, रोजाना खपत होती है 45 किलो चावल और 60 किलो सब्जी

भारतीय संस्कृति में परिवार का बहुत अधिक महत्व है। एक जमाना था जब संयुक्त परिवार हुआ करता था, लेकिन आज महंगाई और बदलते जमाने के अनुसार लोग संयुक्त परिवार में रहने के बजाए छोटे परिवार में रहना पसंद करते हैं। बहुत कम ही लोग हैं जिन्हें जॉइंट फैमिली पसंद आती है। आमतौर पर संयुक्त परिवार में 15 से 20 लोग रहते हैं, जो हर सुख-दुख में एक साथ होते हैं। आज हम आपको दुनिया के सबसे बड़े परिवार से मिलवाने जा रहे हैं, जो कि भारत में ही रहते हैं। फैमिली मेंबर्स इतने हैं कि आपको गिनते-गिनते सुबह से दोपहर हो जाएगर।



### जिओना की 39 पत्नियों सहित परिवार में कौन-कौन

मीडिया सूत्रों के अनुसार, जिओना चाना ईसाई धर्म से ताल्लुक रखते थे। ऐसे में उन्होंने कई विवाह किए। परिवार में 39 पत्नियां, 94 बच्चे, 23 पोते-पोतियां और एक परपोता है। यह जॉइंट फैमिली एक ही जगह पर बैठकर खाना खाती है।

**इतना बनता है खाना कि देखते रह जाओ :** यहां पर रोजाना 45 किलो चावल, 25 किलो दाल, 60 किलो सब्जी, 30 से 40 मुर्गियां और 20 किलो फलों की खपत होती है। स्टॉक में हमेशा सामान रखा ही रहता है। हर बड़ा व्यक्ति कमाई करता है। कृषि के अलावा इनका खुद का बिजनेस भी है, जिससे इनकी फैमिली का भरण-पोषण बहुत ही अच्छे से हो जाता है। सभी लग्जरी लाइफ जीते हैं।

### मिजोरम राज्य रहता है यह परिवार

दुनिया का सबसे बड़ा परिवार भारत के मिजोरम राज्य में रहता है, जिसमें कुल 167 मेंबर्स हैं, जो कि बक्तवांग गांव में निवासरत हैं। 100 कमरों के चार मंजिला घर में यह परिवार रहता है, जिसके मुखिया जिओना चाना थे, जिनकी साल 2021 में मृत्यु हो गई। उस वक्त उनकी आयु 76 साल की थी। इसके बाद इस परिवार की बागडौर सबसे बड़े बेटे ने संभाली। सबसे अच्छी बात यह है कि सभी मेंबर एक-दूसरे से कभी झगड़ा नहीं करते। यह परिवार इतना बड़ा है कि पूरा गांव जैसा लगता है। यहां हमेशा चहल-पहल बनी रहती है।



### मिलकर साथ रहता है हर सदस्य

पूरी दुनिया में सबसे बड़े परिवार की खिताब इन्हें ही जाता है। यह सभी एक साथ मिलजुल कर प्यार के साथ रहते हैं। बच्चों की संख्या इतनी है कि यह किसी छोटे गांव से कम नहीं लगती। कई लोग तो इस परिवार से मिलने के लिए खास तौर पर इस गांव में जाते हैं। सभी मिलजुल कर कमाते हैं, तो वहीं महिलाएं आपस में एक-दूसरे से प्रेम और आदर भाव के साथ रहती हैं। इनका घर किसी मंदिर से कम नहीं लगता और यहां का हर दिन इनके लिए किसी भी त्योहार से कम नहीं है।

# दुनिया में पाई जाती हैं कई प्रकार की लोमड़ी, दिखने में सुंदर मगर बेहद चालाक



नई दिल्ली। लोमड़ी कुत्ते की तरह दिखने वाला एक जानवर है, जो मुख्य रूप से उत्तरी गोलार्ध में पाया जाता है। लोमड़ी की कई तरह की प्रजातियां होती हैं, जिनमें से हर एक की अपनी खासियतें और आदतें होती हैं। इस लेख में हम आपको लोमड़ी की कुछ प्रमुख प्रजातियों के बारे में बताएंगे, जो उनके आकार, रंग और रहने की जगह के आधार पर पहचानी जाती हैं।

**फेनक लोमड़ी :** फेनक लोमड़ी उत्तरी अफ्रीका के रेगिस्तानी इलाकों में पाई जाती है। यह सबसे छोटी लोमड़ी प्रजाति है और इसका वजन केवल 1.5 से 2.5 किलोग्राम तक होता है। इसके बड़े-बड़े कान इसे गर्मी से बचाने में मदद करते हैं और इसकी तेज सुनने की क्षमता इसे शिकार करने में मदद करती है। फेनक लोमड़ी रात में सक्रिय रहती है और अपने बिलों में रहती है, जहां वह आराम कर सकती है।

**आर्कटिक लोमड़ी:** आर्कटिक लोमड़ी ठंडे इलाकों जैसे अलास्का, कनाडा, ग्रीनलैंड और रूस में पाई जाती है। इसका मोटा सफेद फर इसे ठंडे मौसम में गर्म रखता है। गर्मियों में इसका फर भूरे रंग का हो जाता है ताकि यह पर्यावरण में अच्छी तरह से मिल सके। आर्कटिक लोमड़ी शिकार करने में बहुत कुशल होती है। इनकी खासियत इनका रंग और शिकार करने की क्षमता है।


**वुल्प्स लोमड़ी :** वुल्प्स लोमड़ी की कई उप-प्रजातियां होती हैं, जो अलग-अलग प्रकार के इलाकों में पाई जाती हैं। इनमें सामान्य यूरोपीय वल्प्स शामिल हैं, जिसे ग्रे फॉक्स या रेड फॉक्स भी कहा जाता है। इसके अलावा, आर्कटिक वुल्प्स, फेनक वुल्प्स और किट वुल्प्स भी शामिल हैं।

# यह है इकलौता देश, जिसकी नहीं कोई राजधानी आबादी कम, फिर भी भाग लेता है ओलंपिक में...!

**नई दिल्ली।** दुनिया में सैकड़ो देश है, जो अपनी अलग-अलग खासियत के लिए प्रख्यात है। कोई देश कम जनसंख्या के लिए जाना जाता है, तो कोई देश बर्फ की चादर ओढ़े हुए हैं। कोई देश बहुत ही अधिक विकसित है, तो कोई देश अजीबो गरीब चीजों के लिए प्रसिद्ध है। हर देश के अपने अलग-अलग नियम और कानून होते हैं, जिनका पालन वहां के आम नागरिकों द्वारा किया जाता है। दरअसल, इस देश का नाम नाउरू है। यह छोटे बड़े द्वीपों से मिलकर बना एक देश है, जिसे दुनिया का सबसे छोटा द्वितीय देश भी कहा जाता है। यह माइक्रोनेशिया दक्षिण प्रांत महासागर में स्थित है, जिसे नौरू के नाम से भी जाना जाता है। 21 वर्ग किलोमीटर में फैले यह देश।

### नहीं है एक भी राजधानी

अमूमन कोई राज्य हो या देश उसकी एक राजधानी होती है, जहां से सभी प्रकार की प्रशासनिक कार्य किए जाते हैं। उस देश या उस राज्य के जरूरी सरकारी कार्यालय भी वहां की राजधानी में ही संचालित होती है, लेकिन अच्छे से अच्छे धुरंधर को भी उस देश का नाम नहीं पता, जिसकी कोई राजधानी नहीं है। अक्सर इस प्रकार के सवार प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछ लिए जाते हैं।



### प्राकृतिक नजारा मन मोह लेता है

बता दें कि यहां कोरल रीफ और सफेद रेत वाले समुद्र तट है, जो कि पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। यहां ताड़ के पेड़ों की बहुत अधिक संख्या है जो लोगों के रोजगार का भी एक माध्यम है। यदि कभी आपको यहां जाने का मौका मिले, तो जरूर जाएं। यहां का प्राकृतिक नजारा आपका मन मोह लेगा।

### आबादी कम, फिर भी ओलंपिक में खेलते हैं


इतिहासकारों की मानें तो यहां 12 कबीले पारंपरिक रूप से राज किया करते थे, जिसका असर देश के झंडे पर भी दिखाई देता है। यहां की आबादी बहुत ही कम है। इसके बावजूद, नाउरू ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेता है। यहां पर लोगों के आई का मुख्य जरिया फॉरेस्ट खनन है। हालांकि, अब यहां के लोग नारियल का उत्पादन करके जीवन यापन करते हैं। इस देश की राष्ट्रीय मुद्रा ऑस्ट्रेलिया डॉलर है, जहां का मुख्य शहर येरेन है। इसके बावजूद, आधिकारिक तौर पर इस शहर को देश की राजधानी का दर्जा प्राप्त नहीं है।

# अल्कारेज 'रौलां गैरो' के नए बादशाह, रिकॉर्ड 5 घंटे 29 मिनट में वर्ल्ड नंबर-1 सिनर को हराया

एजेंसी ▸▸| पेरिस

दूसरे वरीय और गत विजेता कार्लोस अल्कारेज ने दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के अल्कारेज ने तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए शीर्ष वरीय सिनर को पांच घंटे 29 मिनट में 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से हराकर इटली के खिलाड़ी के ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में लगातार 20 जीत के अभियान पर विराम लगाया।

सिनर ने पिछले साल अमेरिकी ओपन और इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था और उनकी नजरें पेरिस में ग्रैंडस्लैम जीत की हैट्रिक पूरी करने पर थी। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कारेज का यह पांचवां ग्रैंडस्लैम खिताब है जबकि सिनर के नाम तीन ग्रैंडस्लैम खिताब दर्ज हैं। अल्कारेज ने अब तक कोई ग्रैंडस्लैम फाइनल नहीं गंवाया है जबकि सिनर को पहली बार ग्रैंडस्लैम के खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।




## सिनर पर लगातार पांचवीं जीत

बाइस वर्षीय अल्कारेज का इस साल क्ले कोर्ट पर जीत-हार का रिकॉर्ड 22-1 हो गया है। उन्होंने 23 वर्षीय सिनर के खिलाफ लगातार पांचवीं जीत सहित कुल आठवीं जीत दर्ज की। सिनर ने चार बार अल्कारेज को हराया है। अल्कारेज चौथे सेट में हार की कगार पर थे लेकिन उन्होंने तीन मैच प्वाइंट बचाकर मुकाबले को निर्णायक सेट में खींचा और फिर इसे 7-6 से जीतकर मैच और खिताब अपने नाम किया।

## टाईब्रेक में रोमांचक जीत

पांचवें सेट के टाईब्रेक में अल्कारेज ने शानदार शुरुआत करते हुए 7-0 की बड़ी बढ़त बनाई और फिर आसानी से जीत दर्ज की। चौथे सेट में अल्कारेज 3-5 के स्कोर के बाद 0-40 से पीछे चल रहे थे लेकिन फिर उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ते हुए टाईब्रेकर में 7-6 से जीत हासिल की। शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी सिनर ने शुरुआती दो सेट 6-4, 7-6 से जीते जबकि अल्कारेज ने तीसरा सेट 6-4 से जीतकर मैच में अपनी वापसी की नींव रखी।

## सारा-जैस्मीन महिला युगल चैंपियन



**पेरिस।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की इटली की जोड़ी ने पहली बार फ्रेंच ओपन महिला युगल खिताब जीता। वहीं पुरुष युगल में मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी उम्र को धता बताते हुए चैंपियन बनी। पिछले साल की उपविजेता रही दूसरी वरीयता प्राप्त इरानी और पाओलिनी ने रविवार को अन्ना डैनिलिना और अलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 6-4, 2-6, 6-1 से हराया। इटली की इस जोड़ी ने पिछले साल इसी स्थल पर ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था।

### ग्रैनोलर्स-जेबालोस को पहली बार मिली सफलता

पुरुष युगल में स्पेन के 39 वर्षीय ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के 40 वर्षीय जेबालोस की जोड़ी चौथी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी और पहली बार चैंपियन बनने में सफल रही। फ्रेंच ओपन में पांचवी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने फाइनल में जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की की ब्रिटिश जोड़ी को 6-0, 6-7 (5), 7-5 से हराया। ग्रैनोलर्स और जेबालोस 2019 में अमेरिकी ओपन और 2021 और 2023 में विंबलडन में उपविजेता रहे थे। सेलिसबरी और स्कूप्स्की ओपन युग में ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी थी।

### टैगर और मैकडोनाल्ड को जूनियर खिताब

ऑस्ट्रिया की लिली टैगर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों का एकल खिताब जीता। टैगर ने शनिवार को फाइनल में ब्रिटेन की आठवीं वरीयता प्राप्त हन्ना क्लुगमैन को 6-2, 6-0 से हराया। वह फ्रेंच ओपन में जूनियर एकल खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी हैं। लड़कों के एकल वर्ग के फाइनल में नील्स मैकडोनाल्ड ने जर्मनी के हम वतन खिलाड़ी मैक्स शोनेहॉस के खिलाफ़ तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-7 (5), 6-0, 6-3 से जीत हासिल की।

फुटबॉल

## केन ने गोल कर एंडोरा के खिलाफ इंग्लैंड को शर्मसार होने से बचाया



एजेंसी ▸▸| बार्सिलोना

इंग्लैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हैरी केन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से विश्व कप फुटबॉल के यूरोपीय क्वालीफाइंग मैच में एंडोरा पर 1-0 से जीत दर्ज की।

इंग्लैंड ने इस जीत से हालांकि अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं और वह ग्रुप के में शीर्ष पर काबिज है। इंग्लैंड की टीम विश्व में 173वें स्थान पर काबिज टीम के सामने तब तक गोल नहीं कर सकी जब तक कि 50वें मिनट में नोनी मदुके के पास को केन ने गोल में नहीं बदल दिया। केन का इंग्लैंड की तरफ से यह 106 मैच में 72वां गोल था।

केन ने कहा, 'हमें निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह ऐसा प्रदर्शन नहीं है जिसे बहुत से लोग याद रखेंगे। हमें खुशी है कि हम तीन अंक हासिल करने में सफल रहे।'

### एमबाप्पे के दम पर फ्रांस ने हासिल किया तीसरा स्थान

**म्यूनिख।** कप्तान काइलियान एमबाप्पे के शानदार खेल के दम पर फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल में तीसरे स्थान के मैच में रविवार को यहां जर्मनी को हरा दिया। पुर्तगाल और स्पेन के खिताबी मुकाबले से पहले हुए इस मैच में रियल मैड्रिड के स्ट्राइकर एमबाप्पे ने एक गोल करने के साथ दूसरे गोल में सहायक की भूमिका अदा की जिससे फ्रांस ने जर्मनी को उसके घरेलू मैदान पर 2-0 से शिकस्त दी। मैच के शुरुआती हाफ में दबदबा बनाने के बावजूद जर्मनी की टीम गोल करने में विफल रही। ऑरेलियन चोउमेनी ने मध्यांतर से ठीक पहले क्लब टीम के साथी एमबाप्पे के लिए मौका बनाया जिसे इस दिग्गज खिलाड़ी ने गोल में बदल दिया। एमबाप्पे के बनाए मौके पर मैच के 84वें मिनट में स्थानापन्न माइकल ओलिसे ने गोल कर फ्रांस को दो गोल की बढ़त दिला दी।

## खबर संक्षेप



### हलार ने एसपीएल का पहला मैच जीता

**राजकोट।** भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट की अगुवाई वाली अनमोल किंग्स हलार ने यहां सौराष्ट्र प्रो टी20 लीग के उद्घाटन मैच में आर्यन सोरथ लायंस को छह विकेट से हरा दिया। आर्यन सोरठ लायंस ने कप्तान प्रेरक मांकड़ के 44 गेंदों पर 66 रन की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 162 रन बनाए। अनमोल किंग्स हलार ने चार विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अनमोल किंग्स की तरफ से सिद्धांत राणा ने 38 गेंदों पर तीन चौकों और छह छक्कों की मदद से 68 रन जबकि पार्श्वराज राणा ने 38 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 58 रन बनाए।

### मुंबई लीग के अंतिम-4 में पहुंचा ब्लास्टर्स

**मुंबई।** बांद्रा ब्लास्टर्स ने रविवार को यहां एमएससी मराठा रॉयल्स को आठ विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ब्लास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी और अंतिम टीम है। ईगल थाने स्ट्राइकर्स, सोबो मुंबई फाल्कन्स और एमएससी मराठा रॉयल्स ने पहले ही अंतिम चार का टिकट पक्का कर लिया है। जीत के लिए 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पारकर और औती ने पहले विकेट के लिए 64 गेंद में 118 रन की आक्रामक साझेदारी कर ब्लास्टर्स को मजबूत शुरुआत दिलाई।

### इंग्लैंड महिला टीम ने वेस्टइंडीज का 3-0 से से किया सूपड़ा साफ



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने पहले ही शुरुआती दो मैच जीत सीरीज अपने नाम कर ली थी। अब इस टीम ने रविवार को वेस्टइंडीज को तीसरे मैच में मात दे उसका सूपड़ा साफ कर दिया है और 3-0 से सीरीज पर कब्जा किया है। टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी चुनने वाली इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को बड़ा स्कोर नहीं करने दिया और बारिश से बाधित मैच में 21 ओवरों में आठ विकेट खोकर 121 रन ही बनाने दिए। इंग्लैंड ने महज 10.5 ओवरों में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इंग्लैंड की कप्तान नेट सिवर ब्रंट ने शानदार अर्धशतक जमाया।

## जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया

एजेंसी ▸▸| एंटवर्प

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां मेजबान बेल्जियम पर 3-2 से जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की सकारात्मक शुरुआत की। भारत ने गीता यादव (11वें मिनट) के गोल से बढ़त बनाई। हालांकि दूसरे क्वार्टर में बेल्जियम ने मैरी गोएन्स (25वें मिनट) के गोल से बराबरी हासिल कर ली। जल्द ही बेल्जियम ने लुईस वैन हेके (34वें मिनट) के गोल की मदद से स्कोर 2-1 कर दिया।भारत ने इसके बाद वापसी की और सोनम (40वें मिनट) के गोल से स्कोर 2-2 कर दिया। मेहमान टीम ने लगातार हमले जारी रखे और उनकी रणनीति कारगर साबित हुई जब उन्हें पेनल्टी कॉर्नर मिला और लालथंतलुआंगी (45वें मिनट) ने इसे गोल में बदलकर भारत को 3-2 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। इसके बाद भारतीय टीम ने मजबूत डिफेंस के साथ बेल्जियम को बराबरी हासिल नहीं करने दी। भारत अपने यूरोपीय दौरे के दूसरे मैच में 10 जून को फिर बेल्जियम से खेलेगा।



### पाकिस्तान नेशंस कप के लिए भेजेगा राष्ट्रीय टीम

**कराची।** नकदी की कमी का सामना कर रहा पाकिस्तान हॉकी महासंघ 15 से 21 जून तक मलेशिया के कुआलालंपुर में होने वाले एफआईएच नेशंस कप के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम भेजेगा। पीएचएफ सचिव राणा मुजाहिद ने कहा कि महासंघ के अध्यक्ष मीर तारिक बुगती ने सरकार से अनुदान, प्रायोजन और यहां तक कि व्यक्तिगत दान प्राप्त किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सीनियर टीम कैलेंडर वर्ष में अपने सभी अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में खेल सके। इस पूर्व ओलंपियन ने कहा, 'पीएचएफ वित्तीय संकट से गुजर रहा है लेकिन हम किसी तरह काम चला रहे हैं क्योंकि जब तक हमारे खिलाड़ी नियमित रूप से प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे वे कभी आगे नहीं बढ़ पाएंगे।'

## भारतीय टीम ने इंग्लैंड में शुरू किया अभ्यास

एजेंसी ▸▸| लंदन

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरुआत की।

**गिल भारत के 37वें टेस्ट कप्तान**


जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया।

रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतना है। श्रृंखला हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं।



ताइवान ओपन एथलेटिक्स

## भारत ने दूसरे दिन भी छह स्वर्ण जीत किया अभियान का समापन



एजेंसी ▸▸| ताइपे सिटी

भारत ने रविवार को ताइवान ओपन अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे और अंतिम दिन दबदबा बनाते हुए महिलाओं के 800 मीटर फाइनल और लंबी कूद प्रतियोगिता में दोहरे पदक सहित छह स्वर्ण पदक जीते। तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार ने अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय दल ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

संतोष टी, विशाल टीके, धर्मवीर चौधरी और मनु टीएस की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी तीन मिनट 5.58 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतते हुए भारत के अभियान का सकारात्मक अंत किया। यशास पलाक्ष ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 42.22 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता। इस परिणाम से 2025 एशियाई चैंपियनशिप से चूकने के बाद उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा।

### विथ्या, रोहित पूजा बने चैंपियन

विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.53 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जो इस साल का उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रोहित पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में 75 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके लेकिन 74.42 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था। पूजा ने महिलाओं के 800 मीटर फाइनल में दो मिनट 2.79 सेकंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीत हासिल की और हमवतन ट्विंकल चौधरी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने दो मिनट 6.96 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता।

### कृष्ण 800 मीटर दौड़ के विजेता

कृष्ण कुमार ने पुरुषों के 800 मीटर फाइनल में एक मिनट 48.46 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल की। उनका यह प्रदर्शन नया चैंपियनशिप रिकॉर्ड भी है। महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में अन्नू रानी ने 56.82 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की लंबी कूद स्पर्धा में भारत की शैली सिंह (6.41 मीटर) और ऐंसी सोजन (6.39 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। ऑस्ट्रेलिया की डेल्टा अमिडजोवस्की (6.49 मीटर) ने स्वर्ण पदक जीता।

### ईश्वरन और राहुल की फिफ्टी भारत ए को 184 रन की बढ़त

**नॉर्थम्पटन।** भारत ए ने दूसरे अनौपचारिक क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को यहां इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ दूसरी पारी में चार विकेट पर 163 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त को 184 रन तक पहुंचाया। ईश्वरन (80 रन) और राहुल (51 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। दिन का खेल खत्म होने पर ध्रुव जुरेल छह जबकि नितीश कुमार रेड्डी एक रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद (चार विकेट) के चार विकेट से भारत ए ने इंग्लैंड लॉयन्स को 327 रन पर समेटकर पहली पारी के आधार पर 21 रन की बढ़त बनाई। भारत ए ने पहली पारी में 348 रन बनाए थे। दूसरी पारी में भारत ए की शुरुआत खराब रही और यशस्वी जायसवाल 12 गेंद में पांच रन बनाने के बाद जॉर्ज हिल की गेंद पर विकेटकीपर जेम्स रेव को कैच दे बैठे। ईश्वरन और पहली पारी में शतक जड़ने वाले राहुल ने इसके बाद पारी को संभाला।



## म्यूनिख विश्व कप: कुसाले-इलावेनिल की वापसी, आदित्य और निशांत नए चेहरे

एजेंसी ▸▸| म्यूनिख

वापसी कर रहे पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और इलावेनिल वलारिवान मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्र के तीसरे आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। विश्व कप में कई अंतरराष्ट्रीय सितारे हिस्सा लेंगे। कुसाले ने घरेलू सर्किट में अच्छे प्रदर्शन के दम पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (थ्री पी) स्पर्धा में वापसी की।

दो बार की ओलंपियन इलावेनिल पेरिस के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में नजर आएंगी। हालांकि वह आरपीओ निशानेबाज के तौर पर ब्यूनस आयर्स और लीमा गई थीं। महिला एयर पिस्टल में एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक की भी टीम में वापसी हुई है। हाल ही में महिला एयर राइफल राष्ट्रीय चैंपियन बनी अनन्या नायडू जैसे कुछ निशानेबाज विश्व कप में पदार्पण करेंगे। पुरुष एयर पिस्टल में आदित्य मालरा और निशांत रावत के रूप में दो नए चेहरे होंगे क्योंकि भारत इस साल के अंत में बड़ी चुनौतियों से पहले इन दो स्पर्धाओं में अपनी गहराई को परखने की कोशिश करेगा।



### 78 देशों के 695 निशानेबाज देंगे चुनौती

विश्व कप में 78 देशों के ओलंपिक और विश्व चैंपियन तथा खेल के दिग्गजों सहित कुल 695 निशानेबाज भाग लेंगे। इस सत्र की शुरुआत दक्षिण अमेरिका में दो प्रतियोगिताओं के साथ हुई थी जिसमें भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने छह स्वर्ण सहित 15 पदक जीते जिससे टीम अंक तालिका में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। हालांकि म्यूनिख चरण में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों की मौजूदगी को देखते हुए काफी कड़ी चुनौती होगी। चीन के दिग्गज निशानेबाज ली यूहोंग और 20 साल के शेंग लिहाओ प्रतियोगिता में चुनौती पेश करेंगे।

नीदरलैंड के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग का मुकाबला आज

## मैच के आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचेगा भारत

एजेंसी ▸▸| एम्सटलवीन

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करनी है और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा। भारत शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार के बाद प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है।

नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा। प्रतियोगिता में अभी सात मैच और खेले जाने बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।



### हारना दुर्भाग्यपूर्ण : फुल्टन

भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने मैच के बाद कहा, 'हमने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन तीसरा क्वार्टर उतना अच्छा नहीं रहा। चौथे क्वार्टर में हमने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और गेंद पर कब्जा करने में सफल रहे, लेकिन हम गोल पर कोई शॉट नहीं लगा पा रहे थे। इस तरह से हारना दुर्भाग्यपूर्ण था, क्योंकि मुझे लगा था कि हम ड्रॉ के लिए प्रयास कर सकते हैं। हम विशेष कर नीदरलैंड जैसी टीम के खिलाफ जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।'

# Shri Shankaracharya Professional University Bhilai

*Established under chhattisgarh Private University (Established and Operation) Act, 2005 & Under Section 2(f) of UGC Act 1956*

## ADMISSION OPEN 2025-26

Toll Free no. **1800-547-1065**

**PhD** Journalism & Mass Communication, Physics, Chemistry Life Science (Botony, Zoology, Bio-tech), Bio-Chemistry, Micro-biology) Mathematics, Hindi, English, Commerce, Management, Pharmacy, Engineering*

**Computer & IT Engineering**
B.Tech (Hons.)
AIML & IoT
Cyber Security & IoT
M.Tech

**Computer Application**
BCA
MCA
DCA
PGDCA

**Management & Commerce**
BBA/MBA
MBA (Part Time)
B.Com
B.Com (Hons.)
M.Com

**Science & Life Science**
B.Sc. (PCB, PCM, CS)
B.Sc. (Hons)
(PCB, PCM, CS)
M.Sc. (PCM)
(Biology, Zoology, Micro-Biology Bio-Technology) (Computer Science)

**Health & Allied Science**
Master
in Hospital Administration

**Education**
Diploma
(Nursery Teachers Training)
M.A. (Education)
B.A./M.A.
P.G. Dip (Yoga)

**Law**
LLB, B.A. LLB, B.Com. LLB

**Pharmacy**
D. Pharma
B. Pharma
M. Pharma

**Art & Social Science**
B.A.J.M.C.
M.A.J.M.C.
B.J./M.J.
B.A./M.A.
B.Lib.I.Sc. / BSW
M.Lib.I.Sc. / MSW

**Physical Education**
Bachelor / Master
(Physical Education & Sports)
Certificate PG Diploma
(Sports Coaching)

**State of Art Infrastructure**

- Canteen
- Well Furnished & Safe Hostel Facility (Separate For Boys & Girls)
- Recording Room
- In-Campus Medical Facility
- Swimming Pool
- Music Room
- Badminton Court
- Gym
- Free Wifi
- Basketball Court
- Auditorium
- Library

www. shrishankaracharyauniversity.com
0788-4088810, 0788-4088811, 8319454783, 6232010132

# SHRI SHANKARACHARYA TECHNICAL CAMPUS, BHILAI

ज्ञानादेव तु कैवल्यम्

An NAAC "A" Grade Institute | APPROVED BY AICTE

26 YEARS OF EXCELLENCE

## AICTE Courses offered @ SSTC

**B.Tech (CSE)**
CSE
CSE (AI & ML)
CSE (DATA SCIENCE)
CSE (CYBER SECURITY)

**B.Tech (Engineering)**
Electrical Engineering
Mechanical Engineering
ET & T Engineering
Civil Engineering

MBA BBA MCA BCA

**M.Tech**
- Thermal Engineering
- Power System Engineering
- VLSI Design
- CS & Engineering
- Structure Engineering
- Transportation Engineering
- Geotechnical Engineering
- AI & Machine Learning

**PhD**
Engineering
Management
Computer Application

NSS PRESIDENT ★★★ AWARD ★★★

DIGITAL CAMPUS 2.0 ON Google

UG COURSES* NAAC "A" GRADE nirf 2020, 2021 & 2023 RANK BAND 251-300 INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL ARIIA GREEN MENTORS ISO CERTIFIED 9001:2015 INSTITUTION

**PLACEMENT**

- **2955+** Placement in the last 4 years
- **30+** MoUs
- **260+** Recruiting Companies
- **1445+** Internship in the last 4 years

**Our Prominent Recruiters / Top Companies**

IBM, HEXAWARE, Tech Mahindra, NUCLEUS SOFTWARE, GRAMONT, accenture, amicus think·do·inspire, MACLEODS, JBM, awakeye, jaro education

for CSE, IT, ETC & MCA: Deloitte, OneBanc, Capgemini, Cognizant, tcs
for Mechanical and Electrical: JSW, UltraTech, SISCOL, C INDIA
for MBA: JK cement, ITC Limited, ICICI Bank, HDFC Bank, ESAF SMALL FINANCE BANK

MOUS WITH: nasscom, unicef for every child

HIGHER INTERNSHIP STIPEND-50k / MONTH amazon

www.sstc.ac.in | Toll Free no. **1800-547-1064** | **0788-4088888, 9039551113**

Beside D-Mart & Opp. Shri Shankaracharya Institute of Medical Science,
Junwani, Bhilai, Chhattisgarh 490020

Find us on:

**डीजल लोड टैंकर पलटा, डीजल लूटने उमड़ी लोगों की भीड़ : प्रतापपुर।** प्रतापपुर-बनारस मार्ग दरहोरा में डीजल लोड टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। सड़क पर टैंकर के पलट जाने से तथा डीजल बहने से की जानकारी लगते ही ग्रामीणों ने एवं राहगीरों टीन, डब्बा, बाल्टी, लोटा, गिलास, थाली व जरकिन से डीजल लूटना शुरू किया। जिससे बड़ी संख्या में महिला, पुरुष बच्चे मौके पर एकत्र हो गए। देखते ही देखते हैं मौके पर डीजल लेने को दौड़ने वालो की भीड़ लग लग गई। इस बीच राहगीर में डीजल टूटने में पीछे नहीं रहे।

# प्राचार्य प्रमोशन पर फैसला आज

## काउंसलिंग-ज्वाइनिंग पर लगी है रोक



■ हाईकोर्ट ने राज्य शासन और शिक्षा विभाग को फटकार लगाते हुए पूरी रिपोर्ट मांगी

**बिलासपुर।** प्राचार्य प्रमोशन के मामले में फैसला सोमवार 9 जून सोमवार को आ सकता। सोमवार से ही हाईकोर्ट समर वेकेशन के बाद खुलेगा और नियमित सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने काउंसलिंग और ज्वाइनिंग पर कोई भी प्रक्रिया नहीं करने का आदेश जारी किया था। हाईकोर्ट ने उस दौरान हुई सुनवाई के बाद राज्य शासन और स्कूल शिक्षा विभाग को जमकर फटकार लगाई और कहा कि आदेश के बाद भी शिक्षकों को प्राचार्य पद पर ज्वाइन कराया गया। यह मामला हाईकोर्ट के आदेश के अवमानना का है। कोर्ट ने राज्य शासन से कितने शिक्षकों ने ज्वाइन किया, ज्वाइनिंग किसने दी और प्राचार्य प्रमोशन पर पूरी रिपोर्ट मांगी है। अगले आदेश तक सभी ज्वाइनिंग को भी हाईकोर्ट ने अमान्य किया था। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के ई संवर्ग के 1524 एवं टी संवर्ग के 1401 कुल 2925 प्राचार्य के पदों पर स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के व्याख्याता नियमित,व्याख्याता एल बी तथा प्रधान पाठक माध्यमिक विद्यालय को पदोन्नति प्रदान कर प्राचार्य बनाया था। दरअसल प्राचार्य प्रमोशन को लेकर हाईकोर्ट में कई याचिकाएं लगी हैं। एक मामला 2019 से जुड़ा हुआ है, जबकि दूसरा प्रकरण 2025 और बीएड-डीएलएड से जुड़ा है।

# रात एक बजे बार में छापा, पुलिस के सामने नशे में धुत लड़कियां लगाती रहीं ठुमके



**बिलासपुर।** शनिवार की रात एक बजे सीएसपी ने सिविल लाइन पुलिस के साथ हैवंस पार्क बार में छापा मारा। बार के अंदर बड़ी संख्या में युवक युवतियां नशे में चूर होकर डीजे में ठुमका लगा रही थीं। लड़कियां इतने नशे में थीं कि पुलिस के सामने भी नाचने लगीं, अधिकारियों ने बार मैनेजर व युवक युवतियों को बाहर निकालकर जमकर फटकार लगाई। हंगामा मचाने वाले युवक युवतियों पर हल्का बल का प्रयोग किया गया।

7 जून की रात 1 बजे सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व में सिविल लाइन टीआई एसआर साहू व स्टाफ ने टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित होटल हैवंस पार्क के बार में छापा मारा। बार के अंदर बडी संख्या में युवक युवतियां नशे में डीजे की धून में ठुमका लगा रही थीं। पुलिस को देखकर भी उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा, युवतियां पुलिस अधिकारियों के सामने भी नाचती ही रहीं। पुलिस अधिकारियों के ने डीजे बंद कराकर युवक युवतियों को बाहर निकाला और बार बंद कराया। बाहर में सीएसपी श्री परिहार ने बार मैनेजर व नशे में धुत युवक युवतियों को जमकर फटकार लगाई। इस दौरान हंगामा मचाने वाले युवकों व युवतियों पर हल्का बल का प्रयोग कर शांत कराया गया। उसके बाद चेतावनी देकर उन्हें छोड़ा गया।

### रिवरव्यू में की गई जांच

सिविल लाइन पुलिस ने देर रात रिवरव्यू में दबिश दी गई। देर रात तक घूमने वाले लोगों को पकड़कर पूछताछ कर आरडीडी से पहचानकर जांच की गई। रात्रि में अशांति फैलाने वाले व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। इसी तरह 3 स्थाई वारंटी व एक गिरफ्तारी वारंटी को पकड़ा गया है।

### लाइसेंस निरस्त करने भेजा जाएगा पत्र

देर रात हैवंस पार्क बार में छापा मारा गया था। मैनेजर को कड़े शब्दों में समय के बाद बार नहीं खोलने की हिदायत दी गई। लाइसेंस का उल्लंघन करने पर बार का लाइसेंस निरस्त करने आबकारी विभाग को पत्र भेजा जाएगा।

**निमितेश सिंह परिहार** सीएसपी सिविल लाइन

संजीवनी
कैंसर केयर हॉस्पिटल
WE Welcome TO OUR TEAM
डॉ मौ रॉय
Ms, M.Ch. (Surgical Oncology)
Clinical Director Sanjeevani Group of Hospitals, Senior Cancer Surgeon - 22 Years Experience
डॉ विकास अग्रवाल
MBBS, DrNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
Senior Cancer Surgeon with 11+ years of overall experience
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर, 7389904010, 07714081010

ST., SC., जिन्दाबाद, ST., SC., जिन्दाबाद, ST., SC., जिन्दाबाद, ST., SC., जिन्दाबाद, ST., SC., जिन्दाबाद, ST., SC., जिन्दाबाद,
रायपुर चलो! ST/SC जिन्दाबाद! रायपुर चलो!! ST/SC जिन्दाबाद!! रायपुर चलो!!! ST/SC जिन्दाबाद!!!
आमंत्रण
संवैधानिक हक अधिकारों के लिए राज्यव्यापी विशाल धरना प्रदर्शन
दिनांक -11 जून 2025
धरना स्थल - तूता, नवा रायपुर (छ.ग.)
भारत का संविधान
छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रस्ताव पर सर्व अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के समाज प्रमुखों द्वारा आमसभा के निर्णयानुसार संवैधानिक मांगो के समर्थन में राज्यव्यापी विशाल धरना प्रदर्शन राजधानी रायपुर में 11 जून 2025 को रखा गया है। जिसमें प्रमुख रूप से छ.ग. अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी, कर्मचारी संघ (अजाक्स), छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ एवं सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न अजा, अजजा समाजिक संगठन एवं अधिकारी कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर अपील है कि सभी अपनी उपस्थिति अधिकाधिक संख्या में दर्ज कर संवैधानिक जागरूकता का परिचय देंगे।
प्रमुख मांगें:-
1. अनुसूचित जाति, जनजाति वर्गों के लिए पदोन्नति में आरक्षण नियम 5 को पुनः अधिसूचित करना एवं मान. सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश 01.05.2023 एवं 24.02.25 को पदोन्नति में तत्काल लागू करवाना।
2. अनुसूचित जाति, जनजाति, व पिछड़े वर्गों के बैकलाग पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान की कार्यवाही करवाना।
3. जनसंख्या के आधार पर अजा जजा आरक्षण का निर्धारण एवं जिला व संभाग स्तरीय / स्थानीय भर्ती आरक्षण पर अधिनियम बनाने की कार्यवाही।
4. राज्य में आरक्षित वर्गों के छात्रवृत्ति के लिए 2011 से निधारित 2.50 लाख आय सीमा को समाप्त करवाना।
5. फर्जी जाति प्रमाण-पत्र धारितों पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही शीघ्र करवाना।
6. जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया का सरलीकरण करवाना।
7. अनुसूचित जाति, जनजाति उपयोजना (निधियों का निर्धारण, आबंटन एवं उपयोगिता) बजट अधिनियम बनवाना।
8. छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 के प्रावधानों का शत प्रतिशत लागू करवाना।
9. 5वीं अनुसूची क्षेत्रों की 85 विकास खंडों में स्थानीय प्रशासन का पेसा कानून के तहत् प्रभावी क्रियान्वयन करवाना।
10. छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत अजजा की भूमि अंतरण प्रतिबंध में पट्टा को शामिल नहीं करने जारी परिपत्र दिनांक 17 अगस्त 2016 को तत्काल निरस्त किया जाय।
-:: विनीत ::-
छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज
छत्तीसगढ़ सर्व अनुसूचित जाति समाज
छत्तीसगढ़ प्रदेश उरांव समाज
अखिल भारतीय बौद्ध महासभा
सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग
छत्तीसगढ़ प्रगतिशील सतनामी समाज
छत्तीसगढ़ प्रदेश कंवर समाज
सतनाम धर्म महासभा
छत्तीसगढ़ प्रदेश संवरा समाज
छ.ग. घासी, घसिया, सहिस, सारथी समाज कल्याण समिति
छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड महासभा
गोंडवाना समाज समन्वय समिति बस्तर संभाग
अखिल भारतीय हल्बा समाज
सूर्यवंशी महासभा छत्तीसगढ़
अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, जिला गरियाबन्द

मित्तल हॉस्पिटल
रायपुर - भिलाई
कैंसर संबंधित सम्पूर्ण उपचार
आधुनिक मशीनों के द्वारा रेडिएशन थेरेपी (कैंसर सिंकाई) की सुविधा उपलब्ध
रायपुर में VARIAN HALCYON
भिलाई में VARIAN UNIQUE
आयुष्मान एवं BSKY-BIJU कार्ड से निःशुल्क रेडियेशन, कीमोथेरेपी एवं रहने की व्यवस्था
● रेडियो थैरेपी ● कीमोथेरेपी ● कैंसर सर्जरी ● मेडिकल एवं हिमेटो ऑन्कोलॉजी
रायपुर: अवंति बाई चौक, पंडरी 9343079151, 91313 99570
भिलाई: टी.आई. मॉल के पास 7722880844, 0788-2294440
Deepak Ad./101

उर्मिला मेमोरियल सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
200 बिस्तरों का सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल
UMH आयुष्मान भव:
24x7 आपातकालीन सुविधा
पेट, लीवर एवं आंत रोगों का विश्वसनीय चिकित्सा संस्थान
GERD
• छाती में दर्द • भूख में कमी
• एसिड का ऊपर आना • गैस ज्यादा बनना
• बार-बार डकार आना • खाना न पचना
• सूखी खांसी आना • मुंह में कड़वा स्वाद
Pro. Dr. Vinod Kumar Singh
Consultant Laparoscopic Surgeon
17 Years of Experience in advanced laparoscopic Surgery & Surgical Gastroenterology
मूत्र रोगों हेतु निःशुल्क मूत्र प्रवाह जांच 9 जून 2025
लीवर की निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच 12 एवं 26 जून 2025
पेट रोगों हेतु निःशुल्क इंडोस्कोपी जांच 14 एवं 28 जून 2025
ALL TPA, INSURANCE, SECL, RAILWAY, AIRPORT, NTPC, CG STATE & CENTRAL GOVT., CSEB
नहर रोड, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.)
मो.: 0771-4088820, 9109125524, 95899 56859

SHREE RAM MULTI SPECIALITY HOSPITAL
लोक: समस्त सुखिनों भवन्तु
70 बिस्तरीय हॉस्पिटल
उच्चस्तरीय क्रिटिकल केयर और ट्रॉमा सेंटर
FACILITIES:
• जनरल मेडिसीन • जनरल सर्जरी
• प्रसूति एवं स्त्री रोग • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी
• बर्न एवं चोट • यूरोलॉजी • नेफ्रोलॉजी • पीडियाट्रिक
• गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी • नाक, कान, गला • डेंटल
• फीजियोथेरेपी • ऑप्थल्मोलॉजी • कैंसर
• कीमोथेरेपी • कैंसर सर्जरी
24x7
आपातकालीन सेवा, ट्रॉमा सेंटर एवं गंभीर मरीजों का उचित देखभाल
आपातकालीन के लिए
8404 8404 79
CSPDCL कर्मचारियों के लिए कैशलेश। आयुष्मान योजना द्वारा निःशुल्क उपचार
Near Railway Under Bridge, Basant Vihar Gate No. 1, Gondwara Chowk, Gudhiyari, Raipur (C.G.)
Phone : 0771-4343161, 4340162, Email : shreeramhospital.op@gmail.com
website : www.srmhraipur.com

श्री रावतपुरा सरकार हॉस्पिटल
SRIMSR
24x7 आपातकालीन चिकित्सा उपलब्ध
1000 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
मोतियाबिंद का निःशुल्क उपचार
निशुल्क डिलीवरी की सुविधा
ESIC एवं आयुष्मान कार्ड से सभी सर्जरी का निशुल्क ईलाज
उपलब्ध विभाग
जनरल मेडिसीन विभाग, जनरल सर्जरी विभाग, दर्द निवारक विभाग, छाती एवं श्वास रोग विभाग, चर्म रोग विभाग, मनोरोग विभाग
स्त्री रोग विभाग, शिशु रोग विभाग, न्यूरो विभाग, कैंसर रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, गैस्ट्रो रोग विभाग
हड्डी रोग विभाग, गुर्दा एवं मूत्र रोग विभाग, नाक, कान व गला रोग विभाग, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
11 माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर की सुविधा
60 बेड का क्रीटीकल केयर यूनीट (ICU)
डिजिटल एक्स-रे की सुविधा
सोनोग्राफी की सुविधा
पैथोलॉजी एवं ब्लड बैंक की सुविधा
24 घंटे एंबुलेंस एवं मेडिकल की सुविधा
32 Slice सीटी स्कैन की सुविधा
10 बेड डायलिसीस यूनिट की सुविधा
इमरजेंसी हेल्पलाइन नं. 0771-2998801, 9109988506
नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)
Khanna

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कास्मेटिक सर्जरी सेंटर
सफ़ेद दाग (ल्यूकोडर्मा) का लेसर द्वारा ईलाज
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विभाग
हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग • मेडिसीन विभाग
मैक्सिलोफेशियल सर्जरी एवं मुंह के कैंसर रोग विभाग
शिशु रोग (सर्जरी) विभाग
टेढ़े मेढ़ दांत व दंत रोग विभाग
स्त्री एवं प्रसूति विभाग • कैंसर रोग विभाग
मस्तिष्क एवं स्पाईन रोग विभाग
गुर्दा एवं मुत्र रोग विभाग
शिशु रोग विभाग • गहन चिकित्सा विभाग
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
नाक, कान एवं गला रोग विभाग
INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

# भाजपा नेत्री ने किसान को पीटा मामला पहुंचा थाने

**कोरबा।** एक भाजपा नेत्री द्वारा एक आदिवासी किसान के साथ अभद्रता कर मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इस मामले में रविवार की देर शाम पीड़ित युवक ने भाजपा नेत्री के खिलाफ मामले की लिखित शिकायत की है जिस पर पुलिस ने भाजपा नेत्री के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। मामला बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र का है। बताया जाता है कि बांकीमोंगरा निवासी भाजपा नेत्री ज्योति महंत द्वारा एक आदिवासी किसान बलवंत सिंह कंवर के साथ की गई अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया था। जहां साइड देने को लेकर दोनों में कहासुनी हुई थी और बाद में भाजपा नेत्री ने कार से उतरकर दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत बरेलीमुड़ा निवासी बलवंत सिंह की बांकीमोंगरा थाना परिसर के समीप जमकर पिटाई की थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

mahindra Rise
SPORT UTILITY VEHICLES
ALL THE SAFETY YOU WANT & MORE
5-STAR SAFETY RATING
BHARAT NCAP
Adult Occupant Rating
Child Occupant Rating
BENEFITS UPTO ₹ 80 000.00*
XUV 3XO
DISCLAIMER: CREATIVE VISUALIZATION. FOR ILLUSTRATIVE PURPOSE ONLY. *T&C APPLY. THE SCHEME IS APPLICABLE ON SELECT VIN2024 & VIN2025 MODELS
RALAS MOTORS: RAIPUR, BALODA BAZAR, MAHASAMUND, SARAIPALI - 7290057246, SHIVNATH AUTOMOBILES: BHILAI, RAJNANDGAON, BALOD, KAWARDHA, BEMETARA - 7290057248, SHIVNATH MOTORS: RAIPUR, GARIABAND - 9667947878, RALAS AUTOMOBILES: DHAMTARI, KANKER, KONDAGAON - 7290057247, BR BALAJI LLP: JAGDALPUR, SUKMA, DANTEWADA, BIJAPUR - 8448989091

हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com